इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का स्वागत करता हूं।

**श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा** (कोडरमा) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार प्रान्त में जो यह खुदाबक्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी है, यह प्राचीन इतिहास का एक बहुत बड़ा खजाना है। इस लाइब्रेरी की स्थापना खुदाबक्श साहब ने अपने व्यक्तिगत प्रयत्नों के द्वारा संग्रहीत पुस्तकों से की है और करोड़ों रुपये की दुर्लभ साहित्य की पांडुलिपियों को अक्षुण्ण रखा है। इस लाइब्रेरी को 1969 में भारत सरकार ने.......

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Verma, you can continue tomorrow. Let us take up the next item.

**15 hrs.**

Discussion re situation arising out of reported conspiracy by separatist elements against the integrity of the country—*contd*.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now the House will take up further discussion on the situation arising out of the conspiracy by separatist elements against the integrity of the country. Mr. Samar Mukherjee.

SHRI. SAMAR MUKHERJEE (Howrah) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, this is a very important subject...

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur) : Where is Mr. Zail Singh ? He is not here when such an important issue is being discussed ! (*Interruptions*)

SRRI R.L. BHATIA (Amritsar) : He is coming now. He will reply to everything. Don't worry.

**15.01 hrs**

(MR. SPEAKER *in the Chair*)

**श्री रामविलास पासवान** (हाजीपुर) : स्पीकर साहब होम मिनिस्टर साहब को बुलवाइये। ज्ञानी जी का पता नहीं है। **(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय** : मैं बुलवाता हूं।

**(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय** : वह आ रहे हैं। आप बैठिये।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (नई दिल्ली) : अध्यक्ष जी, अगर उन्हें कुछ देर लग गयी है तो वे सदन से माफी मांग लें। वे गृह मंत्री हैं। बड़े व्यस्त होंगे।

**श्री मनीराम बागड़ी** (हिसार) : मैं एक बात जरूर कहूंगा कि ज्ञानी जी को सदन से माफी मांगनी चाहिए। ज्ञानी जी की आदत है कि वे सीरियस बात को भी हंसी मजाक में करते हैं। ऐसे नहीं होगा। आपने इसे मजाक बना रखा है। **(व्यवधान)**

**गृह मंत्री (श्री जैल सिंह)** : ये चाहें तो मैं माफी मांग लूं।

**अध्यक्ष महोदय** : आप बैठिये। श्री समर मुखर्जी।

SHRI SAMAR MUKHERJEE : We are discussing a very serious subject involving threat to the integrity and unity of our entire country. The issue of Khalistan should not be looked at in isolation from the conspiracies which are going on now throughout the country to bring about destabilisation, particularly in the border areas and north- east India.

The slogan of Khalistan and the actions after raising the slogan have proved that there are organised forces behind the slogan and those forces are not simply internal forces but there are external forces as well. We have repeatedly said that behind the separatist and secessionist agitations which are going on in our country there is a link with foreign power and particularly, the imperialists.

Khalistan State has already been proclaimed. They have announced the Government. I will show you the currency of the Khalistan Government. This is a dollar currency. It is from Canada. It has been posted from Canada to Comrade Harkishan Singh Surjeet, who is our MP. The stamp is a Candian stamp. Here is their letter-head—Republic of Khalistan, Office of the Consul-General, Johnston Building, Suite 1-45 Kingsway, Vancouver, B.C. Canada V5T3H7, Phone No. 872-321.

You know the main sponsor of the slogan is a person who presided over the Sikh Education Conference, Mr. Ganga Singh Dhillon. He is a citizen of America, he is not an Indian citizen. From that Education Conference a group raised the slogan of Khalistan. It is not that the slogan started from that conference. Beforehand preparations were on. Subsequently you have seen what dramatic developments have taken place—the murder of Jagat Narain, the hijacking of a plane and one Sant suddenby became so famous who directly welcomed

the hijacking and the murder and the Government of Punjab was so weak-kneed that they hesitated to take action against him, though after much shouting and much pressure he was arrested. But afterwards he was released dramatically. I got the report that when he was released, the Chairman of Delhi Gurdwara who is a Congress(I) went to receive and welcome him. His name is Shri Santokh Singh.

AN. HON. MEMBER : For him an Ordnance was issued.

SHRI SAMAR MUKHERJEE : It is also a fact. The Sant was used in the election campaign against the Akalis by the Congress (I). So the encouragement is from the Congress(I) to this type of people who openly encouraging taking violent steps in favour of this separatist movement, the secessionist movement. The ruling party cannot absolve itself of its responsibility. (*Interruptions*). The Punjab Government failed to take stern action. It tackled the situation in a manner where these secessionist forces, elements, got full encouragement. After his release, the way the police resorted to firings killing twenty persons in Mehta Chowk showed that there were repressions after his arrest in some area i.e., in Chandu Kalan. There were Sikh extremists who attacked the Hindu shopkeepers in Taran Taran killing five innocent lives and no action was taken against the persons concerned by the police. The demand of the people was that an enquiry should be instituted against all those firings. But, nothing has been done. The murderers of Jagat Narain have not yet been apprehended. They are still at large.

The recent event was the one which happened day before yesterday, namely, the bursting of bombs. Three persons got killed. I read in the newspaper, that incident happened at 12-30 Noon but the police reached there after 3 or 3.30 P.M. The Superintendent was allowed at 6 P.M. Is there any Government existing in Punjab ?

So, the people have a doubt that the bomb was being manufactured and, in the course of making of it, it burst. I do not know what the actual reality is. If the people have a doubt, there is some justification for it. So, the situation in Punjab is now very serious. This Khalistan Movement is backed by foreign imperialists the parochial or secessionist force are getting some support among the students one group is Dal Khalsa, who champion the Khallistan Movement. I read this is to-day's paper. Also there is another group of Sikh Students' Federation.

They have constituted murderers' squads. The police is completely silent or helpless. The reply we got from the Government of India's State Home Minister, Shri Makwana in the Rajya Sabha—I have read that reply—shows that this Government is totally complacent in its attitude. He said that this Khalistan slogan had not got mass support. In Punjab I know that the Akali Dal have demarcated from this and said that they are not supporters of Kalistan slogan. In Calcutta the Sikhs denounced this after the plane hijacking incident, but the Akali Dal did not denounce this hijacking openly. That is also to be noted. They have some silent sympathy but they are not bold enough to openly denounce this. Still they have demarcated. We welcome this demarcation. But the issue is that the situation is deteriorating because communal outlook is brewing. In 1973 a Sikh conference was held at Anandpur where a resolution was passed. The formulation of the resolution was that Sikhs should be considered a nation. This theory that Sikhs should be considered a nation and they must have their separate identity or separate existence had been interpreted by the separatists/secessionists as the sanction of the entire Sikh community for Khalistan though the others are interpreting that this does not mean we will go out of India. It means only more autonomy for the State. But the theory is wrong.

Sir, you know in India the two-nation theory created havoc and ultimately India has been divided—Hindus as a nation and Muslims as a nation. Now, following that outlook this resolution has been passed. Similarly, the Christians will also make the same demand. So, when the basis of nationality becomes religion and agitation is conducted on that basis, then unity of India is not possible. The theory of RSS is the same theory. That the Hindus are a nation. Now, Jam it-e-Islami has also started their campaign that the Muslims are a nation.

Sir, this is a dangerous theory. Nows the Akali Dal is also behind thi' theory that Sikhs are a nation and as a nation they want to have their independent Statehood, separate identity and separate existence.

Sir, here in India the most democratic and principled outlook is absolutely essential

to fight the secessionist tendencies not only by administrative methods but also politically you have to fight because in India unlike other countries—excepting Soviet Union, China and some other countries—the composition of the population is of various nationalities, religions, linguistic communities and ethnic groups. They have their different languages, different habits, different customs and economically also development is very uneven. Now, because of the policy of the congress Government the country is more and more heading towards a crisis. Unemployment is increasing. Poverty is increasing. So, the tussle for jobs is intensified. Resentment anomg people is growing. What is the main factor for this increase of poverty. It is kept hidden. Feudal and Capitalist exploitation are the main reason for this economic wretchedness and miseries of the poor people in the villages. So, feudalism has to be abolished. Without taking recourse to that you cannot remove poverty. When the vested interests are trying to use methods of disruptive separatist tactics to put one section of the poor against the other. These things were utilised by the British people to divide us; Hindu-Mussalman riot was a weapon which the British people used to divide and to rule over us. We know all this, because, we have worked in the trade union movements. Whenever there is any joint struggle and movement by the working class, whenever the British rule found that they cannot put down the struggle of the working class by repressive measures alone, they always resorted to this method of dividing them rousing communal and caste feelings, and so on. This weapon is now utilised by the pro-imperialist forces and the vested interests who are very much active now.

Regarding the question of Assam, we know what the main weakness of this Government is. I have brought these question of foreign hands repeatedly on the floor of the House. What is their reply? They say they have no facts. can you believe this, that they have no facts on the question of foreign hands? Regarding Khalistan also they say, they have no facts. I have already read out to you certain news items and have pointed out to you where this Headquarter is situated, where from these things are emanating, and so on. But you do not have courage because you are seeking the IMF loan and you cannot antangonise the American Government.

Now, Sir, regarding Assam, myself and my colleagne Mr. Surjeet met the Home Minister Mr. Zail Singh. We got a report from Assam that there was a raid in relation to an attempt on one Police officer who was opposed to the agitationists. So, that officer was going to be killed. Centering that incident there was a raid on a den of the attackers where many arms were captured. Along with those arms many explosives and certain literatures were also captured. Those literatures have come from Thailand. In these Literatures it is stated how Assam is considered to be beyond the farthest end of India. There was also a map and these literatures came from Thailand, from Bangkok which is a C.I.A. Centre; there is a Well known Buddhist organisation there which is an agent of CIA. When we met the Prime Minister we asked her, why are you not giving publicity to all these things captured and who are behind these. Why should there not be proper publicity? Here lies the weakness of the Government. They don't come forward to fight the secessionist forces squarely.

In regard to the north-eastern region. particularly in Tripura, we all know the role of the Baptist Church. There is the Tripura Upajati Juva Samiti which was involved in many killings; they raised the slogan that Tripura should be liberated. They said that there should be a free, independent Tripura. Once you allow them to be under the influence of the Baptist Church apart from involved in conspiracies then certain emotional change takes place in them and they begin to think that they are not citizens of India but they are loyal only to the metropolitan country of their church. Similarly, take Muslim fundamentalism. It is known to everybody how foreign money is coming. There are the middle-East countries from where foreign money is coming. If they are successful in influencing the Muslims here, then, they will be able to influence their way of life, their thinking and their loyalty. They will be able to influence them to change their loyalty from India to some other Muslim centre outside the country. This is a very dangerous trend. And these forces are very active when Bhutto was hung the Jamiat-e-Islami elements were so happy that they distributed sweets in Kashmir at that time. These are the foreign forces who have got their agents inside and local vested interests have been co-operating with these secessionist forces. This is where the danger lies. It is very necessary that all democratic forces in India should be made conscious of the seriousness of the situation. The crisis is further intensified. The forces of

devisive secessionist movenents are raising their heads. In Gujarat even within the Hindu community, the riot took place. I visited Gujarat with Mr. Bhubesh Gupta—he is not presen tnow in this world—and there we got a report that a huge amount of money was being spent to organise this kind of movement against Schedule Castes, against the reservation policy. Now, where from this money is coming? We do not know. We met the Chief Minister and leaders of various partes. We were told that some Cangress-I party members were involved in this. They accused that Jan Sangh is a party to this riot. But they had admitted that a section of Congress-I Party is also a party to this riot. Nowadays all vested interests are utilising these forces. Our point is that our fight should be an all-round fight. We talk about secularism. But whenever elections come, we use casteism, communalism and all types of parochial outlook come to play to gain votes. So, they get encouraged and that is why we cannot fight these secessionist and separatist tendencies and because of extreme economic crisis, money is becoming a big factor; money plays a very big role to win over the people for mobilising these secessionist demands.

My point is that there are genuine grievances both of the people of Punjab and the Akalis. It is very good that the Prime Minister is meeting their delegation and they have agreed to stop their so-called religious war—'Dharma Yudh'. This shows how communalism is spreading. They have declared 'Dharma Yudh' which means that they seek to have the religious fight as sikhs so Hindus also will rally under R.S.S. and will start similar fight as Hindus and in punjab thus communal riots will grow and develop. These are very dangerous things and unless Government intervenes and curbs it and timely sense of sobriety is restored, the unit of India will be in peril. The grievances of all nationalities, sub-nationalities and ethnic groups must be attended to and they should be helped in all possible ways. In undeveloped areas, the danger is bigger than in developed areas. In West Bengal, because our democratic and left movements are very strong, this type of secessionist forces are very weak. There, though they tried several times, they have failed to organise riots. But in other States, the ruling party and many other political parties utilise casteism and communalism to gain votes, though they talk about secularism outside in the platform. That is why democratic consiousness and of secularism must be inculcated throughout the country and the ethnic groups, subnationalities should be given their full democratic rights for which they are fighting. That is why we want that more autonomy should be given to the States. There are big regions where a particular ethnic group has their contiguity in residence, separate culture and separate economy. There regional autonomy should be granted.

Now, in Tripura a separate District Council Election is taking place in this month. They are going to enjoy their autonomy. Similarly it is there in Darjeeling. The West Bengal assembly has passed a resolution unanimously supporting legitimate demand for autonomy for the Nepali speaking people in Darjeeling. But I am sorry to mention that our Chief Minister has sent a letter to the Prime Minister drawing her attention to a report that Sikkim Chief Minister encourage the slogan of separate Darjeeling State and some disruptive forces are behind it. Once Darjeeling is separated, the demand will be that it should be merged with Nepal. It will go out of India. But an overwhelming majority of the people there are opposed to this so the attention of the Prime Minister has been drawn by the Chief Minister of West Bengal Government that Sikkim Chief Minister has encouraged this idea. Whether it is a fact or not, I do not know. But this secessionist tendency is growing. That is why we must be very careful. The Punjab Government must be courageous enough to tackle this situation and they should not show this type of backbonelessness which they are now showing.

Shri R.S. SPARROW (Jullundur) Mr. Speaker. Sir, the situation arising out of the conspiracy by separatist element against the intergrity of the country being discussed on the floor of the House The previous speaker has brought out various angles that concern this particular subject and in certain cases he has highlighted certain aspects which I accept concern the country as a whole and I and my party stand by them.

This question does not only bring the Khalistan issue that has been drought into limelight lately in the press and outside the press, but these sparatist type of tendencies have sometimes sprouted in cartain other regions also namely the northrneasteside of India. It is a serious matter and there should be no doubt about it. Any-one who thinks about visecting India is playing a foul with the total homogeneity of my beloved country. No nonsense

could be stood in such a contest. I know the views of all of you, of all the parties; I know that we all fought wars together; I know the inner minds of the people at large, who stand for India, for unified India. If in any form or manner this type of question is brought in, I am afraid, it is not in tune with the progressive and cyclic ascendancy for which India stands. Since the question has been touched upon, I feel it my bounden duty to bring about a few observations that I have been able to collate, collect and digest. We do not stand for the vivisection of India, I am quite certain, I am certain about it for one big reason that even at the time of the top test, of the severe test of having to go into battles for the integrity of my country, everybody, all Jawans belonging to different religions, different regions of India stood together—Hindus, Sikhs, Christians, Muslims and other all stood together. I have seen them well enough. That shows very clearly as to what is the bent of mind of the people at large.

In so far as the splinter and a little aberration that may upset our get-together are concerned, these have naturally to be dissected, understood and explained. I stand to make an effort bring in one or two words on that particular subject. I take the question of Khalistan.Khalistan, if I may say say, coccerns whom. It has been said that Khalistan question is being mooted by Sikhs. That is what has come down. Is it a fact that Sikhs are asking for Khalistan? May I put a correct picture as to what really is the case ? Ethically, geographically and historically Sikhs are part and parcel of India as a whole. I must explain this to you Sikh Gurus, who brought about and brought in Sikh religion—What was their attitude,—let us for a moment, cast our eyes to historical facts only. They were tortured; they made glorious sacrifices. And for what was that? For maintaining the civilisation, the culture and the homogeneity of India—Mother India—as a whole, not in one exclusive place, And they gave proof of it. What is the. proof of it? That proof was in their shrines. See their shrines, their travels, their preaching centres, their Takhts. I take you to the North-West of India, as my friends, who come from that region will bear me up. Farooqji is there. My other friends are there. Namgyalji is here. Go to North-west India. In Srinagar, Chhati Padshahi Gurudwara, which is a shrine of major importance to all Sikhs, is there. I skip Punjab for a moment. You come further east. You meet Ponta Sahib. You come to Delhi, you see Sisganj, you see Rakabganj, you see other holy places which are worshipped by us day and night. You start moving further East. You go to Dehra Dun, you go to Mittharetha Sahib, you go to Gobind Ghat, you go to Hemkund in Uttar Pardesh. You start moving further East. You go to Patna Sahib, where Guru Gobind Singh was born and lived and Ninth Padshah Guru Teg Bahadur spent 12 to 15 years in that region and that Takht is there. You start going south-south and East. towards Gauhati. You find the same thing. You go down to Hira Ghat; you go down to Hazur Sahib in Andhra Pradesh. And, Sir, they are all these holy places of my Gurus. Some one asked me what is your Homeland. I said Sikhs Homeland is India as a whole. It is not one small place.

One thing more. Just see the pattern of it. The Sikhs' culture' the Sikhs, history, the Sikhs, way of dealing with India as a whole. Guru Gobind Singh Maharaj Sabon Kala Sampoorn, Tenth Guru, Selected Panch Pyaras, five best brothers and beloved ones with tests. I do'nt want to go into any detail. I just want to point out to you. Do you know who were the Panch Pyaras ? One Panch Pyara hailed from Orissa, Puri the second one hailed from Dwarika, Gujarat ; the third one from a good Centre of our civilisation, Mathura ; Uttar Pradesh ; and the fourth one from Delhi and the fifth one from Lahore, Punjab. Yes. Correct. Just see the pattern of it, India, Bharat, not in a vivisected form and people want to vivisect us. Yes, Sir, they would wish to. This is the pattern all over the world today that it is better to have smaller type of nations. It may be Siera Leone, Gold Coast, Congo, Katanga, Nigeria, Biafra, Uganda, Ethiopia, Somalia and so on and so forth. There should be no other super-except some super powers that exist. All of them are crazy on that point and of course, they also envy us. So I am not surprised when you find some foreign elements or foreign-aided elements wrongly converted elements, agents, money hungry call it what you may who put their finger in the pie in the worng manner. This we are not going to withstand, no such nonsense is to be tolerated that way.

My Hon. Friend Samarji sopke about Dr. Jagjit Singh. He spoke about law and order and so on and so forth. Yes, we remember that. History is very fresh. I know that gentleman had audacity and means. *Who is he ? He was with me at* one time. He was with me in Punjab Vidhan Sabha. Incidently he worked under

me also. Yes Sir, I at that time had a hand of having to get him the promotion of Deputy Speaker also. But one understands the kind as you give the tests and lo and behold at the time when we fought the bitter Indo-Pak war 1971, Lo and behold that gentleman not only comes as one man No—A chartered plane takes off from Heathrow Airport, London ; lands at Lahore. And our children, our kinsfolk are fighting battles, spilling blood and sweat and doing welland that man stands before the television set. This is history marked everywhere, the world over he stands before the television camera, and do you know what he says ? He shakes a bunch of keys "My dear Sikh brethern on the other side, you start thinking of working with Pakistan. This is the bunch of keys for Nankana Sahib Gurdwara as also Panja Sahib Gurdwara. You should aid these people." Samar Mukherjee, Sir, I want to point out one thing for your kind information. When Janata Party was in power, that reasonable man, who wanted to let down his own mother country, that treasonable man full of espionage, was allowed to come back to India and move about free. Did you raise your finger at that time ! Were you not backing up Janta Party at that time ? I would like to know this.

And incidently you brought in the name of my friend, Harkishan Singh Surjeet. We both met him Dr. Jagjit Singh, then in Vidhan Sabha lobby in Chandigarh, masquarading and moving around and no one looked at it. And of course, this is how it went on. So, let us not throw ny kind of mud on each other. I am not for that at all. Let us play the ball correct. We are not going to hit anybody below the belt; Neither you nor we. But the facts have to be facts and we must face them manfully. That is my plea. So. we should not stand any such nonsense on law and order. Any one who does something wrong we should effectively deal with him. I fully have faith in the present Government, Indira Gandhi's Government, the Home Minister and his tentacles down below. Problems will be dealt with properly. Everything is being dealt with and in future will be dealt with adroitly, thoughtfully and effectively. There should be no doubt about it.

Yes, slips can be there. Sir, we are human-beings. There can be slips. Some odd officers or some sort of little tentacle sometimes may make slips. Thing are not that straight. I know. A few can sometimes flabbergasted. All are not highly trained. I can pass it on to you for whatever it is worth. Our country's machinery. our bureaucracy, our leadership is not all that fully toned up. I know. But we are a developing country and we are muddling through it beautifully well, so long as we do not throw mud on each other in a wrong way. Mistakes, criticisms are most welcome. Why should it not be there? So. this much, Sir, I have to point out to you in relation to what is happening in today's circumstances and conditions in India and in relation to these types of people who want to upset the balance of our working through creating one type of fissure, one sensation or the other.

I would now like to say something for the information of my own Sikh brethren, and also to others, about the viability of of type of thing which anyone who thinks in terms of Khalistan, or some kind of a miniature sized, sepratist State must remember. To-day, 49% of the total population of Punjab which has twelve districts, is Sikh and 51% consists of the rest, viz. Hindus, Harijans, Christians and others. Out of the total population of Sikh in India the Sikhs who live outside Punjab constitutes 37 per cent of them. So let us see the pattern of it. The spread of Sikhs in the total population of India is something like that. You may check this up later on. But this is how I have checked upthings. and collated. In Punjab the ratio of Sikhs vs others is 49 : 51. Even within this may I talk to my own brethren as to what is the exact situation? Suppose as has been alleged by people here and there that some of the Sikhs want to have Khalistan the situation in Punjab is this: suppose that out of the twelve districts as per correct share Sikhs get six districts. Even there the situation is that amongst all Sikhs there are different types of Sikhs. There are Congress (I) Sikhs there are Sikhs of other parties and there are Namdhari Sikhs Sehajdhari Sikhs Nirmala Sikhs. Ra Sikhs and Udass is Sikhs etc. All of them do not want Khalistan. Besides these there are the vast number of Akalis who don't want it either. It means that even supposing that a small splinter group of Sikhs still wishes to have Khalistan is it going to have Khalistan of half a district I am talking only about the viability of Khalistan It is not going to be Viable, buit only to a madcap who possibly will run a little beserk shouting in the streets " I am going to have Kha-

istan." That is what some of these boys are doing. It may be politically-motivated-internally or Internationally. It may be foreign-aided, or it may be a thing simply out of a warped mind. that possibly is the concept of the people who think in these terms.

**श्री गिरधारी लाल डोगरा ( जम्मू )** : जनाबेवाला, मुझ से पहले कामरेड मुकर्जी और जैनरल स्पारो साहब ने भाषण दिये हैं। उन्होंने बहुत अच्छी बातें कहीं हैं। लेकिन मैं आप के जरिये एक बात अर्ज़ करना चाहता हूं। मुखर्जी साहब ने फरमाया कि हमारे यहां सिर्फ पंजाब में ही खालिस्तान का स्लोगन नहीं है, बल्कि मुल्क के मुख़तलिफ़ हिस्सों में इस तरह की डिसरप्टिव आवाजें उठ रही हैं, इन से हमें होशियार रहना चाहिये, उनका हमें मुकम्मिल इलाज करना चाहिये। मैं उन से पूरी तरह से मुत्तफिक हूं, हालांकि उन्होंने कुछ बातें ऐसी कही हैं जिन से मुझे इख्तिलाफ़ है, लेकिन जो बुनियादी बातें हैं वे दुरुस्त हैं। मैं भी इस सिलसिले में यह कहना चाहता हूं कि हम को एक बात का ख्याल रखना चाहिये कि दुनिया के अन्दर दो किस्म की ताकतें इस वक्त काम कर रही हैं —एक वे हैं जो जंग चाहती हैं और दूसरी वे हैं जो अमन चाहती हैं।

अमन चाहने वाले लोगों में, अमन चाहने वाले मुमालिक जो हैं, उन में हिन्दुस्तान एक ऐसा मुल्क है, जहां मेरा ख्याल है कि कोई भी पौलीटीकल पार्टी हो और खास कर यहां की गवर्नमेंट, यहां की बड़ी बड़ी पार्टियां जो हैं, वे अमन पसन्द हैं और अमन चाहती हैं और अमन के लिए काम करती हैं क्योंकि हिन्दुस्तान अमन का एक किला है ।

मैं आप को बताऊ कि चन्द दिनों के लिए मैं स्केन्डीनेवियन कन्ट्रीज गया था और मुझे लन्दन जाने का और मास्को जाने का भी मौका मिला। वहां पर लोगों से बातें करने पर पता चला कि वे हिन्दुस्तान से यह तवक्को करते हैं, इन्दिरा गांधी जी से यह तवक्को करते हैं जो जंग आने वाली है और जो बहुत खतरनाक होगी, वे इस को रोके। वे जंग के खतरे को हम से ज्यादा जानते हैं। थोड़ा सा हम भी जानते हैं और आप पंजाब के रहने वाले है इसलिए आप भी जानते हैं। हम जम्मू व काश्मीर में रहते हैं और हम ने जंग को देखा है वे चाहते हैं कि हिन्दुस्तान ही इस जंग से लोगों को बचाए और वे ऐसा सोचते हैं कि यहां की गवर्नमेंट, यहां की लीडर श्रीमती इन्दिरा गांधी ही इससे दुनिया को बचाएंगी। इसलिए सब मिलकर कोशिश करें इस अमन के लिए, दुनिया के अमन के लिए जो आवाम अमन चाहती है वह हमारी तरफ देखती है और जो अमन के खिलाफ हैं वे भी हमारी तरफ देखते हैं क्योंकि हम अमन के लिए कोशिश करते हैं। हम भूल नहीं सकते कि कितने हम पर हमले हुए हैं और उन हमलों में किस तरह से दुश्मन ने हम को मुख्तलिफ किस्म के नुकसान पहुचाने की, हम पर काबू पाने की और हम को फ़तेह करने की कोशिश की मगर हमारी एकता इत्तिहाद ने उस का सही जवाब हमेशा दिया और चाहे जम्मू व काश्मीर था, चाहे पंजाब था, चाहे नार्थ ईस्टर्न स्टेट्स थीं और चाहे बंगाल था, जहां कहीं भी लड़ाई लड़ी गई, हम अपने इत्तिहाद, अपनी यूनिटी से इस काबिल बन गये कि दुश्मन को डिफीट कर पाएं और उस को कामयाब नहीं होने दिया ।

एक बात मैं यह और कहना चाहता हूं कि तमाम हिस्ट्री को मदेनज़र रखते हुए, नार्थ ईस्टर्न स्टेट्स में और हमारे पंजाब में भी और जम्मू व काश्मीर में भी, कुछ ताकतें तेज़ी से इस बात की कोशिश हमेशा करती हैं कि जरुरी तौर पर उन को कुछ ऐसे एलिमेंट्स मिल जाएं, जो उनके हाथ में खेलें । अब सवाल पैदा होता है कि खालिस्तान का जो नारा है, वह क्या है । इसको समझने के लिए यह जरुरी है कि हम पहले, खालसा का जो वजूद अमल में आया उससे पहले जो सिख हैं उन का जो एतकाद है, उनकी जो आइडियोलाजी है उस को समझें, उन के धर्मशास्त्र को समझें, तब जाकर हम सही नतीजे पर पहुंच सकते हैं । हम देखें कि पंजाब एक पुरजोर प्रांत रहा है अनडिवाइडेड पंजाब भी और उसके बाद जो हमारी हिन्दुस्तान का पंजाब है, वह भी । उसमें सब से बड़ी ताकत, मेरे ख्याल के मुताबिक, जो थी, वह गुरु ग्रन्थ साहब की

थी, गुरुबाणी की थी और यह गुरु नानक की देन थी पंजाबियों को । उनके बाद जो उनके सक्सैसर (बाद के) गुरु हुए, उन्होने हमारी जो इनटेग्रेटेड हेरिटेज थी, स्प्रीचुअल, कल्चरल और जितनी भी हमारी टीचिंग्स थी और सूफियों की भी जितनी टीचिंग्स थी, उन सब को इनटेग्रेट करके और उन में से बेहतरीन बातें निकाल कर एक लोगों की जुबान में रखी और वे केवल हर पंजाबी के लिए ही नहीं बल्कि पंजाब के बाहर के लोगों के लिए भी थी जैसा कि जनरल साहब ने फरमाया कि उन्होंने यूनिवर्सल टीचिंग्स इन्सानों के सामने रखीं । वे आसाम गये, वे गये साऊथ, वे गये वेस्ट और वे गये ईस्ट और हर जगह जाकर नार्थ में तो वे थे ही, उन्होंने इन सब बातों को लोगों के सामने रखा । हर जगह जाकर उन्होंने अपने गुरुद्वारे बनाए, हर जगह आश्रम बनाए और एक युनिटी का सबक उन्होंने दिया, एकता का सबक दिया । पंजाब के अन्दर जिस वक्त तक खालसा का वजूद नहीं अमल में आया था उस वक्त तक सब लोग चाहे हिन्दू हों या मुसलमान, सब उनको अपना गुरु मानते थे और आज भी मानते हैं । गुरु ग्रन्थ साहब की टीचिंग्स सिख तो मानते ही हैं मगर नान-सिख भी मानते हैं और उन के दिखाये हुये रास्ते पर अमल करने की कोशिश करते हैं । जो सिखों के 10 गुरु हैं, उनको वे भी अपना गुरु मानते हैं सिखों के जो गुरु हैं, उन की जो टीचिंग्स हैं, उन को सिख तो मानेगें ही लेकिन इन की वाणी से बाकी लोग भी इंस्पीरेशन लेते हैं ।

पंजाब के अन्दर आज बूढ़ी से बूढ़ी और जवान से जवान औरतें भी गुरुबाणी में ही प्रार्थना करती है । फरीद के कलाम की, कबीर की बाणी की, हमारे दूसरे शास्त्रों को भी वहां आप गुरुबाणी में पायेंगे ।

गुरु गोबिन्द सिंह जी ने जो खालसा बनाया, सिख फोर्स बनायी, वह किसलिए बनायी थी ? वह फोर्स उन्होंने अपने लिए नहीं बनायी थी। उन्होंने यह फौज अपनी जनता के लिए, अपने मुल्क के लिए बनायी थी। उन्होंने वह फोर्स चन्द आदमियों के लिए नहीं बनायी थी। उन्होंने बचपन में ही अपने पूज्य पिता को प्रेरणा दी कि वह देश के लिये और देश वासियों के लिये अपना बलिदान दें । उनके बच्चे दीवार में चीनवा दिये गये। उन्होंने अपनी सारी जिन्दगी लोगों को अर्पण कर दी । वे सारी जिन्दगी अपने लोगों के लिए, इस देश को इकट्ठा रखने के लिए लड़ते रहे। आज कोई भी सच्चा सिख उनका नाम लेकर कैसे इस देश के टुकड़े करने की बात कर सकता है । मैं यकीन के साथ कहता हूं कि सिखों के नाम पर, जो सही सिख है, वह डिसरप्शन को स्पोर्ट कर सकता है अथवा इस तरह की बात वह सोच भी नहीं सकता। गुरुबाणी एक यूनिवर्सल मैसेज है । वह हिन्दूस्तान के हर हिस्से, हर तरफ, हर दिशा में उसका प्रभाव है । उसके फोलोअर इस तरह की बात नहीं कर सकते । गुरु गोबिन्द सिंह साहब मुल्क की एकता के लिए लड़ते रहे। सिख गुरुओं की जो टीचिंग हैं वे मुल्क की यूनिटी के लिए हैं, वे हिन्दुस्तान की यूनिटी के लिए है । हर आदमी और मजहब वाले उनको मानते हैं ।

बाकी रह गयी बात डिसरप्शन की । वह कोई भी सिख, मुसलमान, हिन्दू के रूप में कर सकता है । कोई भी यह गड़बड़ी कर सकता है, गलत बात कर सकता है । जो खालिस्तान की बात करते हैं और सिखिज्म का नाम लेकर करते है वह ठीक नहीं करते हैं । खालसा सारे हिन्दूस्तान के लिए था । गुरु गोबिन्द सिंह जी की जो टीचिंग्स थीं वे सारे हिन्दुस्तान के लिए थीं । मैं नहीं समझता कि आम तौर पर सिख कुछ गलत किस्म के लोगों का साथ देंगे । एक और बात हमें नहीं भूलनी चाहिए, जैसा कि जनरल साहब ने कहा, अगर हम पंजाब में देखें तो सिखों के अन्दर, निरंकारी हैं, राधा स्वामी भी हैं, नामधारी भी हैं, सहजधारी भी हैं, हिन्दू भी हैं सब इकट्ठे हैं और वे सब खालिस्तान के विरोधी हैं। फिर थोड़े से लोग कैसे इसको चला सकते हैं ।

जनाबे आला हमें एक बात पर गौर करना चाहिए, हमारी गवर्नमेंट को भी गौर करना चाहिए। यह ठीक है कि यह जो डिसरप्शन हो रहा है वह एक किस्म के फारन इन्सपीरेशन से हो रहा है । यह जो फारेन इन्सपीरेशन है इसके बारे में यहां हाउस में विस्तार से कहना जनहित में नहीं है । हमारी जितनी भी बार्डर स्टेट्स हैं, जम्मू कश्मीर है, पाकिस्तान से लगने वाली दूसरी बार्डर स्टेट्स

हैं, उनमें जो विदेशी असर काम कर रहा है इसकी तरफ गवर्नमेंट को तवोज्जह देने की जरूरत है, गवर्नमेंट को ख्याल करने की जरूरत है । हमारी जो नार्थ ईस्टर्न इस्टेट्स हैं उनकी तरफ भी तवोज्जह देने की जरूरत है ।

जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि पंजाब के अन्दर ज्यादा इन्टरवेंशन हो रहा है तो उसके लिए हमारी पंजाब गवर्नमेंट को बहुत बहादुरी से काम करना चाहिए । वहां एक पुरानी ट्रेडीशन चली आ रही है कि गुरुद्वारों के अन्दर गवर्नमेंट दखल नहीं देगी, उनके अन्दर पुलिस नहीं जाएगी । इस ट्रेडीशन के खिलाफ पंजाब गवर्नमेंट अपने आप नहीं जा सकती । मैं होम मिनिस्टर साहब, ज्ञानी जी से खासकर कहूंगा, यह ठीक है कि इस बात को हम हाउस में डिस्कस नहीं कर सकते हैं और न डिस्कस करना चाहिए, होम मिनिस्टर को विरोधी दलों के जितने भी लीडर्स हैं उनसे इसको डिस्कस कर के एक राय कायम करनी चाहिए । इस वक्त न तो सिचुएशन नार्मल है, न बहुत खराब है, ऐसा सोच कर हमें चलना चाहिए । यह एक ऐसा मसला है जिस पर हमें बहुत गम्भीरता से सोचना है । मैं मानता हूं कि इस मसले के मुतल्लिक जो गवर्नमेंट एक्शन हो, वह यहां पर डिस्कस नहीं हो सकता है और न उसे यहां पर डिस्कस करना चाहिए । तो मेरा सुझाव है कि होम मिनिस्टर साहब अपोजीशन लीडर्स को अलग-अलग बुलवाएं और उनके साथ बैठकर बात करें । मुल्क के टुकड़े हों, यह बात कोई नहीं चाहता । यह एकता का सवाल है और देश का सवाल है, इसके लिए सबको साथ लेकर चलना होगा और इस मसले का हल निकालना होगा । हमें सबको मिलकर फेस करना होगा । खालिस्तान का सवाल और अन्य जगह जो दूसरे सवाल हैं, सबको मिलकर फेस करना होगा, उस पर पूरा सोच-विचार होना चाहिए, सबसे मिलकर बात करनी चाहिए और इसका राजनीतिक लाभ नहीं उठाया जाना चाहिए एक दूसरे पर इल्जाम लगाएंगे और अपनी पार्टी की ताकत आजमाएंगे तो इससे हम कहीं नहीं पहुंचेंगे । इससे और ज्यादा खराबी होगी ।

**16 hrs.**

मैं एक बात का यकीन दिलाना चाहता हूं । मैं जम्मू-कश्मीर में पैदा हुआ और पंजाब में पढ़ा । मैं पंजाब वालों को अच्छी तरह से जानता हूं, मैं पंजाब वालों की पेट्रिआटिज्म को जानता हूं, पंजाबियों की हिम्मत को जानता हूं और सिचुएशन को फेस करने की हिम्मत को जानता हूं । मैं नहीं समझता कि मातृभूमि को जरा भी आंच आए, इस बात को वे बरदाश्त करेंगे । मैंने गोलियों की बरसात के बीच और उड़ते हुए हवाई-जहाजों की स्ट्राफिंग के बीच देखा है और जितने भी बार्डर-स्टेट्स के लोग हैं, ऐसे ही बहादुर हैं ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि अकाली पार्टी को भी इसमें बोल्डली स्टैण्ड लेना पड़ेगा । अकाली पार्टी ने पहले छोटा पंजाब बनाया इसके

**16.01 hrs.**

(*Shri Hari Natha Misra in the Chair*)

लिए वह जिम्मेदार है । अब एक तरफ कहते हैं कि पंजाबी स्पीकिंग एरियाज हैं, वे हमको मिलने चाहिएं, दूसरी तरफ कुछ आदमी खालिस्तान की बात करते हैं । अब एक सीधी लाइन लेनी पड़ेगी । इसमें किसी पार्टी का सवाल नहीं है । कोई भी पार्टी तभी है जब हिन्दुस्तान है । अगर हिन्दुस्तान को नुकसान पचहुंता है तो सभी पार्टियों को उससे नुकसान पहुंचता है । कोई भी पार्टी तभी एग्जिस्ट कर सकती है जब हिन्दुस्तान एग्जिस्ट करेगा । कभी यह कहें कि हमसे यह नहीं कहा कि हाई-जैकिंग की बुराई करें, तो जिसको कंडेम करना होता है वह अपने आप करता है, किसी के कहने पर कोई नहीं करता, ये बातें गलत हैं । इसलिए हमको लोगों के सामने आना चाहिए । वोटों के पीछे नहीं दौड़ना चाहिए । इलैक्शन आ रहे हैं और उसके लिए यदि यह किया जाएगा कि कहीं पर कोई बात कही जाए और कहीं पर दूसरी बात की जाए तो यह ठीक नहीं है । मैं तो समर मुखर्जी से भी कहूंगा कि आपकी पार्टी का स्टैण्ड क्लीयर नहीं है । They do not come out openly and say "this is bad".

उनको भी कहना चाहूंगा और सुरजीत साहब भी मेरे पुराने दोस्त हैं, जब तक वोटों के फन्दे से हम नहीं निकलेंगे तब तक आप अपनी और देश की इंटिग्रिटी नहीं बचा सकते ।

आज देश की बड़ी पेचीदा हालत है और इस स्थिति में अगर कोई पार्टी वोटों के पीछे भागती है तो वह मुल्क के जीवन के साथ खेलती है । यह मसला देश का मसला है यह किसी पार्टी का

सवाल नहीं है और मैं ज्ञानी जी से कहना चाहता हूं कि जो अपोजीशन के लीडर्स हैं, उनको अलग-अलग बुलाकर उनसे बात करें और पंजाब गवर्नमेंट से भी बात करें। जो लोग गुरुद्वारों में छिपे बैठे हैं, जैसा कि अभी मुकर्जी साहब ने कहा कि ब्लास्ट हुआ और वहां पर रिपोर्ट करने खुद गए, सब इंस्पेक्टर को अंदर नहीं जाने दिया, उससे कहा कि बाहर निकल जाओ, फिर दरवाजा बंद कर लिया, इस तरह की उनकी दिक्कत है । पंजाब पुलिस सब कुछ कर सकती है, लेकिन यह एक मैटर ग्राफ पालिसी है । अगर सब ठीक-ठीक चलता रहा तो कहेंगे कि ठीक है, अगर कुछ गलत हो गया तो कहेंगे कि हमसे पूछा नहीं । इसके लिए राएअमल बनाने की जरूरत है, क्योंकि यह देश का मसला है, किसी पार्टी का क्वेश्चन नहीं । मेरी प्रार्थना है कि सब बोट के धंधे से निकल कर मुल्क की हिफाजत को सामने रखते हुए इस समस्या पर विचार करें और इसको हल करने की कोशिश करें । सही तरीके से इससे निपटने के लिए हम सब को मिल कर कार्रवाई करनी चाहिये । जरनलिस्ट्स वगैरह जो लोग पंजाब से हो कर आए हैं और जो वहां के लोग हैं सब यही कहते हैं कि बम जैसे पहले फटे थे वैसा ही बम अब फटा। लंगर के साथ जो कमरा है, जिसको गोदाम कहते हैं, जिस में अनाज दाना वगैरह रखा हुआ था उसके अन्दर वह फटा है, तीन आदमी मरे हैं, किसी का बाजू उड़ गया और किसी के जिस्म का कोई और हिस्सा । इससे साफ नजर आता है कि बम से वे छेड़-छाड़ कर रहे थे । मैं सभी लीडरों से, सभी पार्टियों से अपील करूंगा कि अभी भी कुछ हाथ से गया नहीं है, मामला इतना नाजुक नहीं हुआ है कि इसको सम्भाला न जा सके, पंजाब में लॉ एण्ड अर्डर की पोजिशन इतनी खराब नहीं हुई है कि इसको सम्भाला न जा सके ।

जहां तक सिख अवाम का ताल्लुक है, सिख धर्म का ताल्लुक है, सिख अवाम सिख धर्म के खिलाफ जाना नहीं चाहते हैं और अपने धर्म पर वे हमेशा उसी तरह से अमल करेंगे जिस तरह से वे अब तक करते आए हैं । चन्द आदमी हैं जो फारेन एजेंट हैं और जो गद्दारी कर रहे हैं । जनरल साहब ने बताया है कि एक जगजीत सिंह बैठे हैं, एक बलबीर सिंह हैं, या गंगा सिंह हैं जो यू० एस० ए० में बैठे हुए हैं और वहां से पैसों के लिए टकों के लिए एजीटेशन चला रहे हैं, वहां से तार हिलाते हैं । उनकी कार्रवाइयों पर हम को रोक लगानी चाहियें ।

मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे मौका दिया है । मैं ज्ञानी जी से प्रार्थना करता हूं कि सब लीडर्ज जो बैठे हुए हैं उनको उनसे मिल कर बातचीत करके प्लान चेक आउट करना चाहिये और इसको फेस करने के लिए एक रास्ता तय करना चाहिये और उसपर हम सब को चलना चाहिए ।

**श्री सूरज भान** (अम्बाला) : नागालैण्ड, मिजोरम, मणिपुर, असम और पंजाब में जो कुछ हो रहा है उसको देखते हुए ऐसा लगता है कि इस मुल्क में हजारों शहीदों ने मुल्क की आजादी के वास्ते जो शहादत दी है और उसके कारण जो मुल्क आजाद हुआ है, उनकी आत्मायें यही कहती होंगी :

क्या इसलिए तकदीर ने चुनवाये थे तिनके
बन जाए नशेमन तो कोई आग लगा दे ।

नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर, असम आदि दिल्ली से दूर जरूर हैं लेकिन दिल से दूर नहीं होने चाहियें । उन के डिवेलेपमेंट के लिए जब तक हम कुछ नहीं करेंगे और जब तक वे यह महसूस नहीं करेंगे कि हम हिन्दुस्तान का हिस्सा हैं, तब तक कुछ नहीं हो सकता है । अलगाव का एहसास उन के दिलों में बढ़ने नहीं देने चाहिएं । मिजोरम के लोगों से बात करना भी छोड़ दी गई है । असम में जब तक लोग एजीटेशन की बात नहीं करते हैं, उनके साथ सीधे बातचीत करने के लिए भी आप तैयार नहीं हैं । असम के बारे में बड़ी भयानक सी चीज़ का मुझे पता लगा है । आर्मी में भी एक अजीब किस्म की थिंकिंग (सोच) पैदा कर दी गई है सरकार की तरफ से । 25 अगस्त, 1981 के इंडियन एक्सप्रेस में यह चीज़ छपी थी । आर्मी का एक सर्क्युलर है नम्बर 110 इसका हैडिंग है :

एंड टू सिविल पावर इन असम वह सर्क्युलर आर्मी हैड क्वार्टर्ज़ की तरफ से इशू होता है । इस में लिखा है :

"The Assam movement is parochial, polittcally motivated and patently unpatriotic."

मुझे नहीं पता किस आधार पर आर्मी की तरफ से यह चीच लिखी गई है। कोई पालीटीशियन वह बात कहें तो समझ में आ सकती हैं, हालांकि वह भी गलत है, नहीं कहनी चाहिये। लेकिन आर्मी के सर्क्युलर में इस तरह की जीज छपे यह बहुत गलत है।

असम के विद्यार्थियों की मांग क्या है? यही तो है कि जो वहां विदेशी बाहर से आए हैं उनको वहां से निकाल दिया जाए। इस मांग को आप पैरोकियल कहें, अनपट्रियौटिक कहें यह गलत बात है। उन से आपको सीधे बात करनी चाहिये।

**श्री आर० एल० भाटिया** (अमृतसर) : अगर आपके पास सर्क्युलर है तो उसकी कापी मेज पर रख दें।

**श्री सूरज भान** : अखबार में छप चुका है। 25 तारीख के अखबार में छपा है। नम्बर भी मैंने दे दिया हैं, 110 नम्बर है।

**The Minister of State in the Ministry of Home affairs** (Shri Yogendra Makwana) : But read it it with reference to the context. Do not cut it out and read it.

**श्री सूरज भान** : आप पूरा पढ़ दीजियेगा जब आप का टर्न आएगा। मैंने रेलीवेंट पोर्शन पढ़ दिया है।

सभापति महोदय, बिहार में यू० पी० में, गुजरात में जो कुछ हुआ है वह कुछ कम गम्भीह नहीं है। केवल पंजाब की ही बात नहीं है। ऐसा नजर आता है कि इस देश में कोई हुकुमत नहीं है। अभी देवली में जो कुछ हुआ है मैं कल ही यू०पी० के गवर्नर को मेमोरेन्डम दे कर आया हूं, मुझे नहीं पता सदन के किसी माननीय सदस्य को उस घटना का पता लगा है कि नहीं जिसको मैं कहना चाहता हूं। वहां केवल 24 हरिजन नहीं मरे, बल्कि एक महिला जो मरी है उसके पेट में दो बच्चे भी मरे हैं जिन में से एक लड़का और दूसरी लड़की थे, उन बेचारों की आंख खुलने से पहले ही सदा के लिये आंखें बन्द कर दी गयी। एक आदमी और मरा इस प्रकार 27 आदमी मरे हैं। और उन हरिजन ने डरते हुए कहा एक राज्य सभा के मेम्बर श्री लाखन सिंह हैं जो जाटव हैं, एक नौजावान लड़के ने कहा कि डाकुओं के तीन गिरोह आये। एक गिरोह विश्वनाथ प्रताप सिंह जिन्दाबाद के नारे लगा रहा था, दूसरे गिरोह ने उसको बन्द किया। मैं पूछना चाहता हूं हरिजनों का कत्ल ऐसे नारे लगाकर क्यों हुआ। दो ही चीजों से ताल्लुक है श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह का या तो वह कांग्रेस के हैं या ठाकुर हैं, और दोनों तरह के नारे लगाना गलत है। अगर ऐसी ही चीजें चलेंगी तो नेशनल इन्टेग्रेशन कैसे होगा। पंजाब में अभी तक शरारतियों की गोली से 12 आदमी मर चुके हैं और 15 बस विस्फोट हो चुके हैं और आज तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया। यह ऐलान जरूर आ जाता है कि हम बहुत कार्यवाही कर रहे हैं, जल्दी ही पकड़ने वाले हैं। जल्दी का मतलब कितने साल से है मुझे पता नहीं। अभी स्पैरो साहब ने कुछ बातें कहीं, उनका ओपेनिंग सेन्टेंस था कि यह कांस्प्रेसी है। यह किसने शुरू की है, कौन कौन इसके भागीदार हैं। विदेशी मुल्क इसके पीछे हैं तो उनके नाम बतायें। यहां के आदमी है तो वह बतायें। छुपाते क्यों हैं उनको? इस खलिस्तान की तरफ से, जैसा माननीय समर मुखर्जी ने कहा करंसी भी इशू हुई है, उनके डाक टिकट भी इशू हुए हैं, पासपोर्ट भी जारी किये गये हैं, और उन्होंने एक नक्शा भी छापा है कि यह खालस्तान होगा जिसमें कुछ हिमाचल, कुछ हरियाणा, कुछ राजस्थान और जम्मू कश्मीर का भी कुछ हिस्सा दिखाया है। और कैनाडा में उनका कंसुलेंट (दूतावास) है। आखिर यह हवा में तो नहीं है सारी बातें। मैंने आज नहीं बजट सेशन के समय माननीय ज्ञानी जी से कहा था कि यह खतरनाक चीज है। लेकिन उन्होंने यह कह कर टाल दिया था, अगर वह पब्लिक कंजम्पशन के लिए था तब तो ठीक हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि मेले में एक कोई पागल जा रहा हो और उसके पीछे कुछ लोग हो जायें और यह समझ लें कि वह उसके फ़ौलोअर हैं, तो वह कोई फ़ौलोअर तो नहीं माने जायेंगे। मेरा कहना है कि आपने उस बात को संजीदगी से नहीं लिया इसीलिये उसका नतीजा आज आप भोग रहे हैं।

माननीय ज्ञानी जी पटियाला में गये माननीय राजीव गांधी के साथ और पब्लिक मीटिंग में उन्होंने जो कुछ कहा उसके बारे में चंडीगढ़ के "ट्रिब्यून" अखबार के सम्पादक श्री प्रेम भाटिया ने एक आर्टिकिल लिखा उसमें उन्होंने जिन अल्फ़ाज़ को लिखा है वह मैं दोहराना चाहता हूं । माननीय ज्ञानी जी ने पब्लिक मीटिंग में कहा उन्होंने कहा माननीय दरबारा सिंह को रेफर करते हुए :

"Neither of us really deserve to occupy the positions we hold—as Central Home Minister or as State Chief Minister. But, since the Prime Minister has, through kindness and consideration, given us these jobs, let us prove equal to the opportunity, and not fight each other."

आगे लिखते हैं एडीटर साहब, जो उनके अल्फाज हैं, जरा वह आप सुनिये—

"Since Giani Zail Singh spoke in Punjab, and his remarks have been quoted in English, one cannot youch for the precise words he used, but he purport of his public statement is clear. If he was only being modest, he deserves admi ation, and if he was being wholly truthful, he des.rves even greater admiration."

सभापति महोदय, मैं दो, तीन बातें ज्ञानी जी से पूछना चाहता हूं । क्या यह असलियत नहीं है कि 1978 में चंडीगढ़ के अरोमा होटल में एक प्रेस कांफरेंस पहले दल खालसा की तरफ से हुई और उसके थोड़ी देर बाद ज्ञानी जी ने उसी होटल में प्रेस कांफरेंस ली और उन दोनों प्रेस कान्फरेंसों के बिल ज्ञानी जी ने पे किये । होटल का रिकार्ड इस बात का शाहिद है । मैं दूसरे हाउस की प्रोसीडिंग पढ़ रहा हूं, ज्ञानी जी ने वहां जवाब दिया कि मैंने तो कोई बिल दिया ही नहीं । ज्ञानी जी, कौन बिल देता है, आपके नाम पर बिल की पेमेंट हुई है, आपने नहीं की तो आपके किसी चमचे ने की होगी ?

दूसरी बात मैं ज्ञानी जी के नोटिस में लाना चाहता हूं । ज्ञानी जी, होम मिनिस्टर बनने के बाद जब पहली बार चंडीगढ़ गये तो खालसा दल के पंच मि० हर सिमरन सिंह, जो आज भी छिपे हुए हैं, और दिल्ली में बैठे हुए हैं, हमारी जानकारी है कि किसी बी०आई०पी० के घर में हैं ।

**एक माननीय सदस्य** : कौनसे वी०आई०पी० हैं वह ?

**श्री सूरज भान** : नाम तो ज्ञानी जी ही बतायेंगे। पहली बार जब वह चण्डीगढ़ गये तो उसी हर सिमरन सिंह ने, जो दल खालसा का पंच है, ज्ञानी जी का बहुत शानदार रिसप्शन पंजाब यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस में चंडीगढ़ में किया था । मैं ज्ञानी जी से पूछता चाहता हूं कि क्या रिश्ता है आपका हर सिमरन सिंह से और उस खालसा दल से ? उसी एक होटल में वहीं दोनों की कान्फरेंस होती हैं और वह खालसा दल का हर सिमरन सिंह आपका रिसप्शन करता है, इसका जवाब मैं जरूर जानना चाहूंगा ।

मैं यह भी जानना चाहूंगा कि इतने कत्ल तो हो चुके हैं, और कितने खून बहाने के बाद सरकार होश में आना चाहती है ? कुछ बता दीजिये लोगों को ।

आज पंजाब, यू०पी०, बिहार में जंगल का राज्य है, कोई कानून का राज्य नहीं है, लोगों को बता दिया जाये कि इतने साल हम कुछ नहीं कर सकेंगे, ताकि लोग खुद अपनी हिफाजत का बन्दोबस्त कर सकें ।

इस दल खालसा और खालिस्तान के बारे में जो कुछ हो रहा है, वह देश को बताया जाये मैं समझता हूं कि जाने-अनजाने में सरकार ने गलती की है । पहले अकालियों को बातचीत करने के लिए बुलाया और फिर पंजाब से हिन्दूओं को बुलाया, क्या खुद आप इस इश्यू को कम्युनल नहीं बनाना चाह रहे हैं ? हिन्दुओं को बुलाने का क्या मतलब था ? वहां की पोलिटिक्ल पार्टीज को बुलाते । आप पोलिटिकल पार्टीज को न बुलाकर भी खुद इस इश्यू को कम्युनलाइज कर रहे हैं ।

हिन्दुओं को बुला रहे हैं, सिखों को बुला रहे हैं, इस प्रकार आप इसे हिन्दू सिख सवाल बना रहे हैं। कुछ इश्यू ऐसे हो सकते हैं जो केवल मजहबी हैं, उसमें उनसे बात कर लीजिये । बाकी इश्यूज पर अगर औटोनामी की बात करते हैं, ज्यादा इकनामिक फैसिलिटीज की बात करते हैं, डवलप-मैंट की बात करते हैं तो सरकार को पंजाब की पोलिटिकल पार्टिज को बुलाना तो समझ में आता है, पर खुद आप इसको कम्युनलाइज मत कीजिये ।

सिखों की कुछ जायज मांगे भी हो सकती हैं, मैं महसूस करता हूं कि उनके धर्म के झगड़ों में आपने दखल दिया है । दिल्ली की गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी में ही गलत तौर पर कानून अमेंड कर के आपने अकाली सरदार संतोख सिंह को वहां पर प्रधान बनाया । इसी प्रकार जब अकाली लोग दिल्ली में आकर प्रदर्शन करना चाहते हैं तो उनको दिल्ली आने से रोका जाता है ।

करनाल में लाठी चार्ज होता है, वह तो एलेज करते हैं कि गोली भी चली है, कुछ आदमी मरे हैं । मैं जानना चाहता हूं कि क्या आप लोगों की इस आस्था को तोड़ना चाहते हैं कि लोग दिल्ली को हिन्दुस्तान का केन्द्र मानें । आप दिल्ली में आने से क्यों रोकते हैं लोगों को ? वह दिल्ली में आयें, प्रदर्शन करें, उनको इजाजत दीजिये, आप डिस्करेज करना चाहते हैं, यह तो खुद आप डिस-इन्टेग्रेशन फैलाना चाहते हैं । दिल्ली भारत का केन्द्र है, उनको आने दीजिये, तथा उनकी बात सुनिये ।

मैं एक बात यह पूछता हूं कि सन्त भिंडरांवाले को आपने गिरफ्तार किया, उसकी क्या वजूहात थीं ? क्यों गिरफ्तार किया ? अगर वह कातिल थे तो फिर उनको छोड़ा क्यों गया ? क्या यह हकीकत नहीं है कि संत भिंडरांवाला का बयान छपा है अखबार में, मैं केवल रेफरेंस देना चाहता हूं । सरदार बूटासिंह को यहां से भेजा गया, उनका नाम छपा है अखबार में, भिंडरांवाले ने बयान दिया है कि सरदार बूटा सिंह ने सिख स्टुडेंट्स फेडरेशन के अधिकारी को मेसेज भेजा कि वह भिंडरांवाले से ये तीन शर्तें मानने के लिए कहे : एक, लाला जगत नारायण के मर्डर को कनडेम करो, दूसरे किसी पोलीटिकल पार्टी में हिस्सा न लो और तीसरे, हिन्दू-सिख यूनिटी के लिए काम करो तो उन को छोड़ दिया जायगा । भिंडरांवाले ने कहा कि मैं अभी इन बातों पर गौर कर ही रहा था कि अगले दिन अदालत ने मुझे छोड़ दिया । सवाल यह है कि भिंडरांवाले के सामने ये तीन शर्तें क्यों रखी गईं । अगर वह कातिल थे, तो उन्हें छोड़ने की बात क्यों की गई ? ये पार्लीज़ इस लिए किए जा रहे थे कि उन्हें अकाली दल से तोड़ कर अपने साथ जोड़ लिया जाए । यह तरीका ठीक नहीं है ।

मैं चाहता हूं कि सरकार खालिस्तान के इश्यू पर एक व्हाइट-पेपर जारी करे । प्राइम मिनिस्टर वहां गई हैं । होम मिनिस्टर वहां गए हैं । होम सेक्रेटरी वहां गए हैं । सरदार बूटा सिंह वहां गए हैं । यह बताया जाए कि पंजाब के गवर्नर और एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट क्या है । लोगों को बताया जाए कि तथ्य क्या हैं, रीयालिटीज क्या है । दल खालसा किसने बनाया, किस किन के साथ उसने ताल्लुकात हैं, ये डीटेल्ज दी जाएं । कहा गया है कि दूसरे मुल्कों से पैसा और हथियार आते हैं । यह बताया जाए कि वे कौन से मुल्क से आए हैं, कितने हथियार पकड़े गए हैं और उनमें से कितने विदेशों के हैं ।

हाईजैकिंग के बारे में डीटेल्ज दी जाएं कि किस किस का उसमें हाथ था । और क्या हाई-जेकिंग के सम्बन्ध में कोई फर्क किया जाएगा । मैंने सुना है कि ज्ञानीजी ने राज्यसभा में बयान दिया कि पांडेज़ ने हाईजैकिंग विदिन दि कन्ट्री किया था, जबकि इस हाईजैकिंग में हवाई जहाज को पाकिस्तान ले जाया गया था—दोनों में फ़र्क है । क्या इसी तरह मर्डर में भी फ़र्क किया जाएगा कि अगर कन्ट्री में किया जाए, तो एक नीति अपनाई जाएगी और अगर बाहर किया जाए, तो दूसरी नीति होगी ?

इस बारे में संतोख सिंह का क्या रोल है ? क्या उसने मेहता चौक में, जब भिंडरांवाले ने अपने आप को गिरफ्तारी के लिए पेश किया था, एक भड़काने वाली स्पीच नहीं की थी ? क्या आपने कभी देखा है कि कोई सरकार किसी कातिल को कहे—यदि वह कातिल थे, उन्हें कातिल समझ कर गिरफ्तार किया गया था—कि हमने आपके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट इश्यू कर दिया है,

और फिर कहे कि मेहरबानी कर के एक हफ्ते के अंदर अंदर सरेंडर कर दें ? क्या किसी मुल्क में कभी ऐसा हुआ है, जो कि हिन्दुस्तान में हुआ है ?

तीन दिन पहले मेहता चौक के गुरुद्वारे में बिस्फोट हुआ। अखबारात में खबर छपी है कि तीन घंटे के बाद एक सफ़ेद कपड़ों में इंस्पैक्टर आफ पुलिस को अंदर जाने दिया गया और छः सात घंटे के बाद एक एस० पी० को अंदर जाने दिया गया। जब वह गया, तो वहां पर खून की कोई निशानी नहीं थी। क्या तीन लाशों में से कोई खून नहीं निकला था ? क्या खून के बिना उनकी मौत हो गई या खून को साफ़ कर दिया गया या एविडेंस को मिटा दिया गया ? यह भी कहा जाता है कि वह एक टाइम बम था, जो बाहर से लाया गया था। वह एक छोटा सा स्टोर है, जिसमें बिस्फोट हुआ जिसका कोई और आउटलेट नहीं है। नतीजा निकलता है कि ऐसी और भी चीजें वहां स्टोर की गई होंगी। इसकी इनवेस्टीगेशन होनी चाहिए।

क्या हिन्दुस्तान में कोई एक कानून होगा या नहीं ? जितने भी धार्मिक स्थान हैं, उनको एक लेवल पर रखा जाए। यह तमीज़ नहीं होनी चाहिए कि गुरुद्वारे में तो पुलिस नहीं जा सकती, और मंदिर, मस्जिद, गिरजे में जरूर जा सकती है। यह डिसक्रिमिनेशन क्यों है ? अगर वहां गलत काम हुआ है, तो पुलिस को जा कर इनवेस्टीगेशन करनी चाहिए।

आखिर में मैं कहना चाहता हूं कि पंजाब में ला एंड आर्डर बिल्कुल टूट चुका है। वहां की हुकूमत को डिसमिस करना चाहिए और ज्ञानीजी को अपनी जिम्मेदारी का अहसास कर के इस सारे काम को सीधा करना चाहिए।

**श्रीमती गुरबिन्दर कौर ब्रार** (फरीदकोट) : सभापति महोदय, शायद आप को पता है कि आज के दिन नवें गुरु का शहादत का दिन है। आज के दिन वह चांदनी चौक में शहीद किए गए थे। आज के दिन सिख संगतें और हिन्दू सभी वहां पहुंच रहे हैं। क्या वजह थी उन की शहादत की ? काश्मीरी पंडितों ने अपील की गुरु तेगबहादुर से कि हमें जुल्म से बचाया जाय और इस के लिए किसी महापुरुष की शहादत की जरूरत है। उस वक्त जो नवें गुरु के बेटे थे जो बाद में दसवें गुरु हुए, गुरु गोविंद सिंह, वह नौ साल के थे उन्होंने कहा कि पिता जी, आप से बढ़ कर महापुरुष कौन होगा ? तो क्या यह मिसाल नहीं है हिन्दू सिख यूनिटी की ? उस वक्त हर हिन्दू का पहला बेटा जो होता था उस को सिख बनाया जाता था। अब भी हमारी रिश्तेदारियां आपस में इतनी हैं कि यह सोचना नामुमकिन है कि खालिस्तान बन जाय। यह तो चन्द लोग हैं। अभी समर मुखर्जी जी ने डाक्टर जगजीत सिंह का नाम लिया था। मैं उन को अच्छी तरह से जानती हूं। 1969 में जब उन की अकाली हुकूमत टूटी तो वह बाहर गए। उन्होंने खालिस्तान का नारा लगाया। ज्ञानी जैल सिंह जो जब चीफ मिनिस्टर थे तो अक्सर हमारी असेम्बली में उनका नाम आता था। लेकिन उन की हिम्मत नहीं थी कि वह हिन्दुस्तान में कदम रखते। अभी मेरे एक भाई ने कहा कि जनता राज के वक्त वह खुल्लमखुल्ला पंजाब में आए और सब जगह गए। सच्ची बात बताएं, हमें तो बिलकुल डर नहीं लगता कि उन्होंने अपनी हुकूमत खुद कायम कर ली कैनाडा में। ऐसे तो बहुत से दिमागफिरे होते हैं जो अपनी हुकूमत कायम कर के राष्ट्रपति बन बैठते हैं। हम यहां बैठे-बैठे उन से डरने लगें तो काम नहीं चल सकता। हमें इस बात का बिल्कुल डर नहीं है। यह मैं कह सकती हूं कि मास सपोर्ट उनके साथ बिलकुल नहीं है। कभी आप ने सुना नहीं होगा कि पंजाब के गांवों के लोग, पेजेन्ट्री के लोग खालिस्तान की मूवमेंट के पीछे हों। यह बिलकुल गलत बात है। कोई उन के पीछे नहीं है। चन्द लोग कुछ लोग हैं जो फ्रस्ट्रेशन की वजह से, कुर्सियों की वजह से, या हुकूमत के लालच की वजह से खालिस्तान का नारा लगा रहे हैं।

गुरू गोबिंद सिंह को शहीदों का सरताज कहा जाता है। उन्होंने पिता की कुर्बानी दी, बच्चो की कुर्बानी दी, आप हैरान होंगे, एक छः साल का लड़का, एक नौ साल का लड़का, दोनों दीवार में चिनवा दिए गए, औरतों की कुर्बानी दी, माता की

कुर्बानी दी, सब चीज की कुर्बानी उन्होंने दी। मैं एक बात बताना चाहती हूं, ये नौ गुरु तो हिन्दू थे, तो सिख कौम कैसे बनी? जिस वक्त गुरु तेग-बहादुर को शहीद किया गया चांदनी चौक में तो किसी की जुर्रत नहीं पड़ी कि दिन के वक्त उन की लाश को उठा कर ले जाय। उस वक्त की हुकूमत देखना चाहती थी कि वह कौन लोग हैं जो इस लाश को उठा कर ले जाएंगे। यह रकाबगंज गुरुद्वारा जो हमारे बुहत नजदीक है, वहां पर कुछ झुग्गियां थीं, वहा के लोग उन के जिस्म को उठा कर ले गए। एक हरिजन था जो उन के शीश को उठा कर आनन्दपुर साहब ले गया। उस वक्त गुरु गोविंद सिंह कुल नौ साल के थे। रकाबगंज की झुग्गियों के लोगों को इतना हौसला नहीं था कि वे ओपेनली उस वक्त की हुकूमत के बरखिलाफ खड़े हों तो उन्होंने क्या किया कि सारी झुग्गियों को आग लगा दी और उन का संस्कार किया। कहने का मतलब है कि उन की श्रद्धा थी लेकिन हौसला नहीं था। उस वक्त जो हमारे लोग थे, उन में हौसला नहीं था आगे बढ़ने का। वह मौत से डरते थे। तो गुरु गोविंद सिंह ने कहा कि मैं सिख को एक ऐसी शक्ल दूंगा कि वह छिप न सके, जहां भी वह जाए वह सिख नजर आए ताकि इसमें मरने का डर निकल जाए। जो इनसान मौत से नहीं डरता सब कुछ कर सकता है, अच्छे काम के लिए अपने को आप कुरबान कर सकता है। तभी यह सिख कौम बनी। लेकिन उसका मतलब यह नहीं था कि कोई खालिस्तान बनाया जाए। इस बात को तो कोई भी बर्दाश्त नहीं करेगा। अकाली पार्टी ने भी कहा है कि वह खालिस्तान मूवमेन्ट को सपोर्ट नहीं करती, लेकिन मैं यह पूछना चाहती हूं कि वे ओपेनली सामने क्यों नहीं आते। ये भाई साहब यहां पर बैठे हुए हैं, कितनों ने आनन्दपुर साहब का रेजोल्यूशन अच्छी तरह से पढ़ा है? हम तो चाहते हैं कि अकाली खुलकर बतायें कि वे खालिस्तान मूवमेन्ट को चाहते हैं या नहीं चाहते है। उनका एक ही मतलब है कि जब चुनाव का टाइम आए तो जनसंघ के वोटों से, जनसंघ की मदद लेकर पंजाब में हुकूमत कर सकें। वरना अगर वे खालिस्तान मूवमेन्ट को पसन्द नहीं करते हैं तो गांव गांव में जाकर इस बात को कहें। मैं जानना चाहूंगी कि कितने लोग आपके पास आए हैं बातचीत करने के लिए और उनमें से कितनों ने गांवों में जाकर लेक्चर दिया है कि वे खालिस्तान नहीं चाहते? कोई एक भी ऐसा लेक्चर दिया हो, मुझे बतायें तो मैं मान जाऊंगी कि वाकई वे खालिस्तान के खिलाफ हैं। यह तो कोई बात नहीं हुई कि अन्दर घुसकर एक बात करो और बाहर दूसरी बात करो कि हम इसके खिलाफ हैं। मैं भी उसी जिले से आती हूं जहां से दूसरे सारे बड़े लीडरान हैं। हमारे होम मिनिस्टर साहब भी फरीदकोट के ही हैं। अकाली पार्टी के लीडर, श्री प्रकाश सिंह बादल और भिण्डरावाले भी वहीं के हैं। श्री गुरचरण सिंह जी यहां बैठे हैं। ये सभी बड़े बड़े लीडरान फरीदकोट में पैदा हुए हैं। लेकिन मैं यह नहीं कहती कि मैं भी कोई लीडर हूं, मैं तो एक वर्कर हूं। मेरे कहने का मतलब यह है कि इनकी साइकालोजी का हमें अच्छी तरह से पता है कि बाहर से क्या बात है और अन्दर से क्या बात है।

एक बात मैं और कहना चाहूंगी कि इतने प्रोवोकेशन के बाद भी हिन्दू मुस्लिम यूनिटी, हिन्दू सिख यूनिटी, हिन्दू क्रिश्चियन यूनिटी पूरी तरह से कायम है। वे नहीं चाहते हैं कि किसी तरह की काई गड़बड़ हो। सभी लोग पीसफुल्ली रहना चाहते हैं। लेकिन एक बात मैं कहने से बिल्कुल गुरेज नहीं करूंगी कि लोगों के मन में वह कांफिडेन्स, वह भरोसा नहीं है, लोग कुछ डरते हैं। मैं चाहती हूं कि सरकार मजबूती के साथ एक सट्रीमिस्टस का मुकाबला करे। जितनी देर आप मजबूती के साथ और ओपेनली बाहर आकर इनको कन्डेम नहीं करेंगे, जितनी देर आप स्ट्रोंगली वायलेन्स को कन्डेम नहीं करेंगे तबतक बात नहीं बनेगी। आखिर लोगों के दिल में डर क्यों पड़ा हुआ है? उनके मन में किस बात का डर है? इसीलिए मैं चाहती हूं कि गवर्नमेन्ट इस सिलसिले में इफेक्टिवली काम करे।

हमारे बहुत से भाईयों ने यहां पर बहुत सी बातें कहीं हैं। जिनको दोहराना मेरे लिए टीक नहीं होगा। आप मेरी बात को समझ ही गए होंगे। मैं एक इंस्टांस और कोट करना चाहती हूं। जब पंजाब में रणजीत सिंह का राज था तब एक झुग्गी वाले की झुग्गी किसी ने उजाड़ दी।

वह महाराजा रणजीत सिंह जी के पास गया और कहा कि महाराज मैं एक गरीब आदमी हूं मेरी झुग्गी उजाड़ दी गई है। महाराज ने उससे कहा कि तुम चलो हमारा फलां आदमी जाकर देखने आयेगा कि यह सही है या नहीं। उन दिनों में कोई रेलगाड़ी और हवाई-जहाज तो थे नहीं। उस उजाड़ने वाले को खबर मिल गई तो उसने वहां किसी के पहुंचने के पहले ही फिर से झुग्गी बना दी। इसके बाद महाराज ने उससे कहा कि तुम्हारी बात सही नहीं है, तुम दुश्मनी की वजह से ऐसा कह रहे थे। जब थोड़ा वक्त गुजर गया तो उस आदमी ने फिर उस गरीब की झुग्गी उजाड़ दी। वह दोबारा महाराज के पास गया और फर्याद की। उसके बाद महाराज ने उससे कहा कि तुम जाओ अब मेरा और उसका मुकाबला है, मालूम होता है हमारी हुकूमत में ही कोई फर्क है जिसकी वजह से उसने दोबारा तुम्हारी झुग्गी उजाड़ दी। इस किस्म का कान्फिडेंस सरकार में, पंजाब सरकार में और लोगों में होना चाहिए। इस बात को मैं बड़े जोरदार शब्दों में सरकार से और सैन्टर की सरकार से करती हूं। ज्ञानी जी यहां बैठे हुए हैं, मैं ज्ञानी जी से कहना चाहती हूं कि ज्ञानी जी हिन्दुस्तान अपना मुल्क है, इसको कोई भी बर्दाशत नहीं करेगा कि इसका हम न ईस्ट, न वैस्ट और न ही खालिस्तान के रूप में कोई टुकड़ा होने देंगे।

आप जानते हैं कि पंजाब ने तीन लड़ाईयां लड़ीं और उस वक्त की आर्मी में 21-21 साल के नौजवान बच्चे थे। ये सब जवान बच्चे टेंकों में जा रहे थे और उस के बाद उनकी लाशें आ रही थीं। इस बात को ज्ञानी जी भी जानते हैं। मैं बार्डर एरिया की रहने वाली हूं और अमृतसर तथा फिरोजपुर को बिलांग करती हूं। जहां तक फूड प्रोडक्शन की बात है, हिन्दुस्तान की खाली दो प्रतिशत जमीन उनके पास है और 60 प्रतिशत से भी ज्यादा हिस्सा उत्पादन का सैन्टरपूल में देते हैं। ज्ञानी जी ये लोग दिल से काम करेंगे, लेकिन आप जो हुकूमत कर रहे हैं, आप उनमें कान्फिडेंस पैदा करो। मुल्क से कोई, खतरा नहीं है, आवाम से कोई खतरा नहीं है हिन्दू सिख यूनिटी पूरी है, हम एक हैं। मैं फिर एक आवाज से कहती हूं कि हम एक हैं, लेकिन उनमें इतना कान्फिडेंस पैदा करो कि वे लोग इससे घबरायें नहीं।

सिख एक एडवेंचरस कौम है। दुनिया के हर हिस्से में आप सिख को देखेंगे। यह आम मशहूर है की दुनिया का कोई ऐसा कौना नहीं है, जहां पर सिख और हिन्दू न हों। वे हर जगह हैं और वहां पर उनका गुरद्वारा भी होता है। एक बात मैं यह भी कहना चाहती हूं कि कोई भी स्टेट हिन्दुस्तान की ऐसी नहीं है जहां पर सिख न हों। वहां भी वे गुरद्वारें में मजे से रहते हैं। पटना साहब गुरू गोबिन्द सिंह का जन्म स्थान था, वहीं पर वे खेला करते थे वहीं पर उनका बचपन बीता था। उस गुरद्वारे नाडेर साहिब में मैं जब गई तो मैंने देखा कि जो वहां सिख हैं, वे बिहार की बोली में बात करते हैं। इसी प्रकार आपने हैदराबाद आंध्रा-प्रदेश भी देखा होगा, जहां गुरू गोबिन्द सिंह की शहादत हुई थी, वहां के लोग वैसी ही कस्टम करते हैं, आरती हिन्दुओं की तरह करते हैं। इस बात की हमें बड़ी खुशी है। गुरू ग्रन्थ साहब में 36 भक्तों की वाणी हैं, जिनमें छः तो गुरू लिखने वाले हैं, और 30 भक्त हैं, जिनमें मुसलमान भी हैं, महाराष्ट्र के नामदेव जी भी हैं- ज्ञानी जी बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, हर एक वाणी उसमें हैं। आप सुनकर हैरान होंगे कि गुरू गोबिन्द सिंह ने कहा है कि गुरू मानिए ग्रन्थ। आपने देखा होगा कि हिन्दू और सिख जब जाते हैं तो बड़े अदब से नमस्कार करते हैं, माथा टेकते हैं। वहां एक बड़ा अच्छा तरीका चला था कि जो भी आपके पास हो वहां श्रद्धा से दो। यह पैसा इस लिए नहीं दिया था, कि कभी खालिस्तान पैदा करो, कभी लड़ाई कर लो। पोलिटिक्स एक तरफ है, रीलीजिन एक तरफ है। पोलिटिकल वियू से अभी आप उसको देखें, पोलिटिकल पार्टीज भी खालिस्तान को कन्डैम नहीं करती हैं, दिल से करती हों तो मैं कह नहीं सकती हूं, क्योंकि मैं कोई ज्योतिषि तो हूं नहीं। जहां तक भिण्डरवाला साहब का इन्वालवमेंट हुआ है, इस को आप सभी जानते हैं। लेकिन मैं यह कहती हूं कि इस वायोलेंस को खत्म करना बहुत ही जरूरी है।

अभी किसी भाई ने एक यह भी प्वाइंट उठाया था कि इकोनामिक की भी बैकग्राउन्ड होती है। इन्सान का जब सोशिया-इस्कोनामिक प्रोग्रैस न हो तो फिर वह वैसी बातें सोचते हैं, जो अन-एम्प्लायड हो, वे भी ऐसी बातें सोचते हैं, इन बातों पर आपको ध्यान देना चाहिए। ज्ञानी जी मैं आपको एक मिसाल देती हूं कि जब 1980 का इलैक्शन हुआ, तो अकाली लीडर्स कहा करते थे कि जब हमारा राज आयेगा तो हम नरमा, जिसको अमरीकी कांटन कहते हैं, की कीमत 500-600 रु० से ऊपर कर देंगे।

एक दफा श्रीमती इन्दिरा गांधी मेरे हल्के में गई तो वहा दूर प्रकाश सिंह बादल नरमा जला रहे थे। जलने से धूंआ उठ रहा था, उन्होंने पूछा यह धूंआ कहां से आ रहा है, अब तो नरमे की कीमत काफी है। जब इन की हुकुमत यहां आई थी तो आप को याद होगा यहां सुरजीत सिंह बरनाला एग्रीकल्चर मिनिस्टर थे और पंजाब के चीफ मिनिस्टर प्रकाश सिंह बादल थे, उन के जमाने में नरमे की जो पहले कीमत थी, वह भी उन को नहीं मिली, 200 से 250 रुपये तक गिर गई। लोग कहते थे--ऊपर जाट नीचे जाट, नरमा बिकता 260। यह बात इलेक्शन में अक्सर कही जाती थी।

1980 में आप ने देखा होगा सब लोगों ने इकट्ठे मिल कर जनता सरकार को डिफीट दी थी, उस का एक काज तो यही और दूसरा आप की आपस की फूट, आप के आपस के लड़ाई झगड़े थे। हम यहां इसीलिये जाये कि लोग श्रीमती इन्दिरा गांधी को वापस लाना चाहते थे। हमारी कान्स्टीचूएन्सी से पहले अकाली जीतते थे, प्रकाश सिंह बादल जीतकर आये थें लेकिन इस दफा लोग इकट्ठे थे कोई मजहब की बात नहीं थी, इस लिये हम जीत कर आये। इसलिये अगर उन की सोशियों इकानामिक हालत ऊंची करें, तो ये मिलकर हिन्दुस्तान को ऊंचा उठायेंगे।

SHRI BAPUSHEB PARULEKAR (Ratnagiri) : Today we are discussing on the floor of the House a very serious subject and I feel that we will all be discussing this above Party level. I am very happy that so far except a few observations that level has been maintained.

It is said that some incidents did take place during the Janata regime. Some person who is involved in these activities has come to India and the Janata Government allowed him to come in. Assuming for a moment that it is true, I will request the Government not to repeat what the Janata Government had done, if at all they have done it. It is no use blaming one Party or the other. We have to see how we can stop this menace which is feced by the people of this country.

Many of my friends referred to the issue of Khalistan. But I believe that that is not the only issue facing the nation as far as this secessionist activity issue is concerned. We have the problems in the North East. We have the problems in various States. We have to see whether the Government at the Centre and the Governments at State levels are taking steps to see that stern action is taken against such persons. I come from Maharashtra and we have in our State, especially in the City of Bombay, a party which believes in the theory of the sons of the soil......

AN HON MEMBER : Shiv Sena.

SHRI BAPUSHEB PARULEKAR : It is not for me to take the name of that particular party. But it is a menace to the people of the State and the people of this country. It was expected that the present Government and the present Chief Minister of Maharashtra would take stern steps to curtail the activities of this particular Party but it is unfortunate the hon. Chief Minister is going hand in glove with these persons and taking support of this particular Party. If we say that the present Government in the State which is a Congress-I government is supporting secessionist activities, am I wrong ? It is not by way of criticism that I am saying so.

Sir, when we read the papers, the feeling which I got is that there is a perpetual disturbance which we find everyday, everywhere in the country. As far as Shillong is concerned, it has become a place of armed troubles from Manipur and Mizoram. M.N.F. battalions have been attacked, the ministers' houses have been attacked with arms and ammunition and explosives. Truckload of arms are found on the camps of the border, students clash with the security forces. This is an unfortunate part of it. Even children are going in procession chanting 'Indian foreigners go home'. They march with the slogan on the streets. I would like to ask the Government: what steps have been taken by them to curb

all these activities in the North-East region ? Same is the case in Imphal; same is the case in Shillong; same is the case in other parts of the North-East region. I would respectfully submit to the hon. Minister of State for Home that some steps may be taken. I endorse the submission made by the previous speaker Mrs. Brar on this particular issue.

Now, coming to the issue of Punjab, I respectfully submit that this is a very serious matter. Many of my friends on this side said that the issue is not that serious. There is no support. My hon. and esteemed friend, Gen. Sparrow said that there is no such activity even in half the districts of that particular region. If that be so, I am very happy. (*Interruptions*) If I am wrong, I would correct. What I feel is that these activities are going on for so many years and this demand is being made at least in the last ten years or more even when the Congress Governments were in power leave aside these 2/1-2 years' time when the Janata regime was in power. It was said that there was no support for that. I would remind the hon. Members as to what happened prior to our Independence when Mr. Jinnah was selling the idea of Pakistan ? His theory was dismissed on the very pretext that there was no support for it.

But, in a few years, his dream came true. I am, therefore, afraid, that we should not very lightly dismiss this issue of Khalistan and we should take a very serious note of this.

Sir, as far as some incidents are concerned, I would like to ask the hon. Minister as also other friends who said that there was no merit or substance in this agitation, whether it is a fact or not that one of the ex-Generals of the Indian Army is active in propagating this theory of Khalistan in this country ? Is it a fact or not that he is not only moving round the country but he is also giving out these thoughts to the persons, the officers in the army who are supposed to protect the borders of our country ? The hon. Minister of State for Home had gone on record indirectly admitting this very position. This was what he said when a question was asked to him :

"There are a few people who are involvolved in the movement. May be; someone is an ex-army personnel and a person occupying the high office."

This is what Mr. Makwana said. If a retired General of the Indian Army is indulging in this activity of trying to sell out this idea to the military officers and personnel, are we to take it that this is a very light matter ? I would like to know from the Minister of State for Home as to wha is the true position as far as this is concerned.

The other question I would like to ask is : whether it is not a fact that when the meeting in Anandpur Sahib was held, the people were speaking of Khalistan ? Slogans were raised and posters were printed :

"AKALEE TAKHTA TO AEE AVAZ KHALISTAN ZINDABAD."

The other one is more serious.

"TIRANGA LAK DEWANGE KESARI ZULA DEWANGE."

What more anti-national activity do you want from these people ? It means that we shall put down the nation's tri-colour flag and hoist the Kesri flag instead.

I would like to ask a question from the hon. Minister as to what action have you taken against these persons ? At that time you had MISA. Now you have NSA. Have you detained even a single person under that ? If you are not doing that and if someone feels that there are some people interested in this Khalistan movement who are sitting in the Government then it will not be possible for all of us to blame such a person.

There is one more thing which I would like to submit to the hon. Minister. On 13th April, 1981 the Constitution of our country was torn to pieces in the meetings which was held by these Khalistani activists. In this connection I invite the attention of the hon. Minister to the report published in the Indian Express :

"Pages of the Indian Constitution were torn and thrown at the audience at the Akali Dal World Sikh Convention on Monday. A youngman sitting close to the dias did so. The former Inspector General of Police, Mr. Bhagwan Singh Dhanawalia, now an adviser to the Dal was speaking about the Constitutional inadequacies who was by the side of this particular man."

So, I invited your attention to ex-General in the Army. I am inviting your attention to the activities of the retired Inspector General of Police. Now, I would like to

draw your attention to the activities of a retired High Court judge who attended this particular meeting and I would like to know as to whether an action was taken by the Government.

Sir, when this particular Resolution in the year 1973 at Anandpur Sahib was passed it was attended by Professors, lawyers, retired High Court judges and still we are told that there is no support of intelligent people and only some people here and there coming from other countries are supporting this particular agitation. I would, therefore, request the hon. Minister to tell us what is the true fact in this? May I also ask from the hon. Minister whether it is not a fact that Dr. Jagjit Singh declared himself to be the Rashtrapati of Khalistan at Amritsar. He not only unfurled the Khalistan flag but also a transmitter was established at Amritsar which was relaying Khalistan news. This has all come in the newspapers and questions pertaining to this were asked from the hon. Minister in the other House. Unfortunately, I could not lay my hands on the replies given to these questions. Sir, at Anandpur Sahib near Nangal it is reported at present that the message is spreading with organised armed demonstrations supporting the Khalistan movement. Sir, my learned colleague showed the notes. It is not only the notes that they have published but they have printed passports. I have got a photostat copy of the same. It is not necessary for me to show it to the hon. Minister because it has already been published in the newspapers.

Sir, here it is a movement where a retired Inspector General of Police is there; where a retired General is there; where a retired High Court judge is there; where doctors and advocates are there; where ex-Ministers are there and still we are told that there is no support to the movement. As I said earlier I will be happy if it is so but it is very difficult for me to accept this statement in view of the circumstances which I have submitted for the consideration of this House.

After 1973 Resolution let us come to the recent events. In April 1981 at Vasakhi festival is it not a fact that there was a big Mela and a big gathering where persons from all walks of life had gathered. There a meeting was held and this demand was reiterated. May I ask the hon. Minister what steps did you take in March-April 1981? You were armed with all the laws. You had the detention laws. Did you take any steps ? Did you detain a single person ? No. you only detained the hon. Member of a Parliament for taking part in some activity under NSA, the hon. Mr. Roy. But you did not detain any person nor did you prosecute any person as far as this matter is concerned. Now in this connection I would also like to bring to the notice of the hon. Minister their latest activity. I must of course congratulate the Government for taking stern action. It is in November that is last week, that this Khalistan convention was to be held by Extremist Sikhs at Nankana Saheb in Pakistan on Guru Nanak Birthday. They were going to assemble. They were going to pass a resolution. So, their activities are still going on. They were going on with their activity even during the last week. But fortunately the Government gave a strong note to the Pakistan Government and this was stopped. This would show that up to this particular day their activities are still going on. Therefore there is no substance in the contention of my friend that there is no support. In this particular moment there is big support. The point is we are all concerned with the oneness and the integrity of this nation. The question is: How should we put our heads together and find out a solution for this? we should find out a solution to face this evil so that this nation may not be divided once again. We have once faced this particular division in the year 1947. One thing has been said and I request you to find out the truth. I find from some papers that the roots of the Khalistan movement can be found since 1947. It is said that some hon. Sikh Members of the Constituent Assembly refused to sign the Constitution. May I know if this is correct? Have you gone

through the reasons as to why they refused to sign the Constitution? In some books it has been mentioned that some promises were given but the promises were not fulfilled and therefore they refused to sign the Constitution. And the roots of this Khalistan movement are there laid down since then. I would like to know whether this is true because that is mentioned in one of the speeches made by one of the persons who indulged in this particular activity.

There are other problems also to which we have to pay attention. I feel that the question has to be solved by taking every body into confidence. The question cannot be solved only on political platforms. The question cannot be solved only by telling us that : "I was in jail for so many years I am a nationalist; I know how the issues are to be solved and so on. That is not the reply which is expected from the hon. Home Minister.

I may therefore submit respectfully that we have to develop a feeling of oneness, a feeling that we coming from Kashmir to Kanyakumari are one; we are Indians we are all Bharatiyas; and unless we try to develop that feeling we will not be able to succeed. Simply by the use of guns and bayonets you will not be able to solve this particular problem. Eeven the Government is weak. A reference was made by my learned colleague who spoke before me that a person had been murdered in broad daylight. Lala Jagat Narain. Then the President of a Political Party was murdered in the next week. The *modus operandi* is the same. 3 persons came on motor-cycle. They shot at the particular person the vitctim. He is dead. You are not in a position to find out the culprit. You simply make an appeal to the culprit. You say we feel that you are a suspect; why don't you surrender. And when he did not surrender you go on your knees and you only request him to surrender. This is not the way that a Government functions. By this way of functioning these problems cannot be solved.

I will end with one thing Sir. One of the hon. Members of the Rajya Sabha ended with this sentiment and I would like to quote. He said:

"I would like to ask two questions to the Government. Who are we? And where do we belong to ?"

And he said :

"I repeat the words of a Film Song:

"हम उस देश के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है।"

Unles we develop this feeling in the minds of all persons staying in this country such question cannot be solved. Of course I would again request you to take certain measures, certain steps which, as a Government, you can take, so that it would be better and easier for us to sovle this problem.

**1h ours.**

SHRI R. L. BHATIA (Amritsar) : Mr. Chairman Sir,

MR. SAMAR MUKHERJEE, while making his speech, said that the Punjab Government is following a weak-kneed policy.

May I submit respectfully that the situation that is prevailing in Punjab is very sensitive and serious ?

It is to be considered very cautiously and since it is a border state, the sensitivity of this area is all the more important. The Punjab Government is firm in bringing the culprits to book and they have already been able to catch 3 people in this connection. Mere so when the religion is mixed with politics and the culprits run to the Golden Temple would you like the police to enter the Golden Temple and bring out the culprits ? This is the situation in which punjab is placed and I am sure with their firm conviction, they will be able to catch hold of all the culprits who are responsible for the murder of innocent people including Lala Jagat Narain. The hon. Member sitting Opposite also men-

tioned in this speech that this movement is taking place in ths US and other countries and since we have to take IMF loan from America we are not very serious with them. For your information, I may tell you that the dollar which you have shown and the letter referred to is from a person in Vancour and Vancoury is not in the U.S.A. it is in Canada (*Interruptions*). He is a stateless person. Read his statement in the news item. He may be staying somewhere.

Sir, Shri Suraj Bhan has said that the Prime Minister has invited Hindu leaders and polictical parties were not invited. I am sorry to say that if he wants to call himself a Hindu leader, well we can certainly recommend that he should be called (*Interruptions*). He has also said that all the political parties should have been invited. But I may tell the House that all the political parties relevant to this were called. Out of 117 seats in Punjab, B. J. P. does not have one. (*Interruptions*) You are not a recognised political party in Punjab.

An hon. Member : That was not the reason to invite only certain political leaders.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (New Delhi) : When the Hindu leaders appealed that they would like to take part in the meeting why did you not invite them ? Congress-I men are Hindus, Congress-I men are Sikhs and they are invited. But you are not prepare to take other political parties into confidence.

SHRI R. L. BHATIA : I said that Hindu leaders appealed to the Government that they have also a point of view and these people appealed and requested and they were invited. That was the point. The real thing that he said was that Shri Bhinderanwale was arrested and then released. Sir, the person who was arrested after the murder of Lala Jagat Narainji mentioned something about Shri Bhinderanwale and consequently warrants were issued against Shri Bhinderanwale. But after full enquiry and investigation nothing material was foundin his possession and therefore he was released. We do not say that anybody whosoever is responsible should be released. But law is there and there is the supreme Court's decision before us that you cannot question any person, in whom you have a doubt unless he is accompanied by lawyer. You can investigate the case only before a lawyer.. So that also stands in our way of investigating these culprits in proper manner. But anybody who is a culprit shall be dealt with properly (*Interruptions*). Here nothing was found in this possession. Can you catch held of anybody whom you suspect but nothing was found in this possession?

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadavpur) : Are you speaking on behalf of Punjab Government.

MR. CHAIRMAN : If I understood him right, Shri Bhatia has been giving his own views. So far as Punjab Government's views are concerned, they do not have any spokesman here. Of course, on behalf of the Government of India, our Home Minister or the Prime Minister may give the reply.

SHRI R.L. BHATIA : Sir, Punjab is a border State and the situation there is quite serious. We would request that all parties should view this situation from a national point of view. What is happening in Punjab is also happening in eastern India and this policy of destabilisation by some foreign powers is there and we all know about it. We must see to it that this perspective must be taken from a national point of view.

Some people are trying to break the harmony in Punjab. As the earlier speakers from Punjab have mentioned, there is a great communal harmony among Hindus and Sikhs there. In spite of all this provocation, there has been no communal riot or anything of that kind. The people of Punjab are secular in views, and, therefore, they are taking it in that spirit. However, some People are trying to break

that harmony. Among those persons, there is one Jagjit Singh Chauhan, whose name has been mentioned by Shri Samar Mukherjee also. This genetleman in 1971 war went to Lahore and broadcast anti-national feelings from there. His entry was banned, but unfortunately, he was permitted to come to India in 1977 when the Janata Government was in power.

The Akali Party cannot absolve themselves from the responsibility that they are also sharing the view that Khalistan should be there. I can give you so many instances by which you will be able to judge that Akali Party is an accomplice in this thinking. Anandpur Resolution was passed in 1973 in which Sikhs were declared a nation.

Akali Party was present in that meeting. Akali leaders made speeches and they accepted that; even now in their various speeches, they are mentioning the Anandpur resolution. So, they cannot absolve themselves of the responsibility of the demand for Khalistan.

As I said, at the time the Akali Party was in power in Punjab and at the Centre along with Janta Party, Shri Jagjit Singh Chauhan was permitted to enter India. His entry had been banned by the Congress Government, but he was permitted to come back to India by the Janata Party, when our respected friend, Shri Vajpayee was the Foreign Minister. Why he was permitted, we do not know. Whether he was ignorant about his activities or he was hard-pressed by the Akalis to permit his entry into India, it is for him to answer. But these are the facts that we know.

In 1981, a Sikh conference was held at Anandpur again, where Khalistan resolution was passed and the Akali leadership was there in that conference. They cannot, therefore, say that they are opposed to the demand for Khalistan. It is because they are a party to that resolution and thinking of Khalistan.

Further, the extremists are hiding themselves in the Golden Temple and living in the precincts thereof. The Akali Dal has its headquarters there. These culprits are hiding themselves in the Golden Temple and its precincts, and Akalis are not surrendering them. The Punjab Government, and the Chief Minister personally, have made a personal appeal to them that these are the people; these are their names, and they are wanted by the police, but they have not been surrendered. They simply say, "You go and find out the culprits for yourself". And if the police enter the Golden Temple, they will shout that the police has entered the precincts of the Golden Temple. So, the Akalis are responsible for all this trouble that is happening in Punjab. Sir, have Akalis condemned the murder of Lala Jagat Narainji ? Have they condemned the murder of innocent people in Punjab ? They have not. Not even have they condemned the hijackers. That shows they have either sympathy or they are abetting all those actions in Punjab.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : Then why are you having talks with Akalis ?

SHRI R. L. BHATIA : We are having talks to solve the present phase. Not that Akalis are not responsible. I am calling it that in order to defuse the situation, it is necessary for the Government to create conditions by talks. And you don't like that we talk to the Opposition people. We talk with you also.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : And abuse us also.

SHRI R. L. BHATIA : Sir, this is a measure. Truth cannot be hide by any pretext. Akalis are solely responsible for all this situation and they cannot absolve themselves. When they are in power, they don't say Khalistan or put up any demand at all. When they were in power for two and a half years, they could not name the Flying Mail coming from Amritsar to Delhi as Golden Temple Express. But when they are not in power, they put up such demands. They also put up demands that Gurdwaras in Pakistan should be taken back. Where were they for two and a half years, when they were in power ? They did not demand then. Then why are they putting up

this demand now ? When they are out of power, they put up demands and when they are in power they are silent.

Sir, I also charge the BJP. They were also silent when Akalis were demanding all these or doing all sorts of things. When the Akalis were in Punjab Government and they also joined at the Centre, as I said, well you condoned the passport of Jagjit Singh and there solution was there. When they joined you and shook hands with you and made party with you, at that time the Resolution was there. Don't forget it. In 1977, you cooperated with them knowing fully well that they are a communal power and they are having Anandpur Resolution, which Shri Suraj Bhan and Shri Parulekar have just now mentioned. The Resolution is still there. So, today you cannot escape that responsibility that you did not let those things happen.

SHRI SOMNATH CHATTARJEE : What about Shiv Sena in Maharashtra ?

SHRI R. L. BHATIA : Its name is different. But everybody is speaking about Khalistan and my friends are also speaking about it and I have to reply.

Sir, I want to congratulate the Punjabi people who in spite of these provocations have remained peaceful and were having an attitude of wait and see while the Government is performing its duty. Punjabis have a very distinct character. They are brave people. They have a robust commonsense and they are secular in outlook. Punjabis have fought these wars. They have withstood difficult times. In the time of peace they have given Green Revolution by dint of their labour. They have a robust commonsense because they adopted the modern methods in farming and they are quite open to challenge and that is why they are a very successful community wherever they go. Whether they go to Bombay, Calcutta or Kanpur or even go abroad, they play an important role in the society they live in. They are very secular in outlook. As I have mentioned, in Punjab in spite of provocations, there has been complete harmony, although some people are trying to...

MR. CHAIRMAN : You may conclude now.

SHRI R. L. BHATIA : Yes, I am concluding.

Sir, I want to assure all the people living in Punjab whether they are minority communities or others that so long as Shrimatti Indira Gandhi is in power, the peace shall prevail and no culprit will be permitted to roam about on the road.

That is the only answer that we want to give. In this connection, my appeal to all the national parties is to cooperate. Let us not make it a party affair. It is a very sensitive issue. It is a crisis in a sensitive area—in a border State where Pakistan has borders with this State. We know the intentions of Pakistan. Therefore, let us not make it a party issue, but see it from the national perspective, and see to it that peace prevails in Punjab.

**श्री भोगेन्द्र झा** (मधुबनी) : सभापति महोदय, आज जिस विषय पर हम विचार कर रहे हैं, वह विषय भारत की राष्ट्रीयता और भारत की अखंडता के साथ अनंत काल से जुड़ा हुआ है। हमारा देश बहुत सी भाषाओं, बहुत से संप्रदायों और बहुत से परस्पर-विरोधी मतावलंबियों को मिला कर एक राष्ट्र बना हुआ है। दुनियां के बहुत से अन्य राष्ट्रों से हमारा देश भिन्न है। इसमें दो बातें निहित हैं: एक तरफ तो भाषा, संस्कृति, संप्रदाय और अन्य बातों में विभिन्नता, और दूसरी तरफ उस विभिन्नता में एकता, अनेकता में एकता। वह एकता इस आधार पर है कि हम परस्पर-विरोधी मत को सहन ही नहीं करते, उसे बर्दाश्त ही नहीं करते, उसकी इज्जत भी करते हैं, उसको प्रतिष्ठा भी देते हैं। यह हमारी राष्ट्रीयता का आधार रहा है।

गत 15 नवम्बर को संयोगवश मेरे लिए वह सौभाग्य का समय था, जब 41 बरसों के बाद कुछ विस्तार से सीमांत गांधी से—मैं उन्हें महर्षि कहना पसंद करूंगा, महर्षि खान अब्दुल गफ्फार खां—से मेरी बातें हुई। पटना में इमारते-शरिया के नए

भवन के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने बड़े दर्द से कुछ बातें कहीं। आज हमारे देश के विभिन्न भागों में जो कुछ हो रहा है, उसमें दो बातें एक साथ मिल गई हैं। एक तरफ विभिन्न हिस्सों में देश की एकता के लिए खतरा पैदा होता है, अलगाव और तोड़फोड़ की ताकतें सक्रिय होती हैं और हिंसा को बढ़ावा मिलता है। इस खतरे से आंख मूंद लेना और शुतुरमुर्ग की तरह व्यवहार करना हमारे देश के हित में नहीं होगा—हममें से किसी के हित में नहीं होगा।

खतरा है, मगर इस खतरे के कारण हम अपने आप को असहाय मान लें, हम निराश हो जाएं, बदहवास हो जाएं, या घबराहट में ऐसा सोच लें कि एकता टूट ही जाएगी, वह टूट ही रही है, तो वह दूसरी बड़ी गलती होगी, वह एक बहुत बड़ी भूल होगी जैसी भूल इतिहास में एकाध बार हम कर चुके हैं। वह भूल भी नहीं करनी है।

आज अभी हमारे देश में अशांत वातावरण है। उस वातावरण से शासक-गिरोह, शासक-दल, शासक वर्ग अपने को वंचित नहीं कर सकता। हमारे मित्र जनता पार्टी की सरकार में रहे हों या पहले की कांग्रेस सरकार में रहे हों या आज की कांग्रेस (आई) की जो सरकार है उस दल में रहे हों, मैं सभी को शासक-वर्ग में समेट कर एक साथ कह रहा हूं कि देश में जो पूंजीवादी रास्ता अपनाया गया है जिस पूंजीवादी रास्ते के चलते लोग असंतुष्ट होते हैं, बेकारी बढ़ती है, निराशा बढ़ती है, महंगाई बढ़ रही है, भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, काले धन का पैसा हिंसा बढ़ाने के लिए, हिंसा उकसाने के लिए, पैसा देकर किसी को कत्ल, किसी की हत्या करवाने का जो काम बढ़ रहा है, इसके लिए जो काले धन का इस्तेमाल होता है, इसी माने में मैंने कहा, मैं इच्छा की बात अभी नहीं कह रहा हूं लेकिन शासक वर्ग की नीति, पूंजीवादी वर्ग की नीति उस के लिए जिम्मेदार रही है, और उस के लिए जिम्मेदार आज भी है। आज भी जब यह समस्या मणिपुर में, मिजोरम में उठती है, आसाम में उठती है तो कहीं भी यह कहने की हमारी हिम्मत नहीं होती है, मेरी हिम्मत नहीं होती है कि मैं कह दूं कि उन की सारी शिकायतें बेबुनियाद हैं, उनकी कोई शिकायत जायज है ही नहीं, यह कहने के लिए मैं तैयार नहीं हूं। इसलिए कि उपेक्षा हुई है, जायज मांगें अनसुनी की गई हैं और इसलिए हमारी आबादी के एक हिस्से में कुछ निराशा भी फैली है क्योंकि हम ने समय पर उस का समाधान नहीं किया है।

अब जहां तक पंजाब का मामला है, हम सभी जानते हैं कि 47 के बंटवारे के लिए पंजाब जिम्मेदार नहीं है मगर फल उस को भुगतना पड़ा। पंजाब के हिन्दू या सिख या मुसलमान जो भी थे उन का बहुमत उस बंटवारे के पक्ष में नहीं था। मुस्लिम लीग जो बंटवारे चाहने वाली संस्था थी उस की सत्ता पंजाब में नहीं थी। मगर बंटवारा हुआ। अभी जैसा मैं ने जिक्र किया, 15 नवम्बर को खान अब्दुल गफ्फार खां ने कहा कि जिन्होंने पाकिस्तान की मांग नहीं की थी उनको आपने पाकिस्तान में ढकेल दिया। मगर जब बंटवारा हुआ, उस बंटवारे के बाद लाखों लोग इधर से उधर गए और उधर से इधर आए। पंजाब के ऐसे लाखों लाख बंधु थे जो बेघरबार हो कर आए, माताएं आईं, बहनें आईं कुछ अपना सोहाग खो कर आईं और उस खानाबदोशी की हालत में जितने पश्चिमी पाकिस्तान से शरणार्थी आए थे, मुख्यतः उस में पंजाबी और सिंधी थे, वह आज देश के विभिन्न हिस्सों में प्रतिष्ठित नागरिक बन गए हैं। उन्होंने अपनी ही नहीं जिस इलाके में गए उस इलाके की उन्नति में, वहां के कारोबार को बढ़ाने में, कहीं-कहीं छोटे और मझोले उद्योग लगाने में अपने को सहायक साबित किया है। और इस से पहले का भी इतिहास, आजादी की लड़ाई का इतिहास हम जानते हैं। अभी तक की बातें हम जानते हैं और इन सब की बिना पर भरोसे के साथ हम कह सकते हैं कि जो भी दिक्कतें हैं, जो भी उलझनें हैं और जो भी तोड़फोड़ की शक्तियां वहां सक्रिय हैं उन से जो खतरा पैदा हो सकता है उस खतरे का मुकाबिला तो करना है मगर बगैर बदहवासी के, बगैर होश हवास को खोए हुए इस विश्वास के साथ कि पंजाब के बाशिंदे सभी पंजाबी, चाहे वह सिख हों, या गैर-सिख हों देश की एकता पर आंच नहीं आने देंगे, देश की एकता के लिए सारे भारत के साथ एक साथ मिलकर खड़े होंगे। यह इस का आधार है जिस आधार पर भारत की सरकार को कदम उठाने की आवश्यकता है, पंजाब में काम कर रहे विभिन्न दलों को और हुकूमत के लोगों को इस आधार पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

मगर वहां कुछ घटनाएं हुईं, अमृतसर में कुछ दुकानें लूटी गईं, कुछ दुकानों में आग लगाई गई, सिगरेट बेचने की दुकानों में आग लगाई गई। मेरा जैसा आदमी बड़ा खुश होगा अगर देश के सभी लोग पूरी तरह से सिगरेट पीना, धुंआ पीना छोड़ दें। इसलिए अगर कुछ सिख नौजवान जिन्होंने ऐसा किया, वह अगर इस के लिए प्रचार करते तो मैं भी शायद उन में शामिल हो जाता, मगर उस के लिए जब लूटपाट की घटनाएं हुईं, जोर जबर्दस्ती की घटनाएं हुईं, आगजनी की घटनाएं हुईं तो वहां पर कम्युनिस्ट पार्टी ने जुलूस निकाला। कम्युनिस्ट पार्टी ने उस लूट-पाट के खिलाफ जुलूस निकाला था और दूसरी राजनीतिक पार्टियों का आह्वान किया था कि आइये, इस सवाल पर आप हमारा साथ दीजिए, सुरक्षा के लिए हम सब मिलकर काम करें। आज मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि जो भी राजनीतिक पार्टियां वहां पर हैं—वह चाहे कमजोर हैं या मजबूत हैं—मैं नहीं समझता कोई भी राजनीतिक दल इस पक्ष में होगा कि दुकानों को लूटा जाए और वह भी अमृतसर जैसे पवित्र स्थान में पवित्र स्वर्ण मंदिर के पास—उनकी ओर से राजनीतिक स्तर पर कोई विरोध नहीं हुआ और सरकारी दल को तो जैसे लकवा ही मार गया।

अभी यहां पर बहुत सारे मित्र सरकारी कदम उठाने की मांग कर रहे थे। उसकी भी जरूरत है लेकिन क्या सिर्फ उसी से काम चल जायेगा? क्या सिर्फ दमन की ही आवश्यकता है? क्या सिर्फ फौज या पुलिस की शक्ति से ही दबाने की आवश्यकता है? मैं कहूंगा—नहीं। उसकी भी जरूरत तो है लेकिन सिर्फ उसी से काम नहीं चलेगा। आज कुछ लोगों की समझ उलझ गई है, कुछ लोग उलझन में पड़ गए हैं। कुछ लोगों की शिकायतें जायज हैं और कुछ की शिकायतें मनगढंत हैं। कुछ लोग विदेशी प्रचार में पड़ गए हैं। इस तरह से आज हमारे देश पर खतरा है। हम जानते हैं कि अमृतसर और पंजाब केवल पश्चिमी हिस्सा ही नहीं हैं, वह सिर्फ अपने लिए ही नहीं है बल्कि संपूर्ण भारत का आज वह प्रहरी है। वह आज भारत के लिए एक किला है जब भी कभी हमारे देश पर मुसीबत आई है तब उसने एक किले के रूप में और एक प्रहरी के रूप में काम करके देश की रक्षा की है। ऐसी हालत में दमन की आवश्यकता भी पड़ सकती, हत्यारे को गिरफ्तार करने के अलावा और कोई रास्ता भी नहीं है लेकिन हत्या के वातावरण को मिटाने के लिए एक राजनीतिक अभियान की भी आवश्यकता है। इसके लिए एक राजनीतिक आंदोलन की आवश्यकता है जिसके द्वारा उस गलत समझ के खिलाफ अभियान चलाया जाए जोकि इस देश के खिलाफ है और इस देश के सभी संप्रदायों के खिलाफ है। आज इस प्रकार के आंदोलन को चलाने की बड़ी आवश्यकता है। आज पंजाब के अलावा दूसरे स्थानों के सिख भी इस बात को महसूस करते हैं कि अगर जरूरत हो तो हम भी बिहार से, कलकत्ता, से, बंगाल से, उत्तर प्रदेश से, हैदराबाद से, बंगलौर से वहां पर जायें और जाकर अपने भाइयों से कहें कि आप जो कुछ कर रहे हैं वह दूसरों के खिलाफ तो है ही, हमारे अपने हित के भी खिलाफ है।

**सभापति महोदय** : आप समाप्त कीजिए।

**श्री भोगेन्द्र झा** : मैं समाप्त कर रहा हूं।

तो मैं आग्रह करूगा कि राजनीतिक दल एक दूसरे पर चोट कर सकते हैं लेकिन जो शासक दल है उसके ऊपर अधिक जिम्मेदारी है। सरकार के पास आकाशवाणी जैसे जो प्रचार के माध्यम हैं उनके जरिए से राष्ट्रीय एकता के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार करने की आवश्यकता है। आकाशवाणी से खबरें तो प्रसारित की जायेंगी लेकिन जो मूल तत्व है जिसके जरिए से लोगों के मन को बदलना है उस पर हमारी आकाशवाणी चुप रहती है। इसलिए मेरा आग्रह है कि राजनीतिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी एक अभियान चलाने की आवश्यकता है।

जहां तक संप्रदायों का मामला है, सारी गड़बड़ियों के बावजूद, सामन्ती समाज की बहुत सी कुरीतियां चालू रहने के बाद भी हमारी मजहबियत में यह खूबी रही है कि एक सहोदर भाई यह समझता है कि मछली खायेंगे तो दोजख में जायेंगे और दूसरा भाई यह समझता है कि अगर मछली नहीं खायेंगे तो न वह यहां मिलेगी और दोजख में तो मिलती ही नहीं इसलिए यहीं से स्वर्ग में उसको पार्सल करना होगा। इस तरह से यहां पर एक दूसरे के लिए प्रतिष्ठा है और इज्जत है। यह जो हमारी विशिष्टता रही है और आज भी इस बात की आवश्यकता है कि अनेकता में जो एकता का वातावरण है, इस

का हम प्रसार करें और साथ ही साथ जो बेकारी और भ्रष्टाचार है तथा जो कुछ भी काला-धन है, जिसको यह सरकार बढ़ाए जा रही है, उस स्थिति में इस तरह के तत्वों को बढ़ावा मिल रहा है और सरकारी दल उससे बच नहीं सकता है।

पंजाब के बारे में आम चर्चा है, गृह मंत्री जी कहेंगे कि गृह मंत्री और मुख्य मंत्री के गुटों में मतभेद के चलते समस्या को बढ़ाने में मदद मिल रही है, संभाल में नहीं है, यह नहीं कि संभाल नहीं सक रहे हैं, बल्कि यह बढ़ा रहे हैं। आप देश के और भी हिस्सों को देखिए, बिहार में राजनीतिक हत्यायें होती हैं . . (व्यवधान) आप नहीं सुनना चाहेंगे तो मैं बन्द कर दूंगा और यदि आप कान बंद कर लेंगे तो मुझे कोई एतराज नहीं है और मुझे बैठने के लिए कहेंगे तो मैं बैठ भी जाऊंगा, मैं जबरदस्ती सुनाना नहीं चाहूंगा। ऐसी स्थिति में हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। अभी बिहार में भी राजनीतिक हत्यायें हुई हैं। सभापति जी आप खुद बिहार के हैं, मैं आशा करता हूं कि आप को भी इस बारे में खबर होगी कि वहां एक के बाद दूसरी और दूसरी के बाद तीसरी और तीसरी के बाद चौथी हत्या तथा चार बरस के बच्चे को मां की गोद से लेकर हत्या कर दी गई और कुछ मुकदमों में पुलिस के स्तर पर ही फाईनल रिपोर्ट देने के लिए पटना सरकार से आदेश आया, खून साबित होने पर भी, जो कि ब्रिटिश के जमाने में भी अभी तक नहीं हुआ था। अदालत से भले ही वह प्राइवेट डिफेंस के नाम पर रिहा हो जाएं। इस तरह से अपने गुट के हित में, व्यक्तिगत हित में, मेरी समझ में जबकि यह किसी का हित नहीं है, लेकिन उसको हित समझकर हिंसा को बढ़ावा सरकार के लोग दें, मंत्री लोग दें और सरकारी सत्ता में बैठे हुए लोग दें, तो उसको संभालना देश को कठिन हो जाएगा। इसलिए मैं अपील करता हूं कि हमें दल या पार्टी लेवल से ऊपर उठ कर देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए जो सांप्रदायिक शक्तियां हैं, उन से दोनों स्तर पर एक यह जो उनकी जायज मांगें हैं, उनको पूरा करके उन की जो जायज तकलीफें हैं, उन को दूर करके, इस समस्या को दूर करने की कोशिश करनी चाहिए और उसमें कोई प्रतिष्ठा का सवाल नहीं आना चाहिए, चाहे मिजोरम का मामला हो, चाहे असम का मामला हो, चाहे पंजाब का मामला हो या किसी और हिस्से का मामला हो। दूसरी बात यह है कि आम प्रचार के जरिए राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता है, मगर जहां पर कत्ल का सवाल आता है, जो कि लगातार बढ़ती जा रही है तो राजदंड को इस्तेमाल करने की चूक खतरनाक है, उस मायने में सरकार चूक रही है, अपने कर्त्तव्यों से विमुख हो रही है। उसको इस मायने में विमुख नहीं होना चाहिए।

**श्री एच० के० एल० भगत** (पूर्व दिल्ली) : सभापति महोदय, यह हमारे लिए ही नहीं बल्कि किसी के लिए भी खुशी की बात नहीं है कि हम पंजाब की सूरत के बारे में सदन में चर्चा कर रहे हैं। जिस प्रदेश के लोगों ने, चाहे आजादी की लड़ाई से पहले या बाद में पंजाब के सारे लोग चाहे हिंदू थे, मुसलमान थे, सिख थे उन्होंने बहुत कुर्बानियां की हैं। जिस प्रदेश ने भगतसिंह शहीदे आजम दिया, जिस प्रदेश में गुरु नानक साहब ने एकता का संदेश दिया, जो सारे भारत और संसार में गूंजा। जिस प्रदेश में आजादी के बाद जो हमारी लड़ाइयां शुरू हुई, उसमें छोटे-छोटे बच्चों ने, बहनों ने, बड़ों ने, बाहर से जो हमले हुए, उनका बहादुरी के साथ मुकाबला किया। बरसत हुए बमों के बीच खेतों में जाकर हमारे जवानों को रोटी पहुंचाई। अभी हमारी बहन बतला रहीं थीं--जो प्रदेश अपने पैदा किये अनाज का अधिकतर हिस्सा देश को देता है, जिस प्रदेश के लोगों ने सिर्फ, पंजाब को ही नहीं बनाया, कहीं भी जा कर बसे, चाहे दिल्ली में बसें तो दिल्ली की शान को चार-चान्द लगाये, यू०पी० में बसे तो यू०पी० को आगे बढ़ाया, दुनिया के किसी भी कोने में गये, उन्होंने अपनी ताकत, हिम्मत और काम से दूसरों के साथ उस देश का नाम ऊंचा किया इंडस्ट्रीज को बढ़ाया, आज उस प्रदेश के बारे में हम लोग चर्चा कर रहे हैं। मुझे कोई खुशी नहीं है जिस अन्दाज में चर्चा कर रहे हैं उससे भी खुशी नहीं है, जो हो रहा है वह भी बहुत अफसोसजनक बात है। मैं बापू साहब पारुलेकर का बहुत आदर करता हूं, बहुत पुराने सुलझे हुए आदमी हैं, बहुत समझदारी से बोलते हैं, उन्होंने कुछ बातें यहां पर कहीं, कुछ पुरानी बातों की हिस्ट्री सुनाई और आखिर में वह जिस नतीजे पर पहुंचे, मैं बड़े अदब से पूछना चाहता हूं--"क्या वह बात सही है?" मान लीजिये किसी हद तक कोई बात सही

हो, तो भी किसी बात को किस तरह से कहना चाहिये, उनको समझना चाहिये था, हालांकि मैं उनकी बात से बिल्कुल एग्री नहीं करता। उन्होंने कान्कलूजन में कहा--खालिस्तान के लिये--देअर-इज-बिग-सपोर्ट। यह एक्सप्रेशन उन्होंने यूज किया था। हम जरा सोचें--सब से पहली बात तो यह है कि क्या यह सही है।

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR : Let the records be seen.

SHRI H.K.L. BHAGAT : If it is wrong, I am sorry for that.

MR. CHAIRMAN : If I remember aright, what he said was that an ex-High Court Judge, an ex-Army General and an ex-Inspector-General of Police were extending their support to it.

SHRI H.K.L. BHAGAT : I will withdraw my words if the impression in my mind is wrong. But I do feel that he has said this.

MR. CHAIRMAN : No, he said that..

**श्री एच०के०एल० भगत** : मैं आपकी बात समझ गया। इस बारे में मेरी यह राय है कि खालिस्तान के काज के लिये हिन्दुस्तान में कोई सपोर्ट मौजूद नहीं है। मैं सिखों से रोजाना मिलता हूं, पंजाब के सिखों से मिलता हूं, दिल्ली के सिखों से मिलता हूं, यू०पी० के सिखों से मिलता हूं, अभी हाल में मुझे बाहर जाने का मौका मिला--बैंकाक के सिखों से मिलने का मौका मिला, वहां 30 हजार सिख रहते हैं, उसके बाद टोकियो में मुझे कुछ कैनेडियन सिख मिले उनसे मैंने बात की, मुझे एक आदमी भी खालिस्तान के हक में नहीं मिला। आस्ट्रेलिया के कुछ सिख मिले, वे भी खालिस्तान के खिलाफ थे। मेरा कहना यह है कि खालिस्तान के लिये सिखों की कोई सपोर्ट नहीं है। मेरा यह कहना नहीं है कि पारुलेकर साहब ने जितनी बातें कहीं, सब गलत हैं, उन्होंने कहा कि इनको लाइटली नहीं लेना चाहिये, यह ठीक बात है, मैं भी इस के हक में हूं। लेकिन सवाल यह है कि क्या करना चाहिये। उन्होंने बातें तो बहुत कहीं, आखिर में यह कहा कि सरकार को कदम उठाने चाहियें, यह सरकार की जिम्मेदारी है। यह सब ठीक है, सरकार को कदम उठाने चाहियें, यह सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन सवाल यह है कि कदम क्या उठाने चाहियें? ए, बी, सी, डी एक भी कदम उन्होंने सजैस्ट नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि सब मिल-वर्तन की भावना पैदा करनी चाहिये, सब ने इस बात का जिक्र किया है, इससे ज्यादा किसी ने कुछ नहीं कहा। लेकिन आज जिस सवाल पर चर्चा हो रही है, उनके बारे में कोई कान्क्रीट सुझाव किसी ने नहीं किया। इस तरह से कह देना बहुत आसान है, लेकिन इस पर कोई कान्क्रीट सुझाव दिये जाते तो ज्यादा अच्छा था। वाजपेयी जी नाराज होकर कहने लगे कि पोलिटीकल पार्टीज के लीडर्स से बात क्यों नहीं करते। जरूर बात करनी चाहिये, ज्ञानी जी, अगर बात करने से मसला हल हो सकता है तो जरूर करनी चाहिये। असम के मामले में पोलिटीकल पार्टीज से बात हुई, बी०जे०पी० को छोड़कर सभी पार्टियों ने उस में हिस्सा लिया, उन्होंने असम के लोगों से अपील की, उन का एक नजरिया बना। इसलिये पोलिटिकल पार्टी से बात करना ठीक है, मैं उसके खिलाफ नहीं हूं।

पंजाब के बारे में पालीटीकल पार्टीज के लोगों से बात करो, यह एक सुझाव आया, क्या यह उस का सोल्यूशन है लाला जगत नारायण जी का कत्ल हुआ, यह बहुत दुःख की बात है, उनके कातिल को पकड़ना चाहिये। कौन नहीं पकड़ना चाहता? अभी तो एक किस्सा मेहता चौक में हुआ, बड़े दुःख की बात है। उसके बारे में जो कुछ भी हुआ ज्ञानी जी बतायेंगे। जो कुछ पंजाब में हो रहा है, ला एण्ड आर्डर के जो इसीडेंटस हो रहे हैं, उसके बारे में सबको हमको और आपको चिन्ता है सवाल यह है कि उसको दूर करने के लिये क्या तरीका है। एक तरीका तो यह है कि कुछ लोगों ने जैसे इशारा किया कि गवर्नमेंट कमजोर है, जरा सोफ्ट गवर्नमेंट है, गवर्नमेंट को ज्यादा मजबूत होना चाहिये। अब सवाल यह है कि मजबूत होवे लिये आप क्या स्टैप्स सजैस्ट कर रहे हैं। एक भाई यह कह रहे थे कि अकालियों से कुछ चर्चा हो रही है। अकालियों से हम बातचीत कर रहे हैं, हमारी प्राइम मिनिस्टर साहबा बातचीत कर रही हैं और उनकी बातों को समझने की कोशिश कर रही हैं और खुद लौंगोवाल जी ने कहा है कि बातचीत अच्छी हो रही है, हमें फ़ायदा हो रहा है। इससे थोड़ी मदद इस मामले में मिलेगी।

अब खालिस्तान के बारे में लौंगेवाल जी कहते हैं कि हम इसके हक में नहीं हैं, टोहरा ग्रुप कहता है कि हम इसके हक में नहीं हैं, कोई भी पोलीटीकल ग्रुप पंजाब में खालिस्तान के हक में नहीं बोलता । एक भाई ने कहा कि वे इसके खिलाफ़ नहीं बोल रहे हैं । क्यों नहीं बोल रहे हैं ? मैं कहता हूं कि जब वे खालिस्तान की डिमांड को सपोर्ट नहीं कर रहे हैं, तो क्या हम यह प्रीज्यूम करें कि वे जरूर सपोर्ट कर रहे हैं, हम यह कहें कि वे कर रहे हैं । मेरा कहना यह है कि हमको सोचना यह है कि हीलिंग टच किस प्रकार से इस चीज को दिया जा सकता है । अगर अकालियों से बातचीत कर रहे हैं, तो मैं समझता हूं कि वे भी हिन्दुस्तान के रहने वाले लोग हैं, बहुत काम करने वाले लोग हैं और बहुत बहादुर लोग हैं चाहे वे हमारे विरोधी ही सही लेकिन हम उनसे बातचीत कर रहे हैं । मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आपके साथ तो उनका हमेशा एलायन्स रहा है और हमेशा से पंजाब में अकालियों और जनसंघ अगर मिलते हैं, तो वे जीत जाते हैं वरना हार जाते हैं । आज सब कहते हैं कि राजनीति से हम ऊपर उठें लेकिन राजनीति से ऊपर उठते नहीं । वे ऐसा कहते जाते हैं लेकिन यह चाहते हैं कि ऐसी स्थिति पैदा हो जाए, जिससे इस सरकार की बदनामी हो जाए । हमारी बदनामी हो जाए, तो कोई बात नहीं है लेकिन सवाल यह है कि इस समय जो देश में एक प्रोसेस इमोशनल डिसइंटेग्रेशन का चल रहा है चाहे पंजाब हो, चाहे यू० पी० हो, चाहे कहीं कास्ट का नारा हो, कहीं आसाम का मामला हो और कहीं बिहार का मामला हो, उनके बारे में हमारा और आपका दिमाग़ क्या है और हमारा अमल क्या है । हम लोग उसका मुकाबला करने के लिए कहां तक तैयार हैं ?

हमारे एक भाई शिव सेना की बात कह रहे थे कि महाराष्ट्र में कांग्रेस (आई) के चीफ़ मिनिस्टर उससे सांठ-गांठ करते हैं । करते होंगे, मुझे नहीं मालूम, नहीं करनी चाहिए लेकिन मैं कहता हूं कि अगर मैं शिव सेना के इतिहास में जाऊं, तो मैं आपको बता सकता हूं कि जो उधर बैठने वाले लोग हैं, उन लोगों के ग्रुप ने शिव सेना से मेलजोल करके चुनाव लड़े हैं । इसलिए वे दूसरों पर पत्थर क्यों बरसा रहे हैं । वे जरा सोचें कि उनका दामन कितना साफ़ है । इसके माइने यह नहीं कि मैं समझता हूं कि ऐसा हो । न तो कांग्रेस (आई) के लोग और न विरोधी दलों के लोग इस प्रकार के संकुचित विचार वाले जो लोग हैं या जो पार्टियां हैं, उनसे वास्ता रखें । ऐसे लोगों और पार्टियों के साथ वास्ता नहीं रखना चाहिए, चाहे मैं हूं और चाहे आप हों । अमल में हम क्या करते हैं, यह देखना चाहिए । अब पंजाब का एक सवाल आ गया । इस देश में गुरुद्वारों के बारे में लोगों की यह फ़ीलिंग रही है और गुरुद्वारों के बारे में ही नहीं बल्कि चाहे मन्दिर हों, चाहे मस्जिद हों, चाहे चर्च हों, आम तौर पर लोग यह पसन्द नहीं करते हैं कि पुलिस वहां जाये । ऐसी भावना हिन्दुओं में भी है, यह भावना मुसलमानों में भी है और यह भावना क्रिश्चियनों में भी है । वे वहां पर पुलिस का घुसना पसन्द नहीं करते हैं क्योंकि वे खुदा की जगह है । इसके साथ ही साथ हमें लोगों में ऐसा वातावरण पैदा करना चाहिये कि कोई भी क्रिमिनल जा कर ऐसे स्थानों पर शैल्टर न ले सके कोई उस की मदद न करे, कोई उस को सहारा न दे और पालीटीकल रीजन्स पर उन को सपोर्ट न करे । इस प्रकार से हम सोचें खालिस्तान के बारे में । एक भाई ने कहा कि एक आदमी ने कह दिया कि मैं प्रेसीडेंट हूं तो उस के लिये पासपोर्ट इशू कर दिया । इसलिये खालिस्तान के इशू के बारे में मैं यह बड़े अदब से कहना चाहता हूं कि जहां हों इसके लाइटली नहीं लेना चाहिये, वहां हमें ओवर-एक्ट भी नहीं करना चाहिये और ओवर-रीएक्ट भी नहीं करना चाहिये । हम ओवर-एक्ट भी कर रहे हैं और ओवर-रीएक्ट भी कर रहे हैं । एक आदमी ने केनाडा से पौंड छपवा कर अखबारों में भेज दिया, तो दुनिया भर के अखबारों में यह बात आ गई । मैंने बाहर के विदेशी अखबारों को देखा है । उनमें खालिस्तान की चर्चा बहुत ज्यादा होती है । पी०टी०आई० ने दो लाइनें छाप दीं तो रायटर, ए०पी० और यू०पी०आई० से बढ़-चढ़ कर बातें आ गईं । मैं अभी आस्ट्रेलिया और जापान गया था

मैंने वहां के अखबारों में पढ़ा और वह पढ़ा जिनकी चर्चा हिन्दुस्तान के अखबारों में नहीं हो सकती, जैसी तकरीरें यहां नहीं हो सकतीं । यह सब विदेशी अखबारों में पढ़ने को मिला ।

पाकिस्तान बना, उसका भी नाम लिया गया । अब मैं उस हिस्ट्री में नहीं जाना चाहता । मैं तो पाकिस्तान में रहता था, वहां तो मेरा पुराना घर है । मैंने पाकिस्तान बनने की डवलपमेंट को देखा

है। हम तो पाकिस्तान के खिलाफ थे, इसके बनाने के खिलाफ थे। लेकिन पाकिस्तान बनाने में जहां और कारण जिम्मेदार थे वहां पाकिस्तान के खिलाफ हमारे कम्युनल लोगों का एक जबर्दस्त रिएक्शन भी जिम्मेदार था। (व्यवधान) आप मत बोलिये। मिस्टर जिन्ना के पास एक अखबार नहीं था। जो उस वक्त सारा एन्टी पाकिस्तान प्रेस था उसने पाकिस्तान का इतना जबर्दस्त प्रचार किया कि पाकिस्तान मूवमेंट को उससे बहुत बल मिला, उसका बहुत प्रचार हुआ। आप लोग इस बात को समझ लें और अच्छी तरह से समझ लें कि चीजों को एग्जरेट करने से, बढ़ाने से, लम्बी-चौड़ी कर के पेश करने से फायदा नहीं होता है।

मैं आप से कहना चाहता हूं कि पंजाब के हिन्दू पंजाबी बोलते हैं, पंजाबी में बात करते हैं लेकिन जब मदर टंग लिखवाने का वक्त आता है तो हिन्दी लिखवाते हैं। मैं दिल्ली में रहता हूं। मुझ से कहा जाता है कि आप हिन्दू हैं, आप अपनी मदर टंग पंजाबी क्यों लिखवाते हैं। मैं उनसे कहता हूं कि मेरी मदर टंग पंजाबी है। इसलिये मैं आप से कहता हूं कि हमें इन सब बातों से बच कर चलना है, गवर्नमेंट को इस सब से बच कर चलना है। आज आप इन्टरनेशनल सिचुएशन को देखिए कि वह क्या है, कितनी खतरे वाली है। दुनिया की एकोनोमिक सिचुएशन क्या है?

पंजाब हमारी बार्डर स्टेट है, बहादुर स्टेट है, सेन्सिटिव स्टेट है। इसने हमारा हमेशा साथ दिया है। जब वहां के लोग खालिस्तान की चर्चा नहीं कर रहे हैं तो फिर हम लोग क्यों खालिस्तान, खालिस्तान की रट लगा रहे हैं? यह कोई ठीक बात नहीं है। हमारे लोगों को, सभी को हिन्दुओं, मुसलमानों और सिखों, खास कर के मैजोरिटी कम्युनिटी से मैं कहना चाहता हूं कि किसी चीज को बढ़ा-चढ़ा कर कहने से सिचुएशन खराब होती है। किसी भी प्रश्न को हम सब्र से और प्रेम से सोच-समझ कर सोल्व कर सकते हैं। क्या आप यह चाहते हैं कि सरकार पंजाब में गुरुद्वारों में घुस जाए? क्या ऐसा करके वहां हिन्दू-सिख का सवाल पैदा कर दिया जाए और सिचुएशन को खराब कर दिया जाए? इस गवर्नमेंट को ज्यादा से ज्यादा पेसिएंश, सब्र, अक्ल और समझदारी से काम करना चाहिए और इस सिचुएशन को संभालना चाहिए। (व्यवधान)। मैं समझता हूं कि अगर हम आपकी अक्ल पर चलते तो मेरे ख्याल से अब तक हिन्दुस्तान का बहुत नुकशान हो जाता। (व्यवधान) आप तो खुश होंगे, आग लगे तो आपको तो फायदा होगा। मैं प्रवोक होने से इंकार करता हूं।

अगर हमने कम्युनलिज्म का मुकाबला करना है तो उससे मुकाबला कांग्रेस ही कर सकती है। (व्यवधान) चेअरमैन साहब, मेरा कहना यह है कि कम्युनलिज्म का जो विष है इससे हमको लड़ना है और इससे हमेशा ही कांग्रेस लड़ती रही है और आज भी लड़ रही है। यह ठीक है कि हमारी पार्टी के अलावा कुछ और पार्टियां भी हैं जो कि कम्युनलिज्म के खिलाफ हैं। लेफ्टिस्ट्स पार्टियां उसके खिलाफ हैं। कम्युनलिज्म से हमें अक्लमंदी से लड़ना होगा और सबको मिल कर लड़ना होगा। खालिस्तान, खालिस्तान की रट लगाने से इस देश का कोई भला नहीं होने वाला है।

**सभापति महोदय** : देखिए, बोलने वाले सदस्यों के जो नाम हमारे सामने हैं, वे बहुत ज्यादा हैं और समय लिमिटिड है। इसलिए मैं विशेष अनुरोध करूंगा कि जिन बिन्दुओं पर अब तक विचार प्रकट नहीं किए गए हैं, जिन पर रोशनी नहीं डाली गई है, जहां तक हो सके माननीय सदस्यगण उन्हीं पर बोलने की कोशिश करें और कम से कम शब्दों में अपनी बात कहें। श्री नाथूराम मिर्धा।

**श्री नाथूराम मिर्धा** (नागौर) : सभापति जी, जिस विषय पर हम चर्चा कर रहे हैं, वह देश का एक महत्वपूर्ण सवाल है देश की एकता बनी रहे, यह इस सदन के सब लोग मेरे ख्याल से चाहते हैं। इस सदन में बैठने वाले लोगों का यह इरादा कभी नहीं हो सकता कि देश में एकता न रहे। आज दुर्भाग्य से देश के जो सीमांत क्षेत्र हैं, उनमें जो स्थिति बनी हुई है, यह समस्या जब से देश आजाद हुआ है, तब से आती रही है और बीच-बीच में कभी यह समस्या कम हो जाती है और कभी बढ़ जाती है। आज हालात में कुछ तेजी है, इस बात को हमारी सरकार के लोग न महसूस करना चाहें तो उनकी मर्जी है, लेकिन मुझे यह दिखता है कि हालात बिगड़ते जा रहे हैं और उनको सुधारने की जरूरत है।

हमारे देश के अंदर कभी भाषा का झगड़ा होता है, कभी धर्म के नाम पर झगड़ा होता है और कुछ

राजनीतिक दलों का गठन ही इसी आधार पर हुआ है और सरकार चलाने वाले लोग उन दलों के साथ कैसा सलूक करें, उनके साथ क्या व्यवहार करे, किस तरह का राजनीतिक वातावरण बना कर उन लोगों को कमजोर करें, यह कोई भी सरकार चलाने वाली पार्टी का जिम्मा है।

अभी भगत साहब कह रहे थे कि कांग्रेस हमेशा ऐसे तत्वों से मुकाबला करती रही है, मगर कभी-कभी कमजोरी आ जाती है और आज कमजोरी आ रही है, इसको महसूस करो। आज जब बोलने का मौका मिला है तो हमको बोलने देना चाहिये।

इस सदन के माननीय सदस्यों ने कुछ घटनाओं का उल्लेख किया, उनको मैं दोहराना नहीं चाहता, क्योंकि समय नहीं है और सभापति जी भी बहुत थोड़े में चाहते हैं। आज नार्थ-ईस्टर्न-इंडिया में जिस तरह से हालात हो रहे हैं, समर मुखर्जी साहब ने अमरीका के बारे में कहा कि वहां से हैडक्वार्टर है और कागजात आते हैं और लिटरेचर आता है, लेकिन चीन और जो दूसरे मुल्क हैं, अपने यहां लोगों को ट्रेनिंग देते हैं, शस्त्र देते हैं और ये ताकतें अपना गेम खेलती हैं--अब कौन कितना खेलता है, यह अलग बात है, उन सारी चीजों से बचना हमारी सरकार के लिये जरूरी है।

पहली बात तो बहुत सी बातों की जानकारी इस सदन को नहीं दी जाती कि आप क्या कर रहे हैं और क्या नहीं कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि वह इलाका पालिटिकली हमेशा बहुत कमजोर इलाका है और केन्द्र में जो भी सरकार आती है, वह चाहती है कि ये हमारे गुलाम बन जायें। वहां पर कभी सही पालिटिक्स को नहीं पनपाया गया। वह पार्टी चाहती है कि किसी भी तरीके से ये लोग हमारे हक में रहें, चाहे पैसे से, रिश्वत से, जैसे भी हो और इसके लिये हम सब जिम्मेदार हैं। अगर आप कहें कि केवल कुछ लोग ही जिम्मेदार हैं तो यह बात गलत है और नार्थ इंडिया की पालिटिक्स को खासतौर से तुम बड़ी पार्टी के लोग, जिनका राज आज हिन्दुस्तान में है और और काफी समय तक आपने राज किया है जब तक वहां की राजनीतिक पार्टियों का सही गठन करके उनकी नैतिकता और आचरण को ऊंचा नहीं उठाओगे, तब तक वे इलाके कभी आपके कब्जे में नहीं आयेंगे, हिन्दुस्तान के साथ नहीं जुड़ेंगे।

इसी तरह से आप देख लीजिये कि पाकिस्तान में क्या हो रहा है। आपने सिक्खों की बहुत तारीफ की कि राज्य बहुत अच्छा है, धान खूब पैदा करता है--हम कब कहते हैं बुरा है?

आप क्या कर रहे हैं? सिखों में दरार डाल रहे हैं धर्म के प्रचार के अन्दर। क्यों डाल रहे हैं? सिख कहते हैं कि हमारे धर्म का तरह तरह से नाटक करके लोग उसको इंटरप्रेट कर रहे हैं और ऐसे लोगों को प्रोत्साहन नहीं मिलना चाहिये। लेकिन ऐसे लोगों को प्रोत्साहन कौन दे रहा है? यह आज की कहानी नहीं है। पुरानी है। आपस में लोगों को लड़ाने की नीति बहुत बरसों से चली आ रही है। तरह तरह के नारे लगाये जाते हैं और उन नारों को को उछाला जाता है। इस तरह से इन नारों को उछालने में कौन उन लोगों को प्रोत्साहन देता है? हिन्दुओं और सिखों का कोई झगड़ा पहले नहीं था और न आज है। मैं मानता हूं कि कुछ गलत किस्म के तत्व हैं जो गलत स्लोगन निकालते हैं और इनको लड़ाने की कोशिश करते हैं। लेकिन इसका इलाज क्या है? इसका इलाज यह है कि आप अपने आपको सुधारें। राजनैतिक नैतिकता को ऊंचा उठायें। अभी शिव सेना के के बारे में माननीय सदस्य कह रहे हैं; कल अखबारों में आया है। विपक्षी दलों ने सदन से वाक आउट किया था। लेकिन शिव सेना वाले वहां जम कर बैठे रहे। मतलब यह कि वे आपके साथ हैं। डी एस के और ए डी एम के वाले दोनों आपको वोट दे रहे हैं। पिछली बार आपने डी एम के को साथ लेकर मजे से चुनाव लड़ा था। ये सब गलत नीतियों पर बनी हुई पार्टियां हैं। जब हमने यह कह दिया था कि मिलाने वाली भाषा हिन्दुस्तान की हिन्दी होगी तो इन्होंने कहना शुरू कर दिया कि हिन्दी हम पर लादी जा रही है और हिन्दी के विरोध को लेकर इन्होंने नई पार्टियां खड़ी कर दीं। आपने इसको रिकगनाइज भी कर लिया है। और उनके साथ मिल कर आपने वोट ले लिये हैं।

**17.55 hrs**

*[Mr. Deputy Speaker in the Chair]*

डोगरा साहब बड़ी वोट की बात कह रहे थे। मैं पूछना चाहता हूं कि वोट का ग्राहक कौन है ? सबसे बड़े ग्राहक आप हैं । इस मामले में नैतिकता का आप बिल्कुल ध्यान नहीं रखते हैं। हमें खराब समझते हैं लेकिन आप कोई राज-नैतिक सिद्धांत नहीं मानते हैं । हम न मानें तो कोई फर्क नहीं पड़ता है । लेकिन आप के हाथ में सत्ता है । आपने सिद्धांतों को, नैतिकता को गिरा दिया और इस तरह से अपना कब्जा देश पर बनाये रखा तो आप देश को मार दोगे, आने वाली पीढ़ियों को मार दोगे । गहराई से आप इस पर सोचें । मैं किसी दुर्भावनावश यह बात नहीं कह रहा हूं । आप राज करें, सौ बरस तक करें लेकिन नैतिकता के नीचे न उतरें। इस तरह की जो बुराइयां हैं उनका आप इलाज निकालें । सोचकर आप जवाब दें । यह नहीं कि जवाब देना है और दे दिया । इससे कुछ नहीं होगा । गहराई से इस सब पर सोचने का वक्त आ गया है । अन्तर्रात्मा को टटोलने का समय आ गया है । एक जिम्मेदार पार्टी होने के नाते आप देखें कि किस तरह से जड़ों को कीड़ा लग रहा है । अगर इस कीड़े से आपने रक्षा नहीं की देश की तो हम सब खत्म हो जायेंगे । रास्ता क्या है, यह मैं आपको बताता हूं । मौरल बनो, नैतिक बनो, अच्छी पार्टी बनो, शुद्ध लोगों को साथ लो आज क्या होता है ? ऊपर से तो आप यह नारा देते हैं कि इंदिरा जी हमारी नेता है लेकिन अन्दर अन्दर से सब चक्कू चला रहे हैं । इस तरह की नैतिक पार्टी देश को क्या नैतिकता सिखा सकती है । गहराई से आप सोचें । मुझे राज नहीं चाहिये । मैं बूढ़ा हो गया हूं । तुम्हारे साथ सारी उम्र बैठा हूं । तुम लोग मुझे छोड़ कर गये हो । मैंने तुम को नहीं छोड़ा है । लोगों ने देखा कि इस सदन में मेरे जैसा बूढ़ा आदमी भी होना चाहिये और उन्होंने मुझे भेज दिया और भेज देते हैं । जब तक चाहूंगा आऊंगा । आ कर मैं सच्ची बात बोलूंगा ; मुझे राज नहीं चाहिये । जवान आदमियों के हाथ में राज है । वे पनपें, फलें फूलें मुझे खुशी है । इंदिरा जी का बेटा पनपे, मुझे कोई तकलीफ नहीं है । जैसा मंजूर है, करो लेकिन नैतिकता से न गिरो । बहुत हम गिर गये हैं बीमारी की जड़ें बहुत गहरी हो गई हैं । मुझे लम्बा भाषा नहीं देना है । मेरी कन्क्रीट सजेशन यही है कि नैतिक बनो । यही मेरी आप से बिनती है । देश के सामने खतरे हैं जो नजर आ रहे हैं। ये जो फोर्सिस डिवेलेप हो रही है ये देश को ही बरबाद कर देंगी और इन की तरफ से आपको सावधान हो जाना चाहिये और नैतिक बनने की कोशिश करनी चाहिये

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur) : How long do we propose to continue the House ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : Let me take the sense of the House. How long shall we continue after 6 O'Clock ? We want to complete this discussion.

**18 hrs**

SEVERAL HON. MEMBERS : Up to 7 O'Clock.

MR. DEPUTY SPEAKER : The sense of the House is to continue up to 7 O'Clock. Therefore, the Hon. Members must see that each one of them shall not take more than 6 minutes for speech. This discussion has to be completed today.

Shri Rajesh Pilot.

**श्री राजेश पायलट** (भरतपुर) : डिप्टी स्पीकर साहब, आप जिस विषय पर चर्चा कर रहे हैं, पहले तो अगर आप इस मोशन को जो नियम 193 के अधीन दिया गया है सही तरह पढ़ें तो इसमें लिखा है :

Discussion under Rule 193 on the situation arising out of the conspiracy by separatist elements against the integrity of the country.

और मैं सभी सदस्यों के विचार सुनता रहा और पाया कि किसी ने भी ऐसे मूवमेंट को या एलीमेंट को सपोर्ट नहीं किया। न सरकार और न अपोजीशन सपोर्ट कर रहा है। फिर प्राब्लम क्या है ? मैं सोच रहा था सब कहते हैं कि काम गलत है, लेकिन उसके बाद भी काम हो रहा है। तो लकुना कहां पर है ? जैसा माननीय मिर्धा जी कह रहे थे इसमें कहां तक सच्चाई है हमारा नेशनल और पालिटिकल कैरेक्टर national character, political character.

आज से दो महीने पहले की बात है असम में एक पार्टी के प्रेसीडेंट स्पीच दे रहे थे, तो वह कह रहे थे मैं चाहे दिल्ली रहूं लेकिन मेरा दिल असम में रहता है। मैं भी सोचा कि शायद यहीं दिल रहता है।

लेकिन दूसरी बार चंडीगढ़ में कह रहे थे, मैं नाम नहीं लेना चाहता, कि मैं चाहे कहीं रहूं लेकिन मेरा दिल पंजाब में रहता है? हालांकि वह बैचलर हैं वह कई दिल रख सकते हैं, उन्हें इजाजत है, लेकिन देश के लिये तो कम से कम एक दिल होना चाहिये। तो मैं सोचने में असमर्थ रहा कि हमारी राजनीति और हमारे राजनीतिक नेता मानता हूं दिल हर जगह छोड़ते चलें, लेकिन देश, के लिए दिल रखें। और जब तक ऐसा नहीं होगा तब तक ऐसी बातें होती रहेंगी, डिस्कशन होते रहेंगे।

आज से करीब 20 दिन पहले आपने अखबार में फोटो देखा होगा सारे विरोधी दलों के नेता राष्ट्रपति से मिले गढ़वाल में उप चुनाव स्थगित होने के विरोध में। हो सकता है कि कारण जैनुइन हो। लेकिन मैंने विरोधी दलों के नेताओं को कभी एक साथ बैठे नहीं देखा जो ऐंटी सोशल ऐलीमेंट्स के खिलाफ आवाज उठायी हो। या सरकार से कहा हो कि इतना समय देते हैं आम स्थिति को सुधारो। यहां तक कि कुछ नेताओं ने तो आज तक कोर्ट ही नहीं किया। एक पार्टी के नेता से प्रेस वालों से पूछा सीमेंट बाई-इलेक्शन में इन्होंने कोंटस करने से मना कर दिया । तो जब तक विचार साफ नहीं हैं तब तक क्या फायदा स्पीच देने से? सबसे पहले हमें यह करना पड़ेगा।

National character should be above political character. Nation is above political party.

करीब डेढ़ साल पहले मुझसे लोग पूछते थे कि एयर फोर्स की नौकरी छोड़ने के बाद कैसा महसूस होता है पौलिटिक्स में? मैं कहता था बहुत सीधा सादा काम है। लेकिन मैं अब कन्फ्यूज होता जा रहा हूं। यहां कुछ कहते हैं और बाहर कुछ कहते हैं। दो दो मीटिंगों में दो तरह के वर्जन्स। एक मीटिंग में कहते हैं कि भाव बहुत बढ़ गये हैं, और दूसरी मीटिंग में कहते हैं कि किसानों को कुछ नहीं मिल रहा है। तो मैं सोच नहीं पा रहा हूं कि हमारा पोलिटिकल कैरेक्टर क्या है? और आज लड़ाई ही कुछ नहीं है, न पंजाब की है और न असम की है, सिर्फ पोलिटिकल लड़ाई है अगर हिंदुस्तान की सारी पौलिटिकल पार्टीज यह कहती हैं कि आम गलत है तो झगड़ा ही क्या है। आज शाम को साढ़े 6 बजे सलाह कर लो सुबह 7 बजे प्राबलम ओवर। लेकिन यह फैसला कभी नहीं करेंगे, न पोलिटिकल पार्टीज कभी देश को ऊपर लेकर चलेंगी न कभी फैसले होंगे। इस बारे में सभी ने अपने अपने प्वाइंट कवर किये, मेरे भी अपने व्यक्तिगत विचार हैं।

एक तो मुझे यह महसूस हुआ है कि हमारे प्रेस ने बहुत जिम्मेदारी से काम नहीं निभाया। हर दिन प्रेस में कुछ न कुछ आता रहा, अगर किसी भी छोटे लीडर ने कुछ कह दिया, कोई भी व्यक्ति कुछ कह दे तो छप जाता है। मैं मानता हूं कि डैमोक्रेसी है, प्रजातंत्र है लेकिन 3 जुलाई को एक स्टेटमेंट देते हैं टाइम्स आफ इंडिया में:

"Akali Dal is supporting this movement".

5 जुलाई में वही पार्टी कंडेम करती है कि हमने जो पहले स्टेटमेंट दिया वह गलत है। कोई भी 5 जुलाई का स्टेटमेंट देखेगा तो ठीक बात नहीं समझेगा तो प्रेस वालों को जिम्मेदारी के साथ अपने काम को निभाना चाहिये कि देश के भले की बातें हों।

दूसरी बात जो मुझे महसूस हुई है वह प्रेस के बाद यह है कि—

The law of the land should be above any religion, above any caste, above any community, above any political party. We must honour the law of the land, the law of the country. And so long as we do not obey it, all this discussion is useless. The law of the land, as I said, is above all political parties and it has to be honoured and followed. Today we must condemn this movement standing as one as we condemned the other day when we passed the Resolution condemning removal of reservation for the Harijans. We must say this today that all political parties condemn this movement.

You have given me only five minutes, Sir, and being an ex-military man, I obey you

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Chitta Basu. All hon. Members will follow the example of Mr. Rajesh Pilot.

SHRI CHITTA BASU (Barasat) : I am not an ex-military man.

MR. DEPUTY-SPEAKER : When the Minister gives the final reply, not many Members will be present in the House. What is the use then ? You must hear the reply from the Government.

SHRI CHITTA BASU : I am always obedient, Sir.

The subject that we are discussing today is of utter and utmost significance and importance. I agree with many of the Members when they say that this issue concerns not a particular political party, not any particular group, but it concern the unity and integrity of the nation. The motion itself highlights one particular aspect of the danger, danger to the national unity and inegrtitiy; the motion highlights particular aspect of that danger that is, conspiracy.

Having regard to the developments whic have taken place in recent times in different parts of the country, particularly in the States of the north-eastern region and the other States and the developments in Punjab recently, I think you would agree with me that these reveal the fact that danger to the national unity and integrity is very much there; it is a real danger and it is the duty of all of us to defend the national unity and integrity. The main allegation against the Government is that they have been underestimating this danger. The protracted agitation in Assam on the issue of foreign nationals is also an agitation which prejudice the national unity and integrity; not only that, Government and particulary the Home Minister, Shri Zail Singh, is on record to say that there are foreign agencies nvolved in the movement or agitation in Assam.

We, from this side, have all along been saying that the agitation in Assam is nothing but a part of the conspiracy which was hatched long ago under the Operation Brahmaptura. Again if I come to the situation in Punjab, they say that there is involvement of foreign agencies. I do not want to give much information about it, but my whole point is that the Government which tell the public that there are agencies of foreign countries involved in this kind of agitation which impairs the unity and integrity of the country do not act as the situation demands. Even the Punjab Chief Minister, Mr. Darbara Singh on July 21 last said :

> "......a big power was indirectly financing the Khalistan agitation."

It is not a person like me or anybody in the street or any newspaper man, but it is the Chief Minister of Punjab who says that a big power was involved in financing the agitation and in financing the movement. What has been done ? What prevents them to say which are the big powers ? What prevents them to say which they are the foreign countries which are involved ? If we, the peop e of India, know it—we are all patriots—we can unite and fight back these forces of divisism, separatism and cession. But you conceal them. Can you tell me, Mr Yogendra Makwana ? What is the interest in concealment ? Why do you conceal ? Why do you shield these enemies of India's unity ? Why do you sheild these poeple, these foreign agencies, these foreign powers who have been conspiring to bring about destabilisation in our country ? Are you for destabilisation ? I think and I am confident that you are not for destabilisation. I know none of you is for destabilisation. I know everyone of you wants unity and integrity of the country. Why is Mr. Darbara Singh not willing to name the big power which has conspired against our national unity and integrity ?

Again he is not the only person. I will be doing in justice simply by mentioning Mr Darbara Singh. Of course, he has got no opportunity to speak here. But what about your other Minister, Mr Buta Singh, the Union State Minister in the Ministry of Shipping and Transport, belonging to Punjab ? He says :

> "The World Sikh Convention at Amritsar smacked of their secret understanding with the anti-Indian forces working in and outside the country."

They have lost their responsbility by saying all these things to the people. They are simply playing to the gallery. They should play to the gallery of Mrs Gand h i....

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad) : Sir, he has no other point except quoting others.

SHRI CHITTA BASU : Quoting is necessary because it is you people who are telling all these things.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): Do you need a coat ?

SHRI SAMAR MUKHERJEE (Howrah): He is quoting with great reluctance.

MR DEPUTY-SPEAKER : Mr. Ram Gopal Reddy did not quote anything.

SHRI CHITTA BASU : He does not say anything which can be quoted. Whatever he says is only regarding sugar industry which flourishes on black money. So I despise quoting him.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : He is only quoting sugar-coating words.

SHRI CHITTA BASU : Therefore, Sir, my allegation, my grouse, against the Government is that he is underestimating the forces of separatism, secessionism and is hererby prejudicing the casue of national unity and integrity.

The Sikhs ask for Khalistan as their nation. For that they need a nation-state or they want a State within the nation to protect their interests. This is the quintesience of the-demand for Khalistan. This is wholly unacceptable. There cannot be any complete nation-rule on the basis of religion. The Sikhs are Indians; they are very much of our flesh and of our blood and they are very much the Indians as we are. It is right to say here that they fought for the freedom of the country and they fought for the defence of this country. They should be with us and theire is no question that they prefer separatism. On the question of national democratic forces, the forces of seculiarism, the forces which can fight these communal forces or there divisive or separatist forces should be strengthened. It is your duty to see that these democratic, secular, forces are organised and united to fight back the menace of communalism, separatism and parochialism and secessionism.

AN HON. MEMBER : Are the entire Sikhs for Khalistan ?

SHRI CHITTA BASU : It would be wrong to say so. Sikhs are very much a part of us; there are workers; there are peasants and they are all hardworking people. It is necessary for us to tell them that their prosperity and their well being lies in the prosperity of the Indian people as a whole.

Unless this political conciousness is inculcated, certain extremists or reactionary forces will take advantage of their discontent. There are some genuine grievances of the mass of Punjab. I know there are certain grievances in the people of Punjab. It is not for me to enumerate those grievances. Unless steps are taken to fulfil the genuine grievances of these people of Punjab irrespecive of the religious beliefs, irrespective of the community to which they belong and unless steps are taken to fulfil their grievances or redress the grievances of the people of Punjab, the reacticrery forces, the communal forces, the sessionist forces backed by the hostile foreign elements will try to create troubles within our bodypolitic. Therefore, Sir, on the one hand what is necessary is immediate steps by Government of India to redress those genuine grievances of the people of Punjab, and on the other, they take steps to encourage the democratic and secular forces to fight back those forces, the communal forces, the reactionary or sessionist forces or to fight against the foreign power who wants to bring about destabilisation in our country. Unfortunately, this political position they are not going to take. I hope that they will take this political position promptly, quickly, so that the unity and integrity of the country can be preserved and further strengthened.

**Mr. Duputy-Speaker :** Shri C. L. Sharma.

**श्री चिरंजी लाल शर्मा** (करनाल) : डिप्टी स्पीकर साहब, जो चर्चा इस वक्त इस हाउस में चल रही है वह बड़ी गंभीर है। सदन के बहुत से मेंम्बरान ने अपने सवालात और जजबात का इजहार किया है। इस सिलसिले में सभी ने इस बात का सबूत दिया कि सभी इस पर बड़ी गंभीरता से सोच रहे है लेकिन एक चीज मेरी समझ नहीं आई जब इतना गंभीर मसला सदन क सामने हो तब, हर एक चीज को पोलटिकल नुक्ते नजर से देखकर पार्टी, बाजी के नुक्ते नजर से लेकर कटाक्ष किया जाए यह बात मेरी समझ में नहीं आई। जहां तक हिंदुस्तान की एकता और अखंडता का सवाल है इसमें कोई दो रायें नहीं हो सकती हैं। लेकिन विरोधी दल के हमारे एक भाई ने हमारे गृह मंत्री ज्ञानी जैल सिंह को निशाना बनाया। बड़ा आश्चर्य हुआ यह सुनकर, खास तौर पर ज्ञानी जैल सिंह का नाम लेकर कटाक्ष किया गया और विरोधी दल के एक भाई तो बराबर बाहर भी कहते हैं कि पंजाब में गड़बड़ी इसीलिए है कि ज्ञानी जैल सिंह और सरदार दरबारा सिंह की आपस में मुखालिफत है जिसमें न तो कोई सदाकत है और न कोई असलियत है। असलियत तो यह है कि दोनों ही श्रीमती

इंदिरा गांधी की फौज के सिपाही हैं, दोनों ही पंजाब और एकता और अखंडता के लिए मरते हैं ज्ञानी जैल सिंह जब पंजाब के चीफ मिनिस्टर रहे तो पांच वर्ष के अरसे में उन्होंने वहां पर फिरकापरस्त अनासर को ठिकाने लगाया। ज्ञानी जैल सिंह जी आज गृह मंत्री के रूप में यहां पर मौजूद हैं। आज उनका नाम लेकर होटल के बिलों का हवाला दिया जाता है, छोटी छोटी प्रेस कांफ्रेंसेज का हवाला दिया जाता है। यह वही जैल सिंह हैं जिन्होंने अपनी अंधी जवानी अंग्रेजों की काल कोठरी में गुजारी थी। इन्हीं जैल सिंह को जंजीर से बांध कर खींचा गया था। आज उन्हीं जैल सिंह को निशाना बनाकर कहा जाए कि किसी होटल के बिल इस नाम से दिए गए तो मैं समझता हूं यह बड़ी दुर्भाग्य की बात है। राजनीति को इतने लो लेवल पर नहीं लाना चाहिए एक माननीय सदस्य ज्ञानी जैल सिंह को ही सारी गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार ठहराना चाहते हैं। यह वही ज्ञानी जैल सिंह हैं जोकि फिरकापरस्ती के खिलाफ हमेशा तकरीर करते रहे हैं, जिन्होंने हमेशा प्यार और मोहब्बत का संदेश दिया है। (व्यवधान)

**एक माननीय सदस्य** : क्या यहाँ पर ज्ञानी जैल सिंह पर बहस हो रही है?

**श्री चिरंजी लाल शर्मा** : ज्ञानी जैल सिंह का मैं इसलिए जिक्र कर रहा हूं क्योंकि आपके बाजू में बैठे हुए भाई उनको निशाना बनाते रहे। हो सकता है कि ज्ञानी जी अपने बारे में कुछ कहना उचित न समझे इसलिए मैं यह अर्ज कर रहा था।

मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि जिस पंजाब ने आजादी की कीमत अदा की, जो पंजाब 29 जिलों में बटा हुआ था, जिस पंजाब ने अपने यहां सरदार भगतसिंह, लाला लाजपत रायजैसे बड़े बड़े महारथी पैदा किए उसी पंजाब पर आज एक शब्द "खालिस्तान" को लेकर बहस की जा रही है। जैसा कि हमारे भाई ने यहां पर कहा उन्होंने एक्स मिलिट्री आफिसर, एक्स रिटायर्ड जज आफ दि हाईकोर्ट, एक्स रिटायर्ड आई जी, पुलिस एट्सेटरा दो तीन के नाम लिए और यह जाहिर करने की कोशिश की कि एक मुनज्जम साजिश कौम की तरफ से चल रही है जोकि हकीकत के बिलकुल खिलाफ है। किसी भी कौम में, किसी भी कम्युनिटी में अगर दो-चार आदमी गैर-जिम्मेदार बात करना शुरू कर दें तो उसका मतलब यह नहीं है कि कौम की तरफ से कोई मुनज्जम साजिश चल रही है। हकीकत तो यह है कि सिख कौम का बुद्धिजीवी वर्ग, जिम्मेदार आदमी, किसी ने भी खालिस्तान के नारे को स्पोर्ट नहीं किया है बल्कि उसको कन्डेम किया है और यह कहा है कि हम उस के खिलाफ हैं। सिर्फ नारा लगा देना ही कोई बात नहीं है। कुछ लोग तो सिर्फ नारों के सहारे ही जिंदा रहते हैं।

एक माननीय सदस्य ने एक चेक का हवाला दिया जो किसी मुल्क से यहां पर आया और खालिस्तान का डिक्लेरेशन कर दिया गया। आज मैं अगर यह कहूं कि मैं देश का राष्ट्रपति हूं तो क्या मैं राष्ट्रपति बन गया? आज यदि मैं यह कह दूं कि मैं अमेरिका का फलां फिश होल्डर हो गया, तो क्या मैं बन गया। सुभाष चंद्र बोस ने एक आजाद हिंद का नारा बाहर लगाया था। उस नारे के पीछे तमाम हिन्दुस्तान था और एक जनून दूसरे मुल्क में जो इस शहर का सिटीजन नहीं है, अगर वहां बैठकर कोई गैर-जिम्मेदाराना काम करता है या पत्र-व्यवहार करता है या इस किस्म का पासपोर्ट जाहिर करता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि उस खालिस्तान के नाम के पीछे किसी कौम/जाति, या किसी बिरादरी या इलाके का हाथ है।

मैं आपसे यह अर्ज करना चाहता हूं कि ऐसी हालत में जबकि देश एक गंभीर वाक्यात से गुजर रहा है और आसाम का जिक्र आया, मैं पूछना चाहता हूं कि असम में गड़बड़ी कब पैदा हुई? असम में गड़बड़ी उस वक्त पैदा हुई, जब जनता पार्टी का शासन यहां था। मैं पूछना चाहता हूं कि असम की गड़बड़ी को कितने आदमियों ने कंडेम किया है। असम की गड़बड़ी के सौल्यूशन को पाइंट आउट करने के लिए जब हमारे गृह मंत्री अपोजीशन के लीडर को आमंत्रित करते हैं कि आइए, राउण्ड-दि-टेबल बैठकर विचार विमर्श करें ताकि इसका सौल्यूशन निकले, तो उनका सहयोग न मिलता है। फिर कहा जाता है कि अपोजीशन को कांफिडेंस में नहीं लिया जाता है।

अभी एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि कौन सा मुल्क है, वह मुल्क क्यों नहीं बतलाते हैं जो शरारत कर रहा है उपाध्यक्ष महोदय, उन लोगों को ज्यादा पता है जिन लोगों की पालिसी उन मुल्कों से बनती है, उन पार्टियों को ज्यादा पता है।

**उन पार्टियों और उन नेताओं को ज्यादा पता है जिन के गिरजाघर और गुरुद्वारे अमरीका के अन्दर हैं उस का जवाब हमारे गृह मंत्री से मांग रहे हैं कि कौन सा मुल्क की इस में मुनज्जिम साज़िश है ? पैसा किस की मारफत आता है, पैसा किन पार्टियों की मारफत आता है, वे भाई इस को ज्यादा बेहतर जानते हैं।

गुजरात का हवाला दिया गया। गुजरात में हिंदुओं और हरिजन के टसल का हवाला दिया गया। क्या यह हकीकत नहीं है कि जो षड्यंत्र रचा गया था, वह एक शरारत थी और उस को कितनी जल्दी खत्म कर दिया गया।

जहां देश की एकता और अखंडता का सवाल है, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमें पार्टी लेवल से उपर उठ कर व्यक्तिगत तौर पर न जा कर, एक-दूसरे की पर्सनेलटिज पर एटेक न करते हुए इन सारी चीजों के बारे में विचार करना है। मैं अर्ज करना चाहता हूं—अगर सभी माननीय सदस्य—अपोजीशन और ट्रेजरी बेंचेज—इस सिलसिले में कदम से कदम मिला कर चलते हैं, खंबे से खंबा मिला कर चलते हैं तो कोई ताकत नहीं है जो देश की एकता और अखंडता को खतरा पहुंचा सके। यह बड़ा गंभीर मामला है और इस पर बड़े सबरो-तहम्मुल से विचार कर रहे हैं, लेकिन इस का यह मतलब नहीं है कि जातीयता में जा कर जिस हिंदुस्तान में, खास कर पंजाब में, जहां प्यार और मुहब्बत की मुरली बजती है वहां बुग्ज़ोकीना के मन्ता फूंके जायें। हिंदुओं को नहीं बुलाया जा रहा है—क्या कांग्रेसी हिंदू नहीं हैं, क्या हिंदू नेता वही हैं जो बी० जे० पी और दूसरी पार्टियों में हैं। जो हिंदू का नारा लगाते हैं, क्यों वे ज्यादा राष्ट्र के हितैषी हैं ? हमें सब चीजों पर विचार करना चाहिए और मुझे उम्मीद है कि सभी भाई इस सिलसिले में सहयोग देंगे। समय थोड़ा है . . .

(*Interruptions*)

**श्री मनीराम बागड़ी** (हिसार) : मुझे ऐतराज है कि आप मेरी बात समझ लीजिए, ये जो शब्द हैं, . . .

MR. DEPUTY-SPEAKER : What is the point of order ?

**Expunged as ordered by the Chair.

SHRI MANI RAM BAGRI : My point of order is this that Pandit Chiranji Lal Sharma in his speech said 'These parties who had made their**in some other country'. Sir. **cannot be made in any other country. Everybody can make his Temple, Girja and Gurdwara. His words are insulting. These words should be expunged from the proceedings.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I will go through the record.

**श्री मनीराम बागड़ी** : आप क्या कह रहे हैं--काशी के बारे में बात करोगे, **के बारे में बात करोगे . . .

MR. DEPUTY-SPEAKER I will go through the record

(INTERRUPTIONS)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Hon. Members, he has raised an issue.

I will go through the record. Anything derogatory will be expunged. We will take care of it.

SHRI GHULAM RASOOL KOCHAK : (Anantnag) : This is contempt, not only derogatory ; it should be expunged.

**डा० फारुख अब्दुल्ला** (श्रीनगर) : डिप्टी स्पीकर साहब, पंजाब हमारी नेबर स्टेट हैं . . .

PROF. N.G. RANGA : (Guntur) : Why don't you speak in English ?

DR. FAROOQ ABDULLAH : It is a neighbour State and none of us want trouble there. But let us not sleep and say that the problem does not exist. Khalistan tody may not be a reality, but it can became the reality, as my friends have told you about Mr. Jinnah getting Pakistan. Mr. Jinnah first started a nationalist movement and he was staunch nationalist and when there was a division in the Congress itself on his request at that stage, Mr. Jinnah realised that he could not exist with Congress and he want a way and became a staunch Muslim who did not know how to interpret Koran and who did not pray and

**Expunged as ordered by the Chair.

he was not a Muslim in the real word, a Muslman. But it was he who got Pakistan. He got Pakistan and divided India. Today, Muslims are on one side and there are Muslims on this side also. But Pakistan was made on this two nation theory. But we were the ones, may not be "we" and may not be 'I' but all my elders who were at that time the Members of Congress—at that time all of us were Congress members, none of us was in BJP or any other Party—got this and that became a reality. To day Khalistan is mentioned. Why ? Why Khalistan is mentioned ? Because Sikhs have a grievance and they have grievance and we should not forget it. Let us not sleep and say 'No'. I may tell you that an ordinary riksha puller only yesterday told me in Jammu about a certain thing. I asked him what is wrong in that.

वह कहने लगा, देखिये जी, सिख मेजर जनरल, लेफ्टीनेंट जनरल, तक पहुंचता है, उस के बाद उस को जैनरल नहीं बनाते हैं, कमांडर इन-चीफ नहीं बनाते हैं। 8 सरदारों को इन रैंकों तक पहुंचाया उस के बाद जैनरल नहीं बनाया। मैं ने कहा, देखो, सरदार साहब, · · · · ·

What I am telling you is that the propaganda is being spread. But you may notice how feelings are aroused in a common man in favour of Khalistan. I told him "look the Chief of the Air Staff is a Sardarji. Is that not important ? You please tell me that the Air Force is not important but Army is important". But the way the things are being pushed into the minds of people Yes, there must be a problem about jobs, there must be a problem about work. I am not against this side or that side. I am in favour of India. When I came into this Parliament, I came with this vow that here the future of India is going to be made, not my future, not your future, but the future of India that has not born yet. Today, 35 years India has been independent. Are we independent ? No. We are not independent. We are still begging the I.M.F We are begging every other country. We say that we are free. We are not free. It will be free on the day when I no longer go with a begging bowl to I.M.F., when I no longer go to America or Russia but produce myself. That is what is to happen, I am telling you. Please I am not against your Government. I do not want to bring down your Government. My question is, my problem here is : we are all for India, you are for India, you want India to survive and I want India to survive. But the movement of Khalistan does exist. It is there and some of us are supporting Khalistan and Khalistan cannot be supported from external power. You are wrong.

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE ; (SHRI B. SHANKARANAND) : When you say that we had gone with begging bowl to IMF and other countries, I may point out that we had not gone to any country with begging bowl. Please do not interpret it like that.

DR. FAROOQ ABDULLAH : What you are taking is to be repaid. There is no question about it. I am not discussing about I.M.F. I am not bothered about I.M.F. The problem here is that tomorrow also we may have to pay them the money back.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY : We are all interdependent, they are also dependent on us for certain things.

DR. FAROOQ ABDULLAH : I do not want to go into the controversy. If we go into the controversies, we are not going to solve the problems of India. Then, I am going to solve problems just of my place but here I am not a man from Jammu and Kashmir, I belong to India here and you do not belong to Punjab, Bihar or Rajasthan But the tragedy is that we do not grow out of it. We never grow out of it; we should grow out of that and say that I am not from a particular State, but I am from India.

We always blame foreign powers. One will blame Russians and other will blame Americans. We should blame ourselves for our weakness. When in Jammu and Kashmir, the Prime Minister could create

a committee of the Ministers for the development of the State and similar committee was also formed in Assam, here is a suggestion for you. Why don't you have a high level committee to go into the things as to how you can quickly get rid of problems of those people who are jobless still, who do not have food still. This is what my concrete suggestion is. Let us do something rather than blaming each other. I do not want to blame you; it is not your creation. Assam is not your creation; it has been there ever since India became independent. It has been growing every year. When the opposition leaders from Assam came here, I was also present there as a member. Many ex-chief Ministers were sitting on the other side and they said—

अब यह हमारे हाथ से निकल गया है, अब स्टूडेंट्स के हाथ में आ गया है, हम अब कुछ नहीं कर सकते। मैं ने उन को कहा कि फिर आप यहां क्या कर रहे हैं। जब यह आप के हाथ में नहीं है, तो फिर आप कर क्या रहे हैं। 30 साल में आसाम का प्राब्लम हम ने सोल्व नहीं किया तो अब एक दिन में आसाम का प्राब्लम सोल्व नहीं कर सकते हैं। मैं आप को बताना चाहता हूं कि आप पावर में हैं, ठीक है मगर जब तक ये लोग, जो इधर बैठे हैं, आप से हाथ नहीं मिलाएंगे, कंधे से कंधा मिला कर नहीं चलेंगे याद रखिये कि अगर आप यह सोचते हैं कि आसाम का सोल्यूशन निकाल लेंगे, तो यह ठीक नहीं है। 20 साल के बाद ही आप हल निकाल पाएंगे, 10 दिन में नहीं निकाल पाएंगे।

अब मैं आप को बताना चाहता हूं कि शिमला में एक स्कूल है। वहां मैं अपने बेटे से मिलने गया। वहां जो फंक्शन था, उस के बाद पेरेन्ट्स जल्दी जल्दी जाना चाह रहे थे। मैं ने देखा कि पैरेन्ट्स जल्दी जल्दी गाड़ी में बैठने लगे और भागने लगे। मैं ने कहा कि आप क्यों भाग रहे हैं; अमृतसर तो ज्यादा दूर नहीं है। मैं ने उन को बताया कि मुझे तो जम्मू, श्रीनगर पहुंचना है। उन्होंने कहा कि हम रात में सफर नहीं कर सकते हैं।

Please, for God's sake, let us not sleep in this House with all the security around us and say that everything is all right. Things are not all right. I do not want to blame one side; we are all to be blamed. Let us find a quick solution rather than putting a finger on the Home Minister or the Chief Minister. Let us be constructive here and find a solution faster before it goes out of our hands and blood-bath takes place. Already Lala Jagat Narain has died; already other people have died; already a bomb has exploded in a Gurdwara. How many bombs will explode more before we wake-up and say that now the situation is serious and we must do something about it? I request our worthy Home Minister, through you, Sir. He has been the Chief Minister of that State. It is a progressive State and I have lived with Sikhs. Jammu and Kashmir has one great quality and that is, Hindu-Sikh-Muslim Ithad still continues there. I know, Sikhs are Indians first and then Sikhs. Whatever movement of Khalistan is there, it has been gerated because there is some internal conflict, that has been going on. We must find a solution to that internal probem rather than blaming external authorities and external sources for this.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Makwana will intervene now. Then after two or three speakers from the ruling side and the opposition side have spoken, the Home Minister will reply.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI YOGENDRA MAKWANA) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, the subject under discussion was very wide, but every speaker has highlighted and sticked to one issue i.e. Khalistan, which will be replied by the Minister finally. But some Hon. Members have raised certain points which I want to reply in brief and I will not take more time.

Some Members have mentioned about Assam that the Government has not taken the Opposition also into confidence. Some of the Members made these points. But every time we have consulted the Opposition and all the Hon. Members in the Opposition know it that whenever there was a need, we have invited them and discussed the issue with them and it was their suggestion which was accepted by the Government and we have begun talks with the leaders ot the agitation. But the leaders of agitation are misguided by certain people. I do not know who are they, but certainly there are some political parties also behind them.

Some Hon. Members have said that it is only because their economy is not looked after. Just now, the last Speaker, Dr. Abdullah, has pointed out that there is a

Committee of Ministers to look after the economic development of the North Eastern region and Jammu and Kashmir, which includes Assam also.

There are at present very few problems as regards the North Eastern region is concerned. So far as Arunachal Pradesh and Meghalaya are concerned, there is no insurgency at present and it is quite calm. So far as Mizoram is concerned, yes, there is some insurgency and some organisations like Prepak, ACP and PLA are very active in this area. But since the talk with the leaders of Mizo National Front, Mr, Laldenga, was started, the Government is not taking very strict action against some minor incidents, which they have created in Mizoram. So far as Manipur is concerned, there also some problems exist and the popular Government which has now taken over is dealing with the problem at their best. However, there are certain problems in Manipur. These problems are of economic nature. Land is limited and population is vast. One-third of the land is with the two-thirds of population, Maithis, whereas one-third has two-thirds land, but that is hills. All hills are with the Maithis. These Maithis are not getting reservations also and they are not properly represented in services. That is their grievance. We are considering their problem also. There are certain things which we can do so that their conditions can be improved. So far as Nagaland is concerned, at present it is silent. And the first Speaker Shri Samar Mukherjee pointed about Tripura. Yes, recently Tripura has some problems, because of the crossing of the tribals from Bangladesh side. Now we have started repatriating them from the 25th of this month and nearly seven thousand people have gone to Bangladesh again. Remaining will also be repatriated to Bangladesh.

I particularly wanted to reply to Bapusaheb Parulekar who often repeatedly mentioned my name and wanted me to reply to him. He pointed out that in Anandpur meeting some people have dishonoured the National Flag and wanted to know what action the Government has taken.

A case under Section 2 of the Prevention of Insults to National. Honours Act, 1971 was registered on 16th April 1981; and it is in the court of law. So, he cannot say that Government has not taken any action.

He also talked about the involvement of the retired I.G. of Police, Mr. B.S. Dhanewalia. He is not a member of the Dal Khalsa, nor is he a supporter of the Khalistan movement. He heads the organization called confederation of Akali Dals, and the Punjabi Movement. Both these organizations are not with the Khalistan movement, but they are for the development of the Punjabi language and other things. So, it is not correct to say that Mr. Dhanewalia is also involved in this movement.

He attributed one thing to me, *viz.* that I have said in this House that one ex-military officer is also involved in this agitation. I have not said it. He also quoted me, but those who have heard it properly know that I have not said that any ex-Army General is involved in this movement. I simply said: there are people who are involved in this movement, and some may be holding high offices also. He has named Mr. Dhanewalia; but if he knows this general also, he can give the name, and we can certainly find out about this ex-Army General.

Then he mentioned about broadcasting from the transmitter which was installed in the Sona Temple. That was also immediately stopped, and no Khalistan propaganda was transmitted from that. It is only regarding Gurbani that they broadcast from that transmitter.

One hon. Member, Shri Suraj Bhan wanted to know why Government is not calling the leaders of the Opposition, particularly in Punjab, and discussing the issue with them. Just now, I have received information from the Chief Minister of Punjab that they had this exercise previously, and that on 4th December 1981 the Governor of Punjab is going to invite all the political parties in Punjab, including the Longowal group which previously did not attend it. So, the Government of Punjab is very keen to discuss the issue, and to take the Opposition into confidence in this matter also.

The hon. Member Mr. Chitta Basu spoke about the involvement of Big Powers; and he asked why Government is shielding or not naming them. There is no direct involvement. It is very difficult to prove that a particular nation is giving money or helping the movement. Their method is very subtle and nobody helps directly. Whatever they want to do, they do in an indirect way; and it is also very difficult to prove it. I said it was not possible to say that a particular country helped that movement. I have not said that.

SHRI CHITTA BASU : Then why did you say it ?

SHRI GHULAM RASOOL KOCHAK : Then why did you say that foreign countries are behind it ? (*Interruptions*).

SHRI YOGENDRA MAKWANA : I said : they may be helping; but it is very difficult to prove, because the method is such that you cannot prove it. Unless he can prove it, it is not possible for the Minister to name a particular country in the House. The Minister did not say it.

SHRI CHITTA BOSU : Why did you say it ? You quoted them. You contradict it.

SHRI GHULAM RASOOL KOCHAK : Could we take it a mere suspicion ?

SHRI YOGENDRA MAKWANA : Mr. Chitta Bosu mentioned about the public meeting which Mr. Buta Singh might have addressed. I do not know from where he has got this news; may be from the Press report. But there may be some misunderstanding in the Press also : it can happen. So, I cannot accept that Mr. Buta Singh has made such a statement.

The hon. members from this side like Mr. H.K.L. Bhagat, Gen. Sparrow and Shrimati Brar, all coming from Punjab, have amply clarified the position regarding the situation prevailing in Punjab and the relations between Hindus and Sikhs in the State. Members from the opposition also, those who have participated, all of them agree that this is an issue which concerns all of us; it is a national issue; we cannot take this in isolation and nobody alone can solve this issue. I can assure this House that the Government is prepared and ready to take the help from the Opposition in this matter and other matters which concern the nation as a whole.

As I had said in the beginning, I am not going to take much of your time and my senior collegue, the Home Minister is going to reply in detail regarding the issue which was the central focus of discussion. I thank you for giving me an opportunity to speak and to explain some of the points which were raised by the hon. members and for which I was asked to explain.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Chandrajit Yadav. There are two more members to speak Mr. Kashyap and Mr. Paswan. Both of them will take not more than 3-5 minutes and then the Minister will reply not of course at 7 P.M. but at 7.10 P.M.

श्री चन्द्रजीत यादव (आजमगढ़) : इस विषय पर यहां डिबेटिंग सोसाइटी की तरह से बहस नहीं होनी चाहिये, ऐसा मैं समझता हूं । इस लिए शुरु में एक प्रस्ताव दिया था कि यह दिन एक राय से इस खालिस्तान के आन्दोलन की निन्दा करें और इसको राष्ट्र विरोधी आन्दोलन करार दे ।

कुछ बातें हैं जिन पर हम को जरूर ध्यान देना चाहिये और जिन की वजह इस तरह के मूवमेंट हमारे देश में पैदा होते हैं, वक्तन फवक्तन पैदा होते हैं । इस में सब से बड़ी जिम्मेदारी शासक दल की इसलिए है कि वह देश का सब से बड़ा राजनीतिक दल है । राजनीतिक लाभ के लिए अगर ऐसे काम किए जाएंगे जिन से गलत तत्वों को प्रोत्साहन मिलेगा तो फिर इसके नतीजे भी बुरे होंगे । पंजाब में इस वक्त जो कुछ हो रहा है उस में इस हद तक शासक दल की जिम्मेदारी भी है कि उसने अनावश्यक रूप से, बिला वजह उस रास्ते की नक्ल करने की कोशिश की जो वहां के अकाली दल या दूसरे साम्प्रदायिक दलों ने अपनाया था हमारे देश में सिख अल्पसंख्यक हैं, अकलियत हैं । उन के मन में किसी वजह से जो डर और भय पैदा हुआ है वह इसलिए है कि गुरुद्वारे की राजनीति में ख्वाम ख्वाह के लिए शासक दल ने दखल अंदाजी की है । मैं जानता हूं कि अकाली दल ने पंजाब की राजनीति में गुरुद्वारों का इस्तेमाल किया है और उन्हें अपनी राजनीति को चलाने के लिए आधार बनाया है लेकिन शासक दल को उनको आधार नहीं बनाना चाहिये था । यह सारी की सारी लड़ाई गुरुद्वारे के अन्दर लड़ाने की वजह से आम सिखों में भय पैदा हो गया है और वे समझने लग गए हैं कि उन के धर्म में बिला वजह हस्तक्षेप हो सकता है, उनके तरीके कार में, जिन्दगी में बिला वजह हस्तक्षेप हो सकता है । मैं मानता हूं कि पंजाब के आम सिख खालिस्तान मूवमेंट के साथ नहीं हैं । लेकिन पंजाब के आम सिख आज इस लिए नाराज हैं कि सरकार ने या शासक दल ने गुरुद्वारों में, उनके धर्म के कामों के अन्दर दखल अंदाजी की है । यह असंतोष है । आज अगर भिन्द्रावाला को स्पोर्ट मिल रही है तो उसका कारण यह है कि वह इस बात का प्रतीक बन गया है कि वह गुरुद्वारों की महत्ता की रक्षा करना चाहते

हैं और इसलिए उनके पीछे एक ताकत खड़ी हो गई है । इस देश के पूरे इतिहास को देखें आजादी के पहले क्या होता था ? इस देश के मुसलमानों की इस भावना का जिन्नाह ने इस्तेमाल किया और यहां पाकिस्तान बना । इसलिए कि जो भी इस देश में माइनारिटी में है, अल्पसंख्यक है उसके मन में इस बात का डर बना रहता है कि उसकी भाषा, धर्म, संस्कृति और उसकी जिन्दगी के तरीके-कार में बेजा हस्तक्षेप नहीं होना चाहिये । और उसी वक्त इस देश में अनुसूचित जातियों के मन में इस प्रकार की धारणा थी जब उनके साथ सामाजिक अन्याय हो रहा था, उसके भी गुस्से का इजहार इस देश के अन्दर हुआ । आज अगर नौर्थ ईस्टर्न जोन के अन्दर जो हो रहा है वहां यह भावना पैदा हुई चाहे वह मीजोराम हो, मेघालय हो, या नागालेंड हो सब जगह यही भावना थी, उनके मन में बराबर डर बना रहता था कि कहीं हमारे धर्म में, संस्कृति पर या रहन सहन में दखलंदाजी तो नहीं हो रही है । यह बात आज अगर सिख समुदाय के अन्दर भी पैदा हो रही है तो गलत है । सिख समुदाय एक अल्प-संख्यक समुदाय है, उनका अपना धर्म है, उनकी अपनी मातृभाषा है, उनके काम का तरीका है और उसमें वह किसी तरह की दखलंदाजी नहीं चाहते हैं । मेरी गृह मंत्री जी से, आपकी पार्टी से और आपके नेतृत्व से प्रार्थना है कि यह मजहब को इस्तेमाल करने की राजनीति इस देश में बन्द करनी चाहिये । जो मजहब का इस्तेमाल करते हैं उनकी निन्दा होनी चाहिये । आज इस देश में ऐसी ताकतें हैं जो धर्म का इस्तेमाल कर रही हैं, चाहे गुरुद्वारा हो, मस्जिद हो अगर उनमें ऐसे लोगों को पनाह दी जाती है जो यहां राष्ट्र विरोधी काम करते हैं, जो कत्लेआम कर रहे हों, या हिंसा की राजनीति कर रहे हों, जो दूसरे धर्म के ऊपर आक्रमण कर रहे हो, मैं समझता हूं कि बेजा इस्तेमाल हो रहा है धार्मिक संस्थाओं का। इसको रोकना चाहिये । लेकिन यह काम सहज सरकार से नहीं हो सकता है । मैं मानता हूं जैसा सरकार ने डील किया है अगर आप गोल्डन टेम्पिल में पुलिस या फौज भेज दीजिए तो यह गलत होगा । लेकिन आज सिख समुदाय को भी बताया जाना चाहिये कि नहीं गुरुद्वारों का इस्तेमाल इस काम के लिये नहीं होना चाहिये । इसका प्रचार आज अपने रेडियो, टी०बी०, अखबारों और अपनी पार्टी से करायें । मैं समझता हूं यह काम आज नहीं हो रहा है । कुछ सच्चाई भी है जिसको स्वीकार करना चाहिये, पंजाब के अन्दर निरंकारियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं हो रहा है । चाहे उनसे कोई असहमत हो, लेकिन इस देश में धार्मिक आजादी का हक हर एक इन्सान को है । आज निरंकारी होना जैसे लगता है कोई अपराध है । उनके मन में, पंजाब में डर है । उनकी जिन्दगी और सम्पत्ति के बारे में इस प्रकार के असामाजिक तत्व जो हमला कर रहे हैं उनको पकड़ कर सजा दी जानी चाहिये । हिन्दू-मुसलमान, हिन्दू-सिख और हिन्दू-ईसाई में प्यार, सद्भाव और एकता इस देश की एकता की आधारशिला है । मगर आज हिन्दुओं के मन में पंजाब में यह डर पैदा हो रहा है कि वह अपने उद्योग आगे पंजाब में लगायेंगे कि नहीं । यह उनके मन में आज डर है । ऐसी बदकिस्मती की स्थिति पैदा हो रही है । और मैं समझता हूं यह तभी बन्द हो सकता है जब सरकार सख्ती के साथ ऐसे लोगों को, जिन्होंने दूसरों की जान ली है, कातिलाना हमला कर के लोगों को कत्ल किया है, उन मुजरिमों को सरकार जल्दी से पकड़ कर अदालत में लाये, उन पर मुकदमा चलाये और कानून के मुताबिक उनको सजा हो । तभी लोगों के मन में आश्वासन पैदा हो सकता है ।

दूसरी बात जो माननीय समर मुखर्जी साहब ने कही इसको आपको हल्के ढंग से नहीं लेना चाहिये । आज कैनाडा से कोई आदमी अगर कुछ कहता है, एक आदमी नहीं है उसके पीछे शक्ति और पैसा है, और ताकतें हैं जो वहां से वह अपनी करेंसी चला सकता है, अपना दूतावास खोल सकता है, वहां से वह डाक टिकट निकाल सकता है. . . .कौन उसके पीछे ताकतें हैं ? मैं चाहता हूं कि गृह-मंत्री जी जवाब दें कि क्या हमारी सरकार ने कनाडा की सरकार से बातचीत की है कि कनाडा की भूमि से इस प्रकार का राष्ट्र-विरोधी आन्दोलन क्यों हो रहा है ? हमारे सम्बन्ध कनाडा से अच्छे हैं, वहां हमारे राजनयिक सम्बन्ध हैं । कनाडा की भूमि पर भारत के विरुद्ध अड्डा बनाया जाये, वहां कूंसलेट स्थापित किया जाये, वहां सिक्का चलाया जाये, वहां से आन्दोलन का सूत्रपात हो, तो क्या कनाडा

की सरकार से आपने इस इश्यू को लिया है, उनका इस बारे में क्या जवाब है ?

## 19 Hrs.

क्या अमेरिका से आपने इस बारे में बात चीत की कि अमेरिका में क्यों खुलेआम पैसा इकट्ठा हो रहा है और अमेरिका क्यों इसे उत्साहित कर रहा है ? जैसे आपने पाकिस्तान से प्रोटेस्ट किया, वहां मीटिंग नहीं हो पाई, मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस प्रकार का प्रोटेस्ट आपने अमेरिका, कनाडा और इंगलैंड से भी किया है ? इंगलैंड के एक मंत्री का बयान मैंने पढ़ा है । उन्होंने कहा है कि हमारा कानून इस बात की इजाजत देता है, विधान तो वहां है नहीं, कि हम इसको कोई राष्ट्र विरोधी काम नहीं कह सकते हम सजा नहीं दे सकते । हमारे यहां पूरी आजादी है, जो चाहे वहां से वैसा करे । क्या इसका कोई प्रोटेस्ट हमारी सरकार ने किया है ? हमारा एक मित्र देश, हम कामनवैल्थ के मेम्बर हैं, और इंगलैंड के एक मंत्री यह बयान दें कि अगर भारत के विरोध में और खालिस्तान के समर्थन में एक आन्दोलन यहां चलता है तो हम कुछ नहीं कर सकते या बेबस हैं, तो क्या उनकी बेबसी को हमने स्वीकार कर लिया है ? मैं जानना चाहता हूं कि हमारी सरकार इस बारे में क्या कहना चाहती है ?

मैं समझता हूं कि आज जैसी अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति है, दुनिया के बहुत से देश भारत को कमजोर देखना चाहते हैं । आज भारत अपनी जो भूमिका निभा रहा है वह आगे भी निभायेगा, इसलिये कि भारत एक बड़ा देश है, 68 करोड़ आदमी इस देश में रहते हैं, उसकी मान्यता है । आज दुनिया के कुछ देश चाहते हैं कि भारत कमजोर रहे और इसके लिये भारत विरोधी ऐसी ताकतें हैं जो आवाज उठाती हैं और उनको दुनिया की बहुत सारी शक्तियां से पैसे, नैतिकता से, समर्थन से उनको प्रोत्साहित कर रही हैं । मैं समझता हूं कि इस खतरे को देखना चाहिये इसको नजरन्दाज नहीं करना चाहिये ।

प्रधान मंत्री ने उनको बुलाकर बात की है, मैं समझता हूं कि उन्होंने अच्छा काम किया है, उन्होंने सिचुएशन को डिफ्यूज करने की कोशिश की है । यह दुर्भाग्य की बात है कि इस देश के लोग हिन्दू के नाम पर आते हैं । अगर एक साथ आने को तैयार नहीं हैं, अगर आपस में लेक आफ फेथ है, विरोधी कोई सिख की तरफ से आ रहा है, कोई हिन्दू की तरफ से, कोई निरंकारी की तरफ से तो देश के प्रधान मंत्री यह नहीं कह सकते कि हम बात नहीं कर सकते । लेकिन मकवाना साहब ने यह बात भी घोषित की है कि नहीं, वहां के गवर्नर अथवा मुख्यमंत्री राजनीतिक दलों से इस बात पर बातचीत करने के लिये तैयार हैं । मैं भी आश्वासन देना चाहता हूं कि इस देश में हमारे मतभेद हो सकते हैं आर्थिक, सामाजिक कार्यक्रमों पर, लेकिन यह पालियामेंट और देश इस बात में एक है कि भारत विरोधी हरकतों को इस देश में स्वीकार नहीं किया जायेगा और देश को कमजोर करने वाली ताकतों का समर्थन भी इस देश में नहीं किया जायेगा । मैं समझता हूं कि इस सदन की यह भावना देनी चाहिये कि सदन की इस प्रकार की राय है कि कोई भी राष्ट्र विरोधी ताकत, जो देश में अलगाव की स्थिति पैदा करना चाहती है, एक नया राष्ट्र बनाने की साजिस कर रही हो, चाहे दुनिया की सारी ताकतें उसके पीछे हों, यह देश उसकी निन्दा करता है और किसी प्रकार का समर्थन उनको नहीं मिल सकता है ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप (आंवला) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कोई बात कहूं, इससे पहले मैं श्री मनी राम जी बागड़ी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने सदन का ध्यान और देश का ध्यान अपने प्रस्ताव द्वारा आकर्षित किया है ।

देश में कोई भी अलगाव की बात देश के लिये और देश की एकता के लिये बड़ी घातक है । साथ ही साथ हमें उन परिस्थितियों का भी अध्ययन करना होगा और उन समस्याओं का भी समाधान करना होगा जिनसे लोगों के मन में संदेह पैदा होता है कि हम इस देश से क्यों अलग हों । कुछ पिछले सिलसिले रहे हैं और हमारी सरकार ने इस तरह का बर्ताव किया है जिससे लोगों को खालिस्तान के आन्दोलन के बारे में बढ़ावा मिला है । एक केवल कागजी कार्यवाही हो जाये, कहीं से डालर छप जाये, पासपोर्ट छप जाये या वह अखबार में निकल जाये तो उससे हिन्दुस्तान खालिस्तान में नहीं

बदल जाता। लेकिन अगर समझौते के लिए कुछ धार्मिक नेताओं और दूसरे लोगों को यहां पर बुलाया जाये, और उस बातचीत में गृह मंत्री की जगह विदेश मंत्री शामिल हों, तो मालूम होता है कि हम विदेशी शक्तियों से बात कर रहे हैं और कुछ लोगों की मांग को मान्यता दे रहे हैं। गृह मंत्री की यह उपेक्षा इस लिए भी हो सकती है कि अखबारों में यह चर्चा चली है कि इसमें गृह मंत्री का हाथ था। लेकिन देश स्पष्ट रूप से जानना चाहता है कि इस तरह इस प्रश्न को अन्तर्राष्ट्रीय रूप देने की कोशिश क्यों की जा रही है और इसको हिन्दू और सिख का मामला क्यों बनाया जा रहा है। यह हिन्दू और सिख का मामला नहीं है। यह मामला सिख वर्सस हिन्दू नहीं है। यह मामला कुछ राष्ट्र-विरोधी तत्वों की भारत के प्रति अलगाव की नीति हो सकती है। ऐसी प्रवृत्ति को कुचला जा सकता है, चाहे उसके पीछे हिन्दू हों, सिख हों या मुसलमान हों, किसी धर्म के मानने वाले हों, और चाहे वे पंजाब में हों, या बंगाल, आसाम या तामिलनाडु में हों। कोई भी खालिस्तान का साथ देने के लिए तैयार नहीं है। इस बारे में पूरे देश का एक दृष्टिकोण है और एक ही उद्देश्य है।

लेकिन हमारी सरकार की नीति और तौर तरीके सही नहीं हैं। सब्जी काटने वाले चाकुओं के बल पर कुछ लोग हमारे हवाई जहाज को देश से बाहर ले गए। सरकार के लोगों ने हवाई जहाज के अपहरण को स्वयं बढ़ावा दिया हुआ है। उन्होंने अपहरण करने वालों को टिकट दे कर ऊंचे सदन में बिठाया है। हमें तो संदेह होता है कि इस हवाई जहाज के अपहरण में या तो सरकार की लापरवाही रही है या सरकार की उसमें कोई बात छिपी हुई है। आज तक उन लोगों को पाकिस्तान से क्यों नहीं लाया गया है? कैसे उनके परिवार उनके साथ गए थे? उनको यहां पर ला कर उन पर मुकदमा क्यों नहीं चलाया गया? सरकार ने इस बारे में कोई कदम क्यों नहीं उठाया है? इस देश के लोग इस मामले को बड़े शक की निगाह से देख रहे हैं।

अखबारों में कुछ बातें निकली हैं। पता नहीं, वास्तविकता क्या है। अगर कुछ छुरियों के द्वारा एक हवाई जहाज का अपहरण कर लिया गया, तो कहा जाता है कि सिखों के कृपाण रखने पर पाबंदी लगाई जाएगी। जब खाली गेंद से हवाई जहाज का अपहरण किया जा चुका है, तो हिन्दुस्तान में बल्ले से खेली जाने वाली सारी गेंदों पर भी पाबंदी लगनी चाहिए। क्यों कहा जाता है कि सिखों के कृपाण रखने पर पाबंदी लगाई जाएगी? अगर पांच छः आदमी कृपाण से कोई गलत काम करते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि करोड़ों सिखों की कृपाण पर पाबंदी लगा दी जाए। गुरु गोविन्द सिंह ने कृपाण इस रूप में दी थी कि अमृत-पान कराने से ले कर धर्म की मान्यताओं के साथ उसका सम्बन्ध जुड़ा हुआ है। कृपाण के प्रति सरकार की नीति सराहनीय नहीं कही जा सकती, बल्कि हम उसकी निन्दा करते हैं और हम उसे बर्दाश्त भी नहीं करेंगे।

सारे देश और पूरे सदन की यही भावना है कि खालिस्तान बनने का प्रश्न ही नहीं पैदा होता। लेकिन हमारी सरकार को भी मजबूती से काम लेना चाहिए। अगर देवली कांड होंगे, तो लोग अछूतिस्तान की मांग भी कर सकते हैं। अगर कफल्टा कांड के मुलजिमों को छोड़ दिया जाता है, तो हरिजन न्याय की मांग कर सकते हैं। सिखों और हरिजनों के साथ न्याय न हो, काका कालेलकर की रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाए, बी पी मंडल कमीशन की रिपोर्ट की उपेक्षा की जाए, बैकवर्ड क्लासिज़ को धोखा दिया जाए, ये बातें संदेह पैदा करती हैं, लोगों के मन को झकझोरती हैं। इस लिए सरकार को अपनी नीयत को बदलना चाहिए।

आज मिजोराम में एक पैरालल सरकार बनी हुई है, जो टैक्स वसूल कर रही है, लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही है। खालिस्तान के सिक्के चलाए जाते हैं, मगर सरकार कुछ नहीं कर पाई है। मैं गृह मंत्री से कहना चाहता हूं कि विरोधी दलों पर लांछन लगाने से काम नहीं चलेगा। हम मजबूती चाहते हैं। यह नहीं होना चाहिए कि भिंडरावाला को पकड़ा और

फिर छोड़ दिया। अगर उसको गलत तौर पर पकड़ा गया, तो पकड़ने वाली एजेन्सी, पुलिस या अधिकारी को सजा क्यों नहीं दी गई? अगर वह मुजरिम था और उसको छोड़ दिया गया, तो उसे छोड़ने वाली पुलिस और सत्ता को जेल क्यों नहीं भेजा गया, उस पर मुकदमा क्यों नहीं चलाया गया? इन बातों से लोग समझते हैं कि वे राजनैतिक शक्ति का प्रयोग कर के प्रधान मंत्री और गृह मंत्री को दबा लेंगे और भिंडरावाला जैसे लोगों को छुड़ा लेंगे।

चाहे लाला जगत नारायण का कत्ल हो, देवली की घटनाएं हों, बदायू में नवादा और कफल्टा के कांड हों, यह सरकार न किसी को पकड़ पाती है और न सजा दे पाती है। वह केवल कागजों और बहसों से इन समस्याओं को हल करना चाहती है। हम खालिस्तान का विरोध करते हैं, लेकिन साथ-साथ सरकार की नीतियों का भी विरोध करते हैं। इन आंदोलनों को मजबूती के साथ दबाना चाहिए।

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं सर्वप्रथम आप से और सदन से यह आग्रह करुंगा कि यह जो डिसइंटीग्रेशन के, पृथकतावाद के तत्व हैं इन का सोर्स कहां है, इन की जड़ें कहां हैं? सब से दुख की बात इस देश में यह है कि आज कोई भी आदमी अपने को भारतीय समझता ही नहीं है। राष्ट्रीयता किसी में है ही नहीं: हम हैं तो हम शेड्यूल्ड कास्ट हैं, कोई हिन्दु है, कोई मुसलमान है, कोई सिख है, कोई ईसाई है, कोई ब्राह्मण है कोई राजपूत है, कोई कुछ है, लेकिन कोई आदमी राष्ट्रीय है ही नहीं यह जो चर्चा हो रही है खालिस्तान की तो मैंने उस दिन भी कहा था कि खालिस्तान तो एक बुलबुला है जो यह बतला रहा है देश का बुखार 104 डिग्री तक पहुंच गया है, देश कोलैप्स करने वाला है, थर्मामीटर के रूप में इस को ले सकते हैं। और भी जो क्षेत्र हैं, सब जगह पर इस तरह की बातें चल रही हैं। आप भले ही इस को कह दें कि कुछ नहीं है, हम भी इस सदन के सदस्य हैं, हम भी नहीं चाहेंगे कि देश में हमारे या किसी के वक्तव्य से कोई मामला बिगड़े। ईमानदारीपूर्वक सब लोग चाहेंगे कि समस्या का निदान हो जाय, देश की एकता बनी रहे और भारत अखंड रूप में रहे लेकिन मैं यह कहना चाहुंगा कि आजादी के 33 वर्ष बाद जहां नेशनल इंटीग्रेशन की बात कही जा रही है वहां देश नेशनल डिस-इंटीग्रेशन की ओर जा रहा है और इस का सब से बड़ा कारण यह है कि सब से ऊपर जो राष्ट्रीय स्वार्थ रहना चाहिए, उस के बाद पार्टी का स्वार्थ और उस के बाद व्यक्ति का स्वार्थ रहना चाहिए, उस के बजाय आज राष्ट्र का स्वार्थ सब से नीचे चला गया है। सब से ऊपर व्यक्ति का स्वार्थ उस से नीचे पार्टी का स्वार्थ और सब से नीचे राष्ट्र का स्वार्थ चला गया है। जब तक सब से नीचे व्यक्ति का स्वार्थ उस के बाद दल का स्वार्थ और सब से ऊपर राष्ट्र का स्वार्थ इस तरह का शीर्षासिन आप नहीं कराएंगे, व्यक्ति के स्वार्थ को सब से नीचे नहीं लाएंगे तब तक आप लाख यहां कुछ भी कर लें समस्या का कोई निदान होने वाला नहीं है।

अभी इन्होंने एक बात कही। आप क्या यह समझ रहे हैं कि यह एक समुदाय के बीच में हो रहा है, यह केवल खालिस्तान का मामला है? बहुत डीटेल में बात नहीं हुई है। मैं इस में इतना ही जानना चहता हूं कि आप ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, एन एस ए किसके लिए बनाया था? क्या हम लोगों को पकड़ने के लिए बनाया था कि आप जब कोई गलत काम करेंगे और हम लोग उस पर बोलेंगे तो हमें जेल में बन्द कर देंगे? वह किस के लिए बनाया गया था? आप ने रेडियो से भिंडरावाले की गिरफ्तारी का प्रचार करवाया उन को मौका दिया गया कि तुम जाओ गुरुद्वारे में। वहां जा कर 15 दिन तक वह रहते हैं, मीटिंग आर्गनाइज करते हैं, जिस दिन गिरफ्तारी देते हैं तो बोल कर गिरफ्तारी देते हैं कि आज में गिरफ्तारी देने के लिए जा रहा हुं, पचास हजार की भीड़ इकट्ठा होती है और 14-15 आदमियों की हत्या होती है। यह क्यों? इसके पीछे क्या है? मैं आप से कहना चाहूंगा कि जहां नीति और नीयत में फर्क हो जायगा वहां क्या होगा? आज सब जगह ऐसी हालत हो रही है। कौन सी स्टेट आप की ऐसी है जिस स्टेट में आप कह सकें कि स्थायित्व है? किसी भी प्रदेश का नाम दे सकते हैं? सब जगह एक आदमी आग लगाएगा, एक आदमी

आग बुझाने का काम करेगा । मतलब कि पहले डिवाइड करो, फिर आइसोलेट करो और फिर कान्कर करो । यह जो आप के नेतृत्व की देन है कि सब से पहले एकदम डिवाइड कर दो फिर आइसोलेट करो फिर उस को मिलाने का काम करो, यह डिवाइड ऐंड रूल की पालिसी जब तक आप नहीं छोड़ेंगे तब तक चाहे आसाम का मामला हो चाहे हरिजन का मामला हो, चाहे आदिवासियों का मामला हो, चाहे मुसलमान का मामला हो चाहे खालिस्तान का मामला हो, किसी भी मामले की समस्या का निदान नहीं कर सकते। हमें तो लगता है कि हमारी नीयत है ही नहीं । एक घटना घटी देवली में, प्रधान मंत्री गई आंख से आंसू बहा कर चली आई । आपके आंसू से हमें क्या लेना देना है ? आप हंसते रहिए लेकिन हमें सुरक्षा तो दीजिए। कफल्टा में घटना हो गई लेकिन एक भी मुजरिम नहीं पकड़ा गया । आप क्या यह समझते हैं कि आज एक ही वर्ग में यह असंतोष चल रहा है ? आप हरिजन से बात करिए, बिहार के आदिवासियों से बात करिए जो आदिवासी कहता है कि में क्रिश्चियन बन गया, मेरा जीवन स्तर ऊंचा हो रहा है । अगर हिन्दु वर्ग में कुछ नहीं हो रहा है और आज खुशी से कोई आदमी धर्म परिवर्तन करता है तो आप रोज गाली देंगे बजाए इसके कि प्यार करें । यदि इस बात का पता चलता भी है कि ठीक है, उसको पैसा मिला है तो दूसरे धर्म में जाने के लिए उसको पैसा मिलता है और हिन्दु धर्म में मन्दिर में जल चढ़ाने के लिए गोली मारी जाती है । अगर आपको मालूम भी होता है कि पैसा मिला है तो आप जले पर नमक छिड़कने का काम क्यों करते हैं ।

जहां तक इस खालिस्तान के मसले का सम्बन्ध है सभी को एक स्वर से इसकी निन्दा करनी चाहिए लेकिन मैं गृह मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि आज देश प्रत्येक क्षेत्र में विस्फोटक स्थिति में पहुंच गया है । आपने जबसे इस देश की बागडोर सम्हाली है, रेडियो और अखबार के द्वारा काम चलाना चाहा है लेकिन मैं समझता हुं इस तरह से इस समस्या का समाधान नहीं होगा । आपकी कथनी और करनी में, आपकी नीति और नीयत में सफाई आनी चाहिए । यह जो खालिस्तान का मामला है इसके पीछे चाहे एक आदमी का ब्रेन हो या दो आदमियों का ब्रेन हो लेकिन इस तरह के नारे बहुत लुभावने हुआ करते हैं । आज हमारे साथी ने अछूतिस्तान कहा है । कोई हो जाए पैदा इस देश में और कह दे अछूतिस्तान तो हरिजन का है वह किसी दूसरी जगह बसने के लिए नहीं जायेंगे लेकिन यह नारा उनके दिमाग में फिट हो जायेगा । मुसलमान कोई पाकिस्तान नहीं गए, सभी हिन्दुस्तान में हैं, कुछ बार्डर के लोग रहे होंगे वही पाकिस्तान गए होंगे लेकिन उस वक्त गांव गांव में मुसलमानों को लग रहा था कि मुल्क में समता, समृद्धि और कोई नया राज आने वाला है, भविष्य हमारा होने वाला है । उसी तरह से आज पिछड़े हरिजन भाइयों के उत्थान की बात चलती है तो मुट्ठी भर लोगों को, सरकारी पक्ष के लोगों को बहुत बुरा लगता है । लेकिन कल अगर कोई आग जलाने वाला हो जाए तो एक नया गुल खिल सकता है : इसलिए मैं यह कह रहा हूं कि ऐसी समस्या आप पैदा न कीजिए । आप इस देश के गृह मन्त्री हैं और भारत सरकार का इसमें बहुत बड़ा दायित्व है । आप जो अक्सर शेरो-शायरी में कहते हैं कि मैं चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के चमन के सभी फूल और कलियां मुसकुरायें, हिन्दुस्तान के सभी फूल खिले तो कभी कभी हम सोचने लगते हैं कि गांवों के फूल खिलने वाले हैं । इसलिए आप मुट्ठी भर लोगों को बढ़ाने की बात को छोड़िये बल्कि पूरे हिन्दुस्तान की आत्मा को जगाने का काम कीजिए ताकि सारे देश के नागरिक समझ सकें कि वे देश की मुख्य धारा में जुड़े हुए हैं और किसी को भी यह समझने का मौका न मिले कि वह इस देश में दूसरे दर्जे का नागरिक है । मैं आपसे कहना चाहता हुं कि धर्म का राष्ट्रीयता से कोई सम्बन्ध नहीं होता है । हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की लड़ाई हुई तो उसमें हिन्दुओं ने उतना रोल अदा नहीं किया जितना कि मुसलमानों ने किया, उन्होंने आगे बढ़कर इस देश की रक्षा की । इसलिए धर्म एक अलग चीज है और राष्ट्रीयता अलग चीज है । इसलिए आप इस बात को देखें कि आज बहुत सी ऐसी समस्यायें पैदा हो रही हैं जिनसे बगूले उत्पन्न हो रहे हैं। इनको आप रोकने का प्रयास करें। आप इस देश के गरीब, बुरबा, पिछड़े और हरिजन, अल्पसंख्यक सभी के दिलों में राष्ट्रीयता की भावना जगायें तभी हमारा, आपका और इस देश का भला होगा, तभी इस देश में जमहूरियत रह सकेगी ।

इन्हीं चन्द शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

MR. DEPUTY SPEAKER : Now, the Minister will reply.

**श्री मनीराम बागड़ी** (हिसार) : उपाध्यक्ष जी,

MR. DEPUTY SPEAKER : Three people have already spoken from your Party. Let him start. After he finishes, you ask for some clarification.

**श्री मनीराम बागड़ी** : मेरी बात तो आप सुन लीजिए ।

MR. DEPUTY SPEAKER: He is going to give a reply.

**श्री मनीराम बागड़ी** : मैं यह कहना चाहता हूं कि इस मामले पर जो पहले चर्चा चली थी उसका जवाब गृह मन्त्री जी दे नहीं सके थे हालांकि देना चाहते थे । तो वह पिछली चर्चा भी इस बहस में शामिल है, यह बहस पहले से कन्टीन्यु कर रही है इसलिए 23 तारीख को जिन माननीय सदस्यों ने इस बहस में भाग लिया था उनका उत्तर भी गृह मन्त्री जी देने की कृपा करेंगे ।

इसके अलावा एक नयी बात यह है कि जालंधर में हिन्दु बचाओ सम्मेलन हुआ है उसके अन्दर आपके कांग्रेस के यश जी और कुमारी सरला पराशर गई थीं जिससे कि हिन्दु-सिख टेंशन बढ़ा है। मैं जानना चाहता हूं कि आपके कांग्रेस अध्यक्ष ने किस तरह से वहां पुरी के शंकराचार्य की अध्यक्षता में प्रस्ताव का समर्थन किया ?

MR. DEPUTY SPEAKER : Now the Home Minister will reply.

**गृहमंत्री (श्री जैल सिंह)** : : डिप्टी स्पीकर साहब जिन आनरेबल मेम्बर्स ने इस समस्या पर यहां अपना विचार रखे हैं उनका मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। इसमें एक मुख्य बात यह कही गई कि जो सेप्रेटिस्ट ताकतें हैं उनको उभरने नहीं देना चाहिए । इसमें सबकी एक राय है और मुख्तलिफ राय है कि सरकार इसको मजबूती के साथ हैण्डल नहीं कर रही है या उसका ढंग अथवा तरीका ठीक नहीं है । तीसरा प्रश्न है, सरकार शायद जान-बूझकर ऐसीं ताकतों को उठाती है । चौथा प्रश्न यह आया है कि गृह मंत्री पर भी कुछ लांछन लगा दिए गए हैं यह थोड़ी सी बातें हैं ।

जहां देश की एकता और यकजहती को खत्म करने का सवाल है, वहां पर हम सब एक हैं और मैं आशा रखता हूं कि हमारी पोलिटिकल पार्टीज के नेता जो ईमानदारी से अपने देश को एक रखने के लिए इसको स्वतन्त्रता को बचाने के लिए और इसको आर्थिक रूप से उन्नत करने के लिए ऐसी समस्याओं को पार्टी लाइन पर नहीं सोचते । रूलिंग पार्टी का पहला धर्म है कि ऐसी बातों का कोई .नाजायज फायदा न उठाया जाय । इस लिये मैं अपील करूंगा कि पोलिटिकल पार्टीज इस बात के लिये आज नहीं, लेकिन जब हम किसी मीटिंग में इकट्ठे हों तो यह भी कोशिश करें कि ऐसी ताकतों के साथ इलैक्शन के वक्त हम को एलाउन्स नहीं करना चाहिये । जब एलाउन्स एक पार्टी करती है तो उन को रिस्पैक्टेबिलिटि मिल जाती है और उनका सम्मान बढ़ता है । इस प्रकार की गल्तियां कई बार पार्टियों ने की हैं ।

समर मुखर्जी जो हमारे हाउस के आनरेबिल बुजुर्ग मेम्बर हैं, पार्टी के तौर पर भी अपोजोशन में उनका पहला नम्बर आता है । उन्होंने एक डालर की कापी और लैटर-हैड दिखलाया और उस की भी चर्चा हुई है, लेकिन उस चर्चा में मैं जाना नहीं चाहता हूं । मैं यह भी यकीन दिलाना चाहता हूं कि कैनाडा की सरकार से बात हुई थी, जब उन के एमिग्रेशन मिनिस्टर यहां आये थे, तो वे भी मेरे से मिले और उन से कहा था कि यह क्या तमाशा है कि खालिस्तान का पास-पोर्ट ले कर, जिस का कोई वजूद नहीं है, कोई स्टेट नहीं है, कोई हकूमत नहीं है, आप लोगों ने उन को इस लिये दाखिल कर दिया, यह बात मान कर कि उन को हिन्दुस्तान रखना नहीं चाहता, चूंकि व खालिस्तान के हिमायती हैं, आप ने उन को अपने देश में ठहरने के लिये जगह दे दी । यह बात ऐतराज योग्य है । उन्होंने कहा कि हमारे देश का कानून ही ऐसा है, जो कोई आये हम उस को रहने के लिये, बैठने के लिये, जगह दे देते हैं, लेकिन हिन्दुस्तान के साथ हमारी ऐसी कोई भावना नहीं है कि हम हिन्दुस्तान की परेशानी को बढ़ायें । इस पर मैंने उन को कहा कि आप के यहा भी फ्रेंन्च भाषा बोलने वाले अलेहदा होना चाहते हैं । यदि कोई देश उन को पनाह देगा तो दोस्ती कैसे निभेगी । उन्होंने

कहा—नहीं निभेगी। मैंने कहा—यदि नहीं निभेगी तो फिर आप को इस का उपाय करना चाहिये। उन्होंने कहा—क्या उपाय? मैंने कहा कानून को बदलो। ये हमारे देश के दुशमन हैं, ये हिन्दुस्तानी नहीं हैं, रिफ़्यूजी नहीं हैं, किसी ने निकाला नहीं है, दुनिया में खालिस्तान नाम की कोई चिड़िया नहीं है। हम यह बरदाश्त नहीं करेगें। आखिर उन्होंने यह कर दिया कि यदि कोई इण्डियन बगैर इण्डियन पासपोर्ट के जायेगा तो उस को अपने देश में रहने के लिये जगह नहीं देंगे—यह बात उन्होंने कही।

कैनाडा के प्रधान मंत्री हमारे प्रधान मंत्री जी से मिले थे और उन से भी बात हुई थी। वह यह कहते हैं कि खालिस्तान का कोई कान्सिल वहां है, ये सब बनावटी चीजें है। लेकिन फिर भी विदेश मंत्रालय सब मुल्कों के साथ बातचीत करता है और इन्फार्मेशन भी आती है। यादव जी को मैं बतलाना चाहता हूं—हम ने पाकिस्तान को कहा था उन्होंने कान्फ्रेंन्स नहीं होने दी, इस लिये यह कहना कि गर्वनमेन्ट इन बातों पर ध्यान नहीं रखती है, सही नहीं है। हम इस पर बिलकुल सचेत हैं और ऐसे तमाम मामलों को देखते हैं।

लेकिन एक बात मैं रिकार्ड के लिये कहना चाहता हूं। बहुत से दोस्तों को इस बारे में मालूम भी होगा, लेकिन यह ऐसा इशू है जिस को यहां रिकार्ड में न लाऊं तो ठीक नहीं होगा। राज्य सभा में भी मैंने बतलाया था कि इभ भावनाओं को पहले देख लेना चाहिये। खालिस्तान की बात जिस आदमी ने शुरू की थी, वह 1969-70 और 71 में शुरू की थी। उस से पहले भी कभी-कभी कोई सिर-फिरा आदमी कह देता था, लेकिन उस को सीरियसली नहीं लिया गया। जिस वक्त हमारे जर्नल बंगला देश की फतह के बाद पाकिस्तान की फौजों से हथियार डलवा रहे थे, एक मुकर्रा वक्त पर 90 हजार अफसरों और सिपाहियों ने एक रस्म के तौर पर जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने हथियार डाले तो एक तरफ तो यह तस्वीर आ रही थी, दूसरी तरफ आहिया खां इस डा० जगजीत सिंह को साथ ले कर टेलिविजन पर कह रहा था कि हम ने गुरुद्वारों की चाबियां इन को दे दी हैं, ये खालिस्तान चाहते हैं। आप को शायद याद होगा, जंग के दौरान डा० जगजीत सिंह से भाषण करवाया गया कि पाकिस्तान से पैराशूट के जरिये हम उतरेगें, सिखों की तरफ़ से हमारा स्वागत होना चाहिये। जब वे पाकिस्तानी सिखों का भेष धारण कर के यहां उतरे तो उन को उस का जवाब दिया गया, सब पंजाबियों ने मिल कर उन को मारा, बगैर तलवार के बगैर बन्दूक के, सिर्फ लाठियों से उनको मार दिया था। यह जज्बा था उस वक्त पंजाब का। इतने खतरनाक वक्त में जिस आदमी नें दुशमन का साथ दिया और उस वक्त जो हुकूमत पाकिस्तान में थी, यह बिल्कुल साफ है कि उस ने खालिस्तान की मूवमैन्ट को मजबूत करने के लिये काम किया। कुछ खबरें ऐसी भी आती हैं कि पाकिस्तान के पीछे और भी ताकतें हैं, लेकिन विदेशों में या देश में इस मूवमेन्ट को कोई समर्थन नहीं मिला। उस के बाद यह खुद अपनी मौत मर गई।

उस के बाद डा० जगजीत सिंह यहां आया, मैं किसी को दोष नहीं देता या ऐसा नहीं कहता कि जनता पार्टी ने उस को यहां बुलाया, लेकिन हम ने उस को यहां आने से रोका था, हमारे बदलते ही वह यहां आया और घूमता रहा, फिर भी उस को कोई समर्थन नहीं मिला। उस के बाद जब फिर कांग्रेस का राज्य आया, हमारे आने से पहले ही वह यहां से निकल गया। डा० जगजीत सिंह के अलावा, दूसरा नाम मुखर्जी साहब ने गंगा सिंह का लिया था। गंगा सिंह अमरीकन सिटिज़न है, औरजनली वह इंडियन सिटिजन था, उस के प्रति कोई अहमियत या बातचीत आज तक नहीं थी। लेकिन कुछ हमारे दोस्तों ने जोरदार प्रोपेगण्डा कर के उस को भी इस का नेता बना दिया। भारत की पार्लियामेन्ट में जितनी बार डा० जगजीत सिंह का नाम लिया गया, वह चाहे कितना भी बोगस से बोगस आदमी हो, लेकिन कुछ लोग जो इन्टरेस्ट्रेड होंगे, जो चाहते हैं कि हिन्दुस्तान को अन-स्टेबिल किया जाय वह जरूर उस को समर्थन देगें। एक मेम्बर ने कहा था कि इस की ज्यादा चर्चा करने से नुकसान होता है।

जैसे पाकिस्तान जो रियेलिटी में आया, वह ज्यादातर विरोधियों की तरफ़ से आया। हम लोग इस

को मिनीमाइज नहीं करना चाहते, यह स्लोगन खतरनाक है लेकिन इस स्लोगन को भयानक समझा कर बहुत से लोग उस के साथ हो गये, ऐसा हमें नहीं सोचना चाहिए, और इस गलतफहमी में हम को नहीं पड़ना चाहिए । गंगा सिंह कहता है कि मैं खालिस्तान की हिमायत नहीं करता और सिख ऐजूकेशनल कान्फ्रेन्स में प्रीसाइड करते हुए, जो उस ने तकरीर की है, उस में उस ने खालिस्तान के बारे में कोई बात नहीं की लेकिन उस को भी खालिस्तानी बना दिया। गंगा सिंह और डाक्टर जगजीत सिंह दोनों आपस मे दोस्त नहीं हैं । गंगा सिंह का यह स्लोगन कि जो सिख दुनिया में रहते हैं, उन का एक आवजर्वर यू०एन०ओ० में होना चाहिए, उस को कोई समर्थन नहीं मिला । चीफ़ खालसा दीवान जो सिख एजूकेशनल कान्फ्रेन्स को हर साल करवाता हैं, ने भी इस का जोरदार शब्दों में खण्डन किया है और कहा है कि हम खालिस्तान की मांग के साथ नहीं है । तो मैं समझता हूं कि वह ऐसा लीडर नहीं है लेकिन उसको लीडर बना दिया गया है । उस के बाद उसने ननकाना साहब फाउन्डेशन बना ली और एक अमीर आदमी के घर उस की शादी हो गई और आप जानते हैं कि अमेरिकन सिटीजन अमीर होते हैं । उस ने अपना काम शुरू कर दिया । इसलिए जरा और गौर से देखने की जरूरत है कि इस के पीछे क्या है ।

एक बात डा० फारुक अब्दुल्ला ने कही । वे चले गये, न जाते तो बड़ा अच्छा था । मैं पार्लियामेंन्ट के आनरेबिल मेम्बरों से यह कहूंगा कि भारत की सियासत सारी की सारी एक तरह की नहीं है । जम्मू एण्ड काश्मीर की सियासत जुदा है, पंजाब की सियासत, रूप-रेखा जुदा है, उसमें कुछ और ही मसला है, जो बाकी प्रान्तों में नहीं है, नार्थ ईस्टर्न स्टेट्स का जो मसला है, वैसा बाकी प्रान्तों का नहीं है । इन बातों से हम स्वाभावक ही इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि जितनी ताकतें हिन्दुस्तान से अलहदा होने के लिए आवाज उठाएंगी, छोटी हो या बड़ी हो, उस के साथ उन देशों की हमदर्दी होगी जो हमारा भला नहीं चाहती हैं, जिनके दिल में हमारे लिए कोई प्यार नहीं है, महुब्बत नहीं है ।

अब हमारे प्रेस वाले भाई, जानबूझ कर नहीं कई बार उन से भी ऐसी बात हो जाती है जैसे उन्होंने छाप दिया कि दो स्टेटमेंटें दी गई । मैं आपके दो मिनट लूंगा, मैं जानता हूं कि यह असंगत है और इसके साथ इसका कोई मतलब नहीं है लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि मैंने यहां कहा था कि जहां पर ऐसी स्थिति हो जैसा देवली गांव में हुआ था, वहां हरिजनों को हथियार देने चाहिए लेकिन गलती से यह बात प्रेस में आई कि मैंने कहा था कि हरिजनों को हथियार दिये जाएं । मैं यह जानता हूं कि एक कम्युनिटी अगर लड़े, तो दूसरों को मिला कर रखने की बजाए, दूसरों से हथियार छीनने के बजाए, औरों को भी हथियार दे दिये जाएं ताकि वे लड़ें, यह सही नहीं है । मैंने यह कभी नहीं कहा था कि हरिजनों को हथियार दिये जाएं । यह सवाल मेरी गैर-हाजरी में राज्य मंत्री, श्री मकवाना जी के सामने राज्य सभा में आया और यह कहा गया कि होम मिनिस्टर के स्टेटमेंट को राज्य मंत्री होम ने कांट्राडिक्ट कर दिया । ऐसा भी कई बार हो जाता है । मैं यह एक परवान के तौर पर कहता हूं । जिस दोस्त को इस बारे में कोई शंका हो और खास तौर से मैं प्रो० दंडवते जी से कहूंगा कि वे रिकार्ड देख लें, मेरी स्पीच भी देख लें और उन की स्पीच भी देख लें तो उनको तसल्ली हो जाएगी । इसके साथ यह कोई ताल्लुक नहीं रखती है लेकिन बात साफ करने के लिए मैंने यह कहा है । लाला जगत नारायण जी का मर्डर हुआ और उसके बाद कुछ और मर्डर हुए और कातिलों का न पकड़े जाना, यह अच्छी बात नहीं है । इस बात की हम श्लाघा नहीं कर सकते लेकिन गवर्नमेंट की मजबूरी हो सकती है, पुलिस की मजबूरी हो सकती है जैसे कत्ल के बाद पहले दिन कुछ और ख्याल था लेकिन उस के बाद और बातें सामने आई और यह पता चला कि नकसलाइट्स का इस में हाथ था । हाईजेकिंग के अलावा कोई दूसरी बात खालिस्तान के सम्बन्ध में अभी तक साबित नहीं हुई कि यह खालिस्तान की वजह से हो रहा

है लेकिन खालिस्तान के स्लोगन को हमदर्दी से देखना और टेढे ढंग से मदद करना कुछ तत्वों द्वारा, ऐसे कुछ तत्व पंजाब में मौजूद हैं, जिन पर सरकार निगाह रख रहीं है उन की पकड़-धकड़ भी हो रही है ।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : निरंकारियों का कत्ल किसने किया ?

**श्री जैल सिंह** : निरंकारियों के मारने में जो मेन कल्प्रिट हैं वे अभी पकड़े नहीं गये हैं । इसलिए यह कहना मुश्किल है कि उन्हें अतिवादियों ने मारा है, अकालियों ने मारा है, किसने मारा है । इसकी जांच हो रही है, मामला अण्डर इन्वेस्टीगेशन है ।

बाजपेयी जी का मैं बड़ो अदब करता हूं और बड़े सत्कार से उनकी बातों को सुनता हूं । लेकिन कभी-कभी जो वे हमारे ऊपर शक करते हैं तो वे अपने मन की और दिमाग की बात करते हैं । वे इस मुसीबत का फायदा उठाना चाहते हैं । जैसे उन्होंने यहां भाषण दे दिया, बाहर जाकर भाषण दे दिया, पंजाब में ज़ाकर कह आये कि यह तो मुख्य मंत्री और गृह मंत्री की आपस की लड़ाई है ।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : महाराजा पटियाला ने कहा था कि यह हमारा झगड़ा है, यह नहीं होना चाहिए ।

**श्री जैल सिंह** : मैंने यह नहीं कहा कि पहले झगड़ा दूर करना चाहिए । मैंने यह कहा था कि हमें ऐसे काम करना चाहिए कि लोगों की जो आशाएं हैं, उन्होंने जो जिम्मेदारी हम पर बख्शी है, हम साबित करें कि हम उसके काबिल हैं । हम रल-मिल कर के काम करें। उसके बारे में दोस्तों ने मजाक में बात कर दी । हमारे एक साहेबान ने एक आर्टिकल लिखा । उसने कहा कि मैंने पक्ष में लिखा है लेकिन कुछ लोग उसका और अर्थ निकालते हैं । मैं बाजपेयी जी को दोषी नहीं ठहराता लेकिन सूरजभान जी की बात सुनकर मुझे हैरानी होती है । वे मेरे प्रांत में रहे हैं, वे मेरी जिन्दगी से वाकिफ हैं । मगर मै इस बात को बहुत बुरी समझता हूं, नीचे दर्जे की बात समझता हूं--

आपस को जो भला कहा वै
तिसे भलाई नेड़े न आवै ।

मैं यह समझता हूं कि जो अपनी तारीफ खुद करता है, उसकी तारीफ करने वाला आदमी खुद अच्छा नहीं होता । यह डेमोक्रेसी है । हम पर लोग इल्जाम लगाएं और हम उनको सही बात नहीं बताएं तो हमें लोग वोट नहीं देंगे । उन्हें शक हो जाएगा । इसलिए सूरजभान जी को मालूम होना चाहिए कि उन्होंने जैसा कहा कि 1978 में एक प्रेस कांफ्रेस हुई और उसका बिल ज्ञानी जी ने दिया । मैंने राज्य सभा में भी कहा था कि मुझे मालूम नहीं कि किसने बिल दिया था या नहीं दिया था, वहां कांफ्रेस हुई थी या नहीं हुई थी । कहां की बात है ? कहा गया कि चंडीगढ़ के एक होटल की बात है । मैं पूछना चाहता हूं कि 1978 में राज किसका था ? उस वक्त कौन हुकुमत कर रहा था ? उस वक्त दरबारा सिंह मुख्य मंत्री नहीं था । फिर कहा जाता है कि दरबारा सिंह को परेशान करने के लिए मूमेंट को उकसाते हैं ।

अब आप जरा गौर से देखिये । हिन्दुस्तान की जंगे आजादी के लिए 20-30 साल जेल काटने वाला, जिस पर मार पड़ी हो और जो फांसी के तख्तों पर चढ़ कर भी हिन्दुस्तान की आजादी के लिए लड़ा और उसे प्राप्त किया वह ऐसा कर सकता है । मैं तो एक छोटा सा वर्कर था । जब मैं 22 साल का था उस वक्त मेंने इस देश के लिए लड़ने का फैसला किया था । मुझे 22 साल की उम्र में जेल जाना पड़ा और 27 साल की उम्र तक, लगातार पांच साल तक मैं जेल के एक पिंजरे में रहा । एक देसी रियासत की हुकुमत की जेल में रहा । उस समय कुछ और रियासतें नेशलिस्ट हो सकती थीं लेकिन वह एक सिख राज था । उसके पीछे शिरोमणि अकाली दल था । वहां की 70 प्रतिशत प्रजा सिख थी । जब मैं जेल से डिस्चार्ज हुआ तो मेरा ब्रेन वाश करने के लिए वहां के नेताओं और बड़े बड़े लोगों ने बहुत जोर लगाया और मुझे से कहा कि सिख रियासत को क्यों तबाह करते हो, अगर लड़ना है तो इस रियासत से बाहर जाकर लड़ो, इस रियासत के अन्दर हुकुमत के खिलाफ, अंग्रेजों के खिलाफ कोई बात नहीं करनी है और इस सिख राज को बचाना है । लेकिन मैंने उस वक्त इंकार किया और उस इंकार का नतीजा क्या हुआ ? मुझ को पांच साल जेल

में रखने के बाद फिर नोटिस दिया गया या तो दुबारा जेल जाओ या फिर रियासत छोड़ जाओ। मैंने दोनों बातों को छोड़ा क्योंकि मैं दुबारा जेल नहीं जाना चाहता था। उस हुकुमत में पांच साल जो मुझे नर्क की तरह जिन्दगी काटनी पड़ी थी वह मैं नहीं चाहता था। उस हुकुमत में यह हिम्मत तो थी नहीं कि मुझे सेक्रेटेरियेट में लाकर अदालत के सामने पेश करती। मेरी और मेरे कोलिग्स की पेशियां जेल में होती रहीं। आखिर में कम्युनल लोगों ने यह प्रचार किया कि हम गुण्डे हैं, हम इस रियासत को बर्बाद करना चाहते हैं। सिखों की रियासत में जो हमारे और पांच सौ आदमी थे उनकी तरफ से एक इश्तिहार निकाला गया कि ये गुण्डे हैं, इनको सजा देनी चाहिए। 11 महीने के बाद हमको सजा सुनायी गयी और पांच साल की सजा सुनायी गयी।

डा० गोपीचन्द, मास्टर तारासिंह, डा० सैफुद्दीन किचलू, आज वे दुनियां में नहीं हैं, उन्होंने पूरी कोशिश की महाराजा को समझाने की कि क्यों ख्वामख्वाह इनके खिलाफ आप करते हैं, इनको छोड़ देना चाहिए। आखिर हमने कैद भुगत ली और इसका मुझे अफसोस नहीं है और मैं इसको कोई बहुत बड़ी कुरबानी नहीं समझता हूं, लेकिन एक बात मुझे बड़ी तकलीफ देती है कि जब एक कम्युनल मूवमेंट है और मुल्क के खिलाफ है और उसमें कहीं जैलसिंह जैसे आदमी का हाथ है, ऐसा हम सोच सकते हैं तो मैं समझता हूं कि दुनियां में इससे बड़ी कोई गाली नहीं हो सकती। इस समय मुझे शिब्ली आलम की याद आई। जब मंसूर को सजा दी गई कि इसको पत्थर मारो और उसको एक कोने में बिठा दिया गया। पत्थर मार-मार कर इसको मार देना चाहिए और सब लोग उसको पत्थर मार कर चलते गए। शिब्ली आलम उसका दोस्त था, वह जानता था कि यह आदमी निर्दोष है, फिर भी हुकुमत के डर से उसने पत्थर के बजाए फूलों का एक गुंचा उसकी तरफ फेंक दिया तो मंसूर को बड़ा दुःख हुआ। शिब्ली आलम ने कहा कि जब पत्थर पड़ते हैं तब तुमको दुःख नहीं होता और मैंने फूल मारा तो तुमको दुःख होता है। उसने कहा कि उन लोगों को तो बात का पता नहीं है, तुझे तो पता है कि मैं बे-कुसूर हूं—मेरा कोई कुसूर नहीं है, इसलिए तुम मुझ पर पत्थर के बजाए फूल भी फेंकते हो तो मैं रोता हूं। जो बाजपेयी जी ने कहा, उनको पंजाब का उतना ज्ञान नहीं है, जितना दिल्ली का या विदेशों का हो सकता है, मगर सूरजभान जी को तो पता है।

इसी प्रकार से माथुर जी ने भी कहा और पंजाब के बी. जे पी. के लोगों ने भी कहा, लेकिन आप अपनी पीठ पर सोटा फेर कर तो देखो। तीन बार इन अकालियों के साथ सुखजिन्दर सिंह जो इस वक्त खालिस्तान के मूवमट की वजह से जेल में हैं, जगजीत सिंह और दूसरे दोस्तों के साथ सरकारें बनाई और हमारे खिलाफ इलेक्शन लड़ा और समर मुखर्जी साहब की बात तो बहुत बड़ी है— जितनी बार भी हमारे इलेक्शन हुए, आपकी पार्टी ने अकालियों के साथ समझौता किया और समझौता करके, एलाएंस करके वोट लिये और वोट दिये। इस बात का सुबूत चाहते हैं तो डा० जगजीत सिंह की कांस्टीट्यूशंसी में जाकर देख सकते हैं और जब वे बने थे मिनिस्टर, डिप्टी स्पीकर तो कोआर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन हमारे कामरेड सुरजीत जी थे और उस मिनिस्टरी में गुरुनाम सिंह मुख्यमंत्री थे और जो आज भारतीय जनता पार्टी के पंजाब के प्रेसीडेंट हैं, वे भी मिनिस्टर थे, दूसरे भी मिनिस्टर थे, मैं एक-एक आदमी का नाम बता सकता हूं आपने जिनके साथ दोस्ती रखी उनका कुछ तो लिहाज करो, अब उनके खिलाफ बात करते हो। खैर···।

**श्री मनीराम बागड़ी :** यह बात अकाली दल के खिलाफ नहीं है, बल्कि खालिस्तान के खिलाफ है। वह तो एक पालिटिकल पार्टी है, उसके साथ खालिस्तान का नाम नहीं जोड़ना चाहिए।

**श्री जैल सिंह :** बागड़ी जी, मैं बड़ा मशकूर हूं कि आपने यह बात कही, नहीं तो एक गलतफहमी रह जाती। अकाली दल की बात खालिस्तान के साथ बिल्कुल नहीं जोड़नी चाहिए, यह बात आपने बिल्कुल ठीक कही।

खालिस्तान की आवाज उठाई अकाली दल के जनरल सेक्रेटरी डा० जगजीत सिंह ने, जिस वक्त इन पार्टियों का एलाएंस हुआ, उस वक्त डा० जगजीत सिंह अकाली दल के जनरल सेक्रेटरी थे। जिस वक्त दुबारा जनसंघ और अकालियों

की सरकार बनी , उस वक्त सुखजिंदर सिंह वहां मिनिस्टर थे और वे ही फिर अकाली दल के जनरल सेक्रेटरी बने । अब जब हमने साफ तौर पर कह दिया कि जो खालिस्तान के हिमायती हैं, वे एक तरफ हो जाएं तो उन्होंने, मैं मशकूर हूं उनका, हमारे खयालात नहीं मिलते मगर मैं समझता हूं जिसे मैंने प्राइवेटली भी कहा और आज भी कहता हूं कि जो भी खालिस्तान के खिलाफ लोग हैं, उनको साथ लेकर पोलिटिकल मूवमट पैदा करना चाहिए । लाठी और गोली से मारने के बजाए लोगों को प्रेरणा देनी चाहिए कि वे गलतफहमी पैदा न करें । खासतौर से सिक्खों को समझाने की जरुरत है कि वे फिरकेदारों के कहने पर चलते हैं ।

भारतीय जनता पार्टी हमारे साथ है जनता पार्टी हमारे साथ है और इस मामले में हम उनके साथ हैं शिरोमणि अकाली दल लोंगोवाल ने वादा किया है कि हम भी आपके साथ हैं और उनके जनरल सेक्रेटरी का स्टेटमट तो आ गया है, अभी तक लोंगोवाल का कोई स्टेटमेंट नहीं आया ।

इस प्रकार हम इन बातों पर आंख रख रहे हैं लेकिन हमारा विरोधी हो, इलेक्शन में विरोधी रहे , लेकिन यह तो सरकार से ऊपर कौम की बात है ।

जो सिसैशनिस्ई ताकतें है, जहां वे सिर उठाती है वही उनको दबा दिया जाए मैं समझता हूं कि यही बात अच्छी है मैं साफ कर देना चाहता हूं कि ऐसी मूवमेंट नेगोशिएबल नहीं है, हम खालिस्तान के हिमायतियों के साथ कोई बात करने को तैयार नहीं है उस वक्त तक जब-जब वे यह न कह दे कि मैं हिन्दूस्तान के आइन को मानता हूं यहां का सिटिजन हूं और मेरे कुछ विचारों में मतभेद है । उससे हम बात करने को तैयार हैं । बात करेंगे, विचार करेंगे, उनके मामलों को समझने की कोशिश करेंगे ।

**श्री मनोराम बागड़ी** : पुरी के शंकराचार्य के बारे में भी तो बता दें ।

**श्री जैल सिंह** : कोई बात नहीं छोड़ूंगा । बागड़ी जी की तो कोई बात नहीं छोड़ूंगा । मेरा भाषण समाप्त होने के बाद भी अगर उनकी कोई बात रह जाए तो उपाध्यक्ष महोदय, मेरी आपसे प्रार्थना है कि उनको पूछने दिया जाए ताकि उनकी तसल्ली हो जाए । वैसे तो हाउस की तसल्ली कराना मेरा फर्ज है लेकिन बागड़ी जी के साथ मेरा बड़ा प्यार है और उनकी तसल्ली करवाना अपना विशेष फर्ज समझता हूं । वह मुझे जानते हैं और मैं उनको जानता हूं ।

समर मुखर्जी ने हमारे ऊपर जोर से इलजाम लगा दिया है । वह समाजवादी हैं, कम्युनिस्ट हैं, सैक्युटलरिज्म में विश्वास रखते हैं, डैमोक्रेसी में विश्वास रखते हैं । वह कह रहे थे कि संतोख सिंह को प्रेजीडेंट बनाया । संतोख सिंह अकाली हैं । उसका एक अकाली दल है । जो अकाली दल हमारी सरकार का साथ देता हो किसी मामले में वह हमारे साथ मिल भी सकता है, बातचीत कर सकता है । हम तैयार हुए गुरुद्वारे के चुनाव के लिए गुरुद्वारे एक्ट में तरमीम की गई । तरमीम के लिए यहां दिल्ली की जो गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी है, उनका रेज़ोल्यूशन हमारे पास आया कि यह कलाज बदलना चाहिये । उस पर गौर हम ने किया । हमने सब से बड़ी कमेटी, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के एक्ट को देखा । उस एक्ट में यह कलाज नहीं थी, यह शर्त नहीं थी कि कोई आदमी मैट्रिक से कम होगा तो प्रबन्धक कमेटी में ओहदेदार नहीं बन सकता । और भी किसी एक्ट में ऐसी बात नहीं थी । हमारी कांस्टीट्यूशन में प्रेज़ीडेंट तक के लिए भी यह बात मानी नहीं गई है । इसलिए वह बादलील बात थी । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रेजीडेंट सरदार गुरचरण सिंह टोहड़ा ने भी जब यह एक्ट पास हुआ था तो कहा था कि यह गलत शर्त लगा रहे हो और हम इसकी मुखालिफत करते हैं । एक वह भी मौजूद थी चीज । हमने जब तरमीम की तो जिन्होने उस वक्त चाहा था वे भी हमारे खिलाफ हो गए, कहने लगे इसलिए खिलाफ है कि आपने एक वाहिद आदमी को प्रेजीडेंट बनाना है, इसलिए कर रहे हैं । हम ने कहीं कोई एनाउंसमेंट नहीं की । वाजपेयी जी को अच्छी तरह से याद होगा कि दोनों हाउसिस में संतोख सिंह जत्थेदार को बनाना चाहते हैं इसलिए इसको ला रहे है यह बार-बार कहा गया । नतीजा यह हुआ कि संतोख सिंह का नाम

और तेज हो गया । उनका कैंडीडेचर और भी मजबूत हो गया और वह चुन लिए गए । जब इलेक्शन हुआ तो उस वक्त मैम्बर मेरे पास भी आए और उन्होंने मेरी राय मांगी । मैंने कहा कि मैं तो आपका मैम्बर नहीं हूं । उन्होंने कहा कि आप सिख तो हैं । मैं इससे कभी मुनकिर नहीं हुआ । मैं सैक्युलरिज्म में विश्वास रखता हूं और उस पर अमल करता हूं । मेरी नजर में दुनिया का हर इंसान एक जैसा है । सिखों से ही मैंने यह बात सीखी है । गुरु गोबिन्द सिंह और गुरु नानक से सीखी है । मैं समझता हूं कि महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू जिन आदर्शों पर चले वही आदर्श हम को उन्होंने बताए थे। मैंने पूछा कि आप बताएं कि क्या मेरी राय लेना चाहते हैं । उन्होंने कहा कि वह बताएं कि वोट किस को देना चाहिए। दो कैंडीडेट हैं । एक तो आपका बहुत नजदीकी दोस्त है । वह अकाली दल की तरफ था । अकाली दल ने उसको इसलिए खड़ा किया था कि ज्ञानी जैल सिंह खामोश रहेंगे । अकाली दल स्टेज पर हमारी बहुत मुखालिफत करता है । संतोख सिंह कहते थे कि यही सरकार है जो माइनोरिटीज का भला कर सकती है। हमारा वह मैम्बर नहीं । मैंने कहा कि संतोख सिंह को वोट देना चाहिये, यह मेरी राय है । सरदार बूटा सिंह की भी यही राय थी । इसको बना लिया कि हकूमत दखल देती है । मेरे दोस्तो आप यह तो सोचें कि पंजाब सरकार का मिनिस्टर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी का जनरल सैक्रेटरी हो । फिर सरकार का दखल नहीं है ? सैन्ट्रल गवर्नमेंट का मिनिस्टर हो और फिर चुनाव हो तो उसमें जाकर रुपया बांटता फिरे तो यह सरकारी दखल नहीं है ? यह सरकारी दखल सफेद पगड़ी वाले का ही है, काली पगड़ी वाले का नहीं है ?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : दोनों का है।

**श्री जैल सिंह** : दोनों का है तो आप उनकी सही राय दीजिये पुरानी दोस्ती के नाते हम कम्युनिस्टों से भी प्रार्थना करते हैं, कोई दुश्मन थोड़े ही हैं वह हमारे और हम तो यह समझते हैं कि आपके और हमारे दिल में यह होना चाहिये कि आपकी वजह से हम हैं और हमारी वजह से आप हैं ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : पकड़े गये ज्ञानी जी इस दफा ।

**श्री जैल सिंह** : मैं जैल सिंह नहीं कहता, मैं पार्टी के रूप में कहता हूं । अगर यह बात हम मान लें तो हमारी क्या हैसियत रह जाती है । अगर यह हमारी बात मान लें तो इनकी क्या हैसियत रह जाती है । मैंने इसलिए कहा कि आप हमारे विरोधी हैं इसलिए आप जिन्दा हैं, हम जिन्दा हैं । मैं माननीय बाजपेयी जी को ही नहीं कहता, सब को कहता हूं । और प्रो० दंडवते साहब तो बहुत ही विद्वान आदमी हैं, मैं तो एक साधारण आदमी हूं लेकिन डेमोक्रेसी जिन्दा नहीं रह सकती जब तक अपोजीशन न हो । यह तो श्रृंगार है डेमोक्रेसी का और हुक्मरान पार्टी के लिये खूबसूरती पैदा हो सकती है । और अगर आप रहें तो हमारे लिए अच्छा है । लेकिन हम यह नहीं कर सकते कि आपको मजबूत करने के लिए भी हम आपका काम करें यह हमारे लिए मुश्किल है, यह हम नहीं कर सकते हैं।

माननीय चन्द्रजीत यादव की बात से मुझे हैरानी है, उन्होने उत्तम बात कही कि यह डिबेटिंग सोसाइटी नहीं है । यहां तो हमें महत्वपूर्ण बात पर सोचना चाहिये । फिर कहते हैं कि गुरुद्वारों में दखल न देते । मैंने उस वक्त भी कहा था और आज फिर कहता हूं कि सब हमें ही कहते हैं कि नीची नजर रख कर चला करो । मगर उन्हें कोई क्यों नहीं कहता कि वह उरियां हो कर न निकलें । उनको भी बताइये कि गुरुद्वारों में बैठ कर क्यों दखल देते हो सियासत में ? गुरुद्वारों में क्यों बम बनने लगे हैं? मिसक्रीयेट ऐलीमेंटस को क्यों रखा है ? क्यों नहीं कहते उनको आप हम भी गुरुद्वारे में जाते हैं अपने हाथ से 2, 4 पैसा चढ़ाते हैं, कड़ाह परसाद भी करवाते हैं । हमारे ऊपर पाबन्दी और उनको खुली छुट्टी कि जो चाहे करें ? फिरकेदारी का प्रचार गुरु ग्रन्थ साहब की मौजुदगी में हो ? मैंने तो वहां जाकर किसी की निन्दा नहीं की, किसी के खिलाफ मुर्दाबाद या जिन्दाबाद नहीं किया, किसी को ऐड्रेस नहीं किया, क्योंकि मैं समझता हूं कि वह धार्मिक स्थान है । महसूस करता हूं और तमाम धर्मों के लिये प्रार्थना करता हूं और आप भी कोई रोड आफ़ कंडक्ट बनायें कि जो मन्दिर गुरुद्वारों के प्रबन्धक हैं, मस्जिद के मुल्ला हैं वह या तो मोलानापन छोड़ें या सियासत को छोड़ें ।

मुल्ला बन कर टांग अड़ाते हैं और उनके साथ जाकर फिर आपकी उनसे मुलाकात होती है। किस-किस की बताऊं मुलाकात करते हैं और मुलाकात करके सिर उठाते हैं, हमारे खिलाफ झगड़ा खड़ा करते हैं। भाई जब इमाम बन गये तो इमाम रहो। जब तक गुरु महाराज का प्रबन्ध करने के लिये गुरुद्वारे में रहो तब तक वह न पार्लियामेंट का मेंम्बर हो न असैम्बली का मेंम्बर हो और मैं तो यहां तक कहता हूं कि म्युनिसिपल कमेटी का मेम्बर भी न हो।

माननीय समर मुखर्जी का जो भाषण है उसमें तकरीबन सारी चीजें आ जाती हैं। उन्होंने कहा कि फोरेन पावर इंटरस्टेड हैं। इसकी बाबत हमारे राज्य मंत्री ने जो कह दिया वह काफ़ी है। मिनिस्टर होने के नाते में आपकी बात पर एतबार कर लूं इतना ही काफी समझिये। मैं इसकी तरदीद नहीं करता। न मैं यह कहता हूं कि फोरेन पावर इसमें दखल दे रही है, और न मैं यह कहता हूं कि नहीं दखल दे रही है। इसके माने आप लगा लीजिए। इससे ज्यादा मैं और क्या कहूं।

**श्री मनीराम बागड़ी** : अगर घर मंत्री यह बात नहीं बतायेगा तो उसका मतलब क्या है?

**श्री जैल सिंह** : घर मंत्री ने तो बता दिया।

**श्री मनीराम बागड़ी** : घर-मंत्री अगर यह बात नहीं बतायेंगे तो उसका मतलब सारे देश····

**श्री जैल सिंह** : घर-मंत्री ने तो बता दिया। यह खाका मैंने बता दिया। ये डालर, नोट जो मुखर्जी ने दिखाये, यह कहां छपे हैं? हमारे मुल्क में तो नहीं प्रिंट हुए। एक अमेरिकन सिटीजन आता है, हम बातचीत कर रहे हैं दूसरे मुल्कों के साथ, वह हमारे साथ लड़ना ही चाहते हैं या दखल देना चाहते हैं। जब तक किसी मुल्क की सरकार का कोई ओहदेदार इस काम में दखल देते हुए नहीं पकड़ा जाता, तब तक हम इस बात के लिये नहीं कह सकते। वाजपेयी जी हमारी हिमायत करेंगे।

गुजरात के मामले में भी समर मुखर्जी की जो बात है, मैं कहता हूं कि उनका ख्याल गलत है। इन्होंने कहा कि कांग्रेस (आई) ने इस मामले को उठाया, कई पार्टियों के आदमी थे उठाने वाले। वह बात खत्म हो गई। यह रेज्यूलूशन हो गया था कि हम सब रिजर्वेशन के हक में हैं। इसलिये में उसका जवाब दूंगा कि यह मानना आपका गलत है, दरुस्त नहीं है।

जनरल स्पैरो, श्री गिरधारी लाल डोगरा और श्री सूरजभान के भाषण बड़े अच्छे हुए हैं, उनका जवाब मैंने दे दिया है। मेरा ख्याल है कि सूरजभान जी आगे के लिये ख्याल रखेंगे। अगर बी० जे० पी० ने यही तरीका अपनाया है कि लड़ाई चले, कुछ कातिल पकड़े नहीं गये हैं, यही मौका है कि उनमें फूट डालें तो डाली जा सकती है, इस तरीके की कोई भावना हो सकती है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : नहीं, नहीं।

**श्री जैल सिंह** : नहीं, कई बार आप लड़ाते हैं, हम लड़ जाते थे, आप खुश होते होंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER : I don't think he would have been born when you were in jail....

SHRI SURAJ BHAN : Sir, my age is 53.

MR. DEPUTY-SPEAKER : For 20 years he was in jail.

**श्री जैल सिंह** : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इनको जानता हूं, यह मुझे जानते हैं, लेकिन —

मन जानत सबबात, जानत ही औगन करे
काहे की कुसलात, हाथ दीप कुएं पड़े।

जब कोई हाथ में दीया लेकर कुएं में गिर जाये तो क्या किया जाये? जागते को, अगर वह कहे कि मैं सोया हुआ हूं तो कोई जगा नहीं सकता। लेकिन वह पार्टी का काम करते हैं, मैं उनसे प्रार्थना करता हूं कि यह मामला पार्टी से ऊपर है, कहीं और मामले में मौका मिले तो लड़ाई करवा लें लेकिन इसमें लड़ाई नहीं करवा सकेंगे क्योंकि यह मामला बहुत गंभीर है। इस मामले में मैं अपोजिशन के मुख्यमंत्री से भी को-आपरेट करता हूं और दिल से करता हूं क्योंकि यह देश का सवाल है। आपको मालूम है कि सी० पी० (एम०) के मुख्यमंत्री त्रिपुरा में हैं, त्रिपूरा में भी ऐसे ही हवा बदली। वहां के बारे में सैंट्रल गवर्नमैंट से या हमारी तरफ से कोई शिकायत नहीं कर सकते हैं कि हमने मदद नहीं दी। हम मदद देते हैं। तो जब अपनी पार्टी का मुख्यमंत्री हो और कांग्रेस (आई) का ही होम मिनिस्टर हो, होम मिनिस्टर का स्फीयर और मुख्यमंत्री का स्फीयर और, कब तक यह मानेंगे कि होम मिनिस्टर के साथ मुख्यमंत्री लड़ता है या गृह-मंत्री लड़ता है। यह बात मानने में नहीं आती और बिल्कुल बेबुनियाद बात है।

मेरा ख्याल है कि आइन्दा कहना छोड़ देंगे और वाजपेयी जी भी आपको कह दें कि क्यों इस बात को चहते हैं ।

**एक माननीय सदस्य** : बात हो गई है आपकी बाजपेयी जी से ?

**श्री जैल सिंह** : नहीं रुकेंगे तो हमारे पास भी बड़ा मसाला है ।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : यह आप धमकी भी दे रहे हैं ?

**श्री जैल सिंह** : एक बात यहां हर सिमरण सिंह के बारे में कही गई कि उसने मेरा स्वागत किया था । अगर हर सिमरन मेरे सामने आये तो मैं शायद उसे पहचान भी नहीं सकूंगा । मुझे मालूम नहीं कि कौन है । यह हो सकता है कि मेरे स्वागत में जो लोग आये हों, उसमें वह भी हो । किस नियत से आया, कैसे आया, मैं नहीं कह सकता, लेकिन हर सिमरन को आप अच्छी तरह से जानते हैं । अग आप जानते हैं, तो आपको उसको बता देना चाहिये । आपने एक बात कही कि दिल्ली में आया हुआ है । यह बड़ी अच्छी बात है, वह दिल्ली में आया है, पार्लियामेंट का एक मेम्बर उसको जानता है कि दिल्ली में आया है तो आप आज ही हमारे आई० जी० को मिलें और उसको पकड़वा दें । मैं आई० जी० को आपके साथ भेजता हूं, पकड़वा दीजिये । यह तो देश के दुश्मन हैं, जिन्हांने हाई-जैकिंग किया और वह खालिस्तान का स्लोगन लगाते हैं, उनको पकड़वा दीजिये । मैं भी देख लूं कि हर सिमरण सिंह मेरे स्वागत में था या नहीं ।

सूरजभान जी, करिये परोपकार , डरिये नहीं, दिलेरी कीजिये । लेकिन यह हमारी पुलिस के नोटिस में नहीं है कि कहां रहता है, कहां आया है ? दिल्ली एक बड़ा शहर है, हिन्दुस्तान की राजधानी है, रोज 4 लाख लोग आते हैं, 4 लाख लोग जाते हैं । अगर आपको मालूम है, तो आपको पकड़वाना होगा । अगर आप नहीं पकड़वायेंगे, तो यह समझा जाएगा कि खालिस्तानियों के साथ मिले हुए हैं । इसलिए आपको यह बताना ही पड़ेगा । कोई आदमी पहले कह दे कि मैंने देखा है और फिर कह दे कि मैंने नहीं देखा, उससे नुकसान होगा ।

**20 hrs.**

श्री मुकर्जी और दूसरे दोस्तों का यह कहना दुरुस्त है कि हिन्दुओं और सिखों के नाम पर बात चीत नहीं करनी चाहिए, और मेरे ख्याल में मजहब के नाम पर नहीं करनी चाहिये । लेकिन उन्हें एक गलतफ़हमी हो गई है । अकालियों के साथ जो पहली मीटिंग हुई, उससे पहले जो बात चंडीगढ़ में हुई, उसमें सब पार्टियों के नेताओं को बुलाया गया था । मीटिंग से पहले यह फ़ैसला किया गया कि प्रधान मंत्री जी कुछ टाइम अलहदा अलहदा सब पार्टियों को देंगी । सब पार्टियों ने अलहदा-अलहदा टाइम लिया । भारतीय जनता पार्टी पहले मिली । बेशक वह मेरे खिलाफ़ हो, लेकिन मैं उनका आदर करता हूं । अकाली कुछ संकोच करते थे, कयोंकि उनका आपस में झगड़ा था और वे डरते थे कि दूसरा धडा कह देगा कि कयों मिले । लेकिन वे भी मिले । इन्दिरा जी से बात हुई ।

प्रैस कांफ़रेंस में एक प्रैस वाले ने कह दिया कि प्रधान मंत्री जी, अकालियों ने आपको मिलने के लिए लैटर लिखा था, आप उनसे कयों नहीं मिलतीं । इन्दिरा जी ने कहा कि मैं तो मिलने के लिए तैयार हूं, लेकिन मैं तो कल विदेश जा रही हूं, वापिस आ कर मिलूंगी । अकालियों को बुलाया गया । जब अकालियों को बुलाया गया, तो तारें आईं आर्य समाज, सनातन धर्म और जैन सभा वगैरह से उन्होंने कहा कि हमको भी मिलें । प्रधान मंत्री जी ने कहा ठीक है । निरंकारी मिले, नामधारी मिले, जैन मिले और सनातम धर्म वाले भी मिले । ये सब मिले, लेकिन रंगत यह दे दी गई कि सिखों को बुला लिया गया । इससे तो हमारा नुकसान होता है । मैं नहीं मानता कि अकाली सब सिखों के नुमायंदे हैं । वह एक पोलीटिकल पार्टी है । उनसे हमारा विरोध तो यही है कि पालिटिक्स में मजहब को कयों घसीटते हैं, पालिटिकस और मजहब को अलग रखो । लेकिन मैं नहीं मानता कि वे सब सिखों के नुमायंदे हैं; अगर होते, तो यहां बैठे होते ।

श्री यादव ने ग़लती से कह दिया कि आम सिख बहुत नाराज हैं । आम सिख कोई नाराज नहीं हैं । ये जो थोड़े से लोग हैं , अगर इनको मिनिस्ट्री मिल जाए पंजाब की सरकार में, तो इनकी कोई डिमांड नहीं है-- फिर चंडीगढ़ भी ठीक है, पानी का मामला भी ठीक है, अमृतसर

को जाने वाली ट्रेन भी ठीक है, पंजाबी भाषा भी ठीक है, – तब कोई शिकायत नहीं होगी । दो तीन बार यह हो चुका है – श्री वाजपेयी की पार्टी की कृपा से यह होता रहा है । इनकी पार्टी ने नाम बदल लिया है । पहले इन का नाम भारतीय जनसंघ था और अब ये भारतीय जनता पार्टी हो गए हैं । लेकिन मैं उनके विचारों से सहमत हूं । उन्होंने यह राय दी है कि सिखों और हिन्दुओं के नाम पर नहीं बुलाना चाहिए । यह राय बहुत मूल्यवान है, लेकिन उन्हें गलतफ़हमी हुई है । हमने ऐसा नहीं किया है । फिर इंदिरा जी ने अकालियों से मुलाकात की, तो दूसरी पोलीटिकल पार्टियां भी आई – भारतीय जनता पार्टी, सी पी आई (एम) और कांग्रेस (आई) आई । बाकी नहीं आ सके । लेकिन दरवाजा फिर भी खुला है । अगर कोई मिलना चाहेगा, तो हम उनसे मिलेंगे ।

हम कोई बात छिपाकर नहीं रखते । आपको मालूम है कि गृह मंत्रालय से संबंधित जो कनसल्टेटिव कमेटी है, उसमें आपोजीशन के तकरीबन सब नेतागण शामिल हैं । शायद ही कोई पार्टी उसमें शामिल न हो । उसकी मीटिंग होती रहती है उसमें भी हम इस मामले को डिस्कस करते हैं । हम कोई बात छिपाकर नहीं रखना चाहते । हम ऊंचे दर्जे की डेमोक्रेसी में विश्वास रखते हैं । जो बात बतानी है, बतानी चाहिए, देश के हित वाली कोई बात हम कभी नहीं छिपाते, लेकिन कभी-कभी पब्लिक में नहीं कहा जा सकता ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : "हिन्दू बचाओ" सम्मेलन में सरला पराशर शामिल हुई और उसमें सिखों के खिलाफ़ भाषण किए गए, इस बारे में मंत्री महोदय ने कुछ नहीं कहा है ।

**श्री जैल सिंह** : डिप्टी स्पीकर साहब, आप श्री बागड़ी से कहें कि वह मेरी शराफत का नाजायज फायदा न उठाएं ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : इसमे शराफत का नाजायज फायदा उठाने का क्या सवाल है ? मैं भी हाउस का मेम्बर हूं । मुझे भी सवाल पूछने का अधिकार है ।

(**व्यवधान**)

**श्री जैल सिंह**: आपने श्री परुलेकर और भाटिया साहब की तकरीरें भी सुन ली हैं । एक दोस्त कह रहे थे कि सिगरेट पीने के वह भी बरखिलाफ हैं । तो बड़ी खुशी की बात है । मैं भी बरखिलाफ हूं । सिगरेट पीना नहीं चाहिए । वह कह रहे थे कि जोर जबर्दस्ती से बन्द मत करिए । तो प्रचार करेंगे । वह भी चलेंगे हमारे साथ ।

भगत जी की तकरीर आप ने सुन ली । बहुत शानदार तकरीर थी । चिरंजी लाल जी की भी थी । चित्त बसु जी की तकरीर आप ने सुनी । बहुत अच्छा उन्होंने कहा । मैं प्रशंसा करता हूं । फारूक अब्दुला का मुझे कुछ ऐसा लगा, वह बैठे होते तो मैं उनको कहता कि यह बात अच्छी नहीं है, कि हम भिखारी हैं । हम कोई भिखारी नहीं हैं । और मैं इस बात के लिए भी बड़ा साफ हूं जो कहा जाता है स्टेट्स को और आटोनामी दी जाय । इस मामले में कई बार कुछ लोग कह देते हैं । मैं उनको विरोधी तो कह सकता हूं, उनके विचारों को देश के लिए गद्दार नहीं कहता, मगर उनसे यह प्रार्थना करुंगा कि जहां मुल्क की यूनिटी को कहीं भी कमजोर होने का मौका मिले ऐसी बात नहीं कहनी चाहिए । सेंटर का मजबूत होना रियासतों का मजबूत होना है और रियासतों का मजबूत होना सेंटर का मजबूत होना है । हमारा जो फेडरल स्ट्रक्चर है और यह जो हाउस है इस में सब प्रान्तों से लोग आए हैं । सब प्रान्तों से लोग आकर यहां मंत्री बने हैं । अपोजीशन के मेम्बर भी यह जानते हैं, उनकी सरकार बनी तब भी सब प्रान्तों के लोग थे । यहां भी सब प्रान्तों के लोग हैं । यहां कभी पंजाब का होम मिनिस्टर नहीं बना, वह बन गया । कभी फारेन मिनिस्टर आन्ध्र का नहीं बना, वह बन गया । हर एक को उसमें सुविधा है । इसके अलावा हमारी राज्य सभा है । इसलिए मैं प्रार्थना करुंगा कि गलतफहमी होगी अगर इस ढांचे को बदलने की कोशिश हुई । हमारे संविधान में जितने-जितने दर्जे, जितने-जितने अख्त्यार दिए गए हैं वह कोई कम नहीं हैं और उसमें यह भावना पैदा करना कि हमें मांग करनी पड़ती है, किसी के आगे थोड़े ही मांगना पड़ता है ? अब कल को तामिलनाडु वाले कह दें कि हम खजाना मंत्री के पास मांगने गए थे तो खजाना मंत्री भी तो वहीं के हैं । अगर खजाना मंत्री वहां के मुख्य मंत्री होते तो क्या बात बनती ? इसलिए यह भावना पैदा करना, जजबात को

उभाड़ना, यह हमारे लिए उतना ही बुरा है जितना कम्यूनलिज्म को या कास्टीज्म को उभाड़ना बुरा है।

**(व्यवधान)**

मैं तो सिर्फ अपना रेकार्ड ठीक कर कर रहा हूं। आप तो सब समझते हैं। मुझे आप को ज्यादा तकलीफ नहीं देनी है। प्रेस भी बहुत मायुस हो गया। पता नहीं वह इस को छापेंगे या नहीं। वहां गैलरी में तो कोई बैठा नहीं है।

**श्री मनोराम बागड़ी** : छापने वाली बात तो कह ही नही रहे हैं। वह आप के पंजाब के अध्यक्ष वाली जो बात है, सरला पाराशर को उसके बारे में आप बताइए।

**श्री जैल सिंह** : मैं इस बात के खिलाफ हूं, जहां धर्म के नाम पर राजनीति की चर्चा हो वहां सेक्यूल्र पार्टियों के मेम्बरों को उसमें शामिल नहीं होना चाहिए। लेकिन जहां तक मुझे खबर मिली है, अभी मेरी सरला पाराशर जी से बात नहीं हुई, लेकिन मुझे खबर यह मिली है कि उन्होंने यह बताया था कि वह हिन्दू धर्म का सम्मेलन है धार्मिक, इस ख्याल से वह वहां गई थीं। उनकी जो तकरीर है वह कोई आबजेक्शनेबल नहीं है। मगर जो बाकी तकरीरें हुई हैं वह उचित नहीं हैं। यह भी आप जानते हैं कि भारत के जो चार जगद्गुरु शंकराचार्य हैं उन में ये जो यह जलंधर गए थे उनके विचार हरिजनों के प्रति अच्छे नहीं हैं। वह हरिजनों को मंदिर में ले जाने के लिए तैयार नहीं हैं। तो मैं तो भगवान से यही प्रार्थना करूंगा कि शंकराचार्य जी को वह यह ताकत दे कि वह हरिजनों के साथ भेदभाव की बात को छोड़े।

**श्री राम बिलास पासवान** : एलेक्शन के समय इंदिरा जी चारों शंकराचार्य के पास क्यों गई थी ?

**श्री जैल सिंह** : देखिए, मेरी बात सुनिए। क्या कहेंगे आप अगर मैं बनारस जाऊं और मन्दिर में चला जाऊं ? अगर किसी भी मन्दिर में चला जाऊं तो मैं मन्दिर में जाता हूं, मैं वहां के पुजारी के पास नहीं जाता। पुजारी के क्या विचार हैं, क्या ख्याल हैं उस से तो हमें कुछ लेना देना नहीं है। अगर मैं अमृतसर के गुरुद्वारे में चला जाऊं तो क्या आप कहेंगे कि मैं अकालियों के साथ क्यों गया ? तो ये तो मन्दिर है हमारे, पवित्र स्थान हैं। इंदिरा जी टूर में सब जगह गई थीं। जिस जगह कहीं उनके रास्ते में, उनके टूर के दौरान कोई धार्मिक स्थान हुआ, मुसलमानो का हुआ, हिन्दूओं का हुआ, सिखों का हुआ किसी का भी हुआ वहां वह गईं। मैं तो समझता हूं हुक्मरानों का जो मजहब होता है वह लोक-मजहले होता हैं। उनको सत्कार करना चाहिए। जहां लाखों इंसान सत्कार करते हैं वहां उनको भी सत्कार करना चाहिए। आपको शायद मालूम होगा कश्मीर में बहुत से ऐसे बुत थे बहुत शानदार थे लेकिन वक्त की हुकूमत ने उनको तुड़वा दिया लेकिन एक सेक्युलर ख्याल का इनसान था, वह भी बुतशिकन था। एक बुतशिकन दूसरे बुतशिकन के पास गया, उसकी तारीफ की और कहा कि बुतों को खत्म करना चाहिए तो दूसरे ने कहा कि बुतशिकन मैं भी हूं लेकिन इनको खत्म नहीं करूंगा कयोंकि लाखों आदमियों के जजबात इन बुतों के साथ जुड़े हुए हैं। बेशक यह बुत पत्थर के है लेकिन इनके तोड़ने से लाखों दिलों के टुकड़े होते हैं इसलिए इनका सत्कार करना चाहिए। इसलिये अगर इन्दिरा जी वहां पर गई हैं तो उन्होंने दुरुस्त किया है, ठीक किया है। अगर मौका मिले तो आपको भी वहां पर जाना चाहिए और हम को भी जाना चाहिए।

मेरे एक दोस्त ने यहां पर कहा कि मजहब को राजनीति के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मेरी भी उनसे प्रार्थना है कि वे इस बात को कहें कि मजहब के ठेकेदारों को धर्म का प्रचार करके इसमें दखल नहीं देना चाहिए। मजहब के नाम पर इसमें दखल नहीं होना चाहिए।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** : आखिर में बहुत कुछ कह गए हैं लेकिन कोई खास ऐसी बात उन्होंने नहीं कही है।

**श्री मनो राम बागड़ी** : उन्होंने मण्डल कमेटी की रिपोर्ट पर बहस करने के लिए कहा है।

**श्री जैल सिंह** : एक बात यह कही गई कि एन एस ए का इस्तेमाल क्यों नहीं किया जाता है – शायद पासवान जी ने यह बात कही है।

**श्री मनोराम बागड़ी** : एक बात उन्होंने यह कही थी कि कृपाण पर पाबन्दी नहीं होनी चाहिए।

**श्री जैल सिंह** : यह भी गल्ती कर गए — पहले वें छुरी कह गए, कृपाण को छुरी नहीं कहना चाहिए । (व्यवधान)

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** : जिस कृपाण को दिखाकर हवाई जहाज़ को हाईजैक किया जाए, उस कृपाण को कृपाण कहना उचित नहीं होगा ।

(व्यवधान)

**श्री जैल सिंह** : आनरेबल मेम्बरों से मैं यही प्रार्थना करूंगा कि यह जो धार्मिक स्थान का बहाना करके पुलिस को वहां जाने से रोका जाता है, इस मामले में हम सभी को एक राय बनानी चाहिए । ठीक है, कुछ मजबूरियां थीं , सरकार अन्दर नहीं घुसी ताकि ज्यादा ब्लड-शेड न हो जाए लेकिन यह धारणा गलत है । गुरुद्वारा या मन्दिर वह स्थान होता है जहां पर कि प्रकाश होता है, बाकी जहां सोते हैं, जागते हैं, उठते-बैठके हैं और जहां पर पोस्ट-मार्टम हो सकता है वहां भी पुलिस नहीं जा सकती है—इसका क्या मतलब है ? मैं समझता हूं इस मामले में अपोजीशन वालो का मिलवर्तन हमें चाहिए वरना फिर आप कहेंगे कि यह क्या किया, आप अन्दर घुस गए । इसलिए यह कोई छोटी बात नहीं है, बहुत बड़ी बात है । सभी धार्मिक स्थानों का आदर सत्कार होना चाहिए और अगर कोई बेअदबी करता है तो उसको रोकना भी सरकार का काम है लेकिन ऐसा कोई पाबन्दी लगाई जाए यह दुरुस्त नहीं है । जब जरूरत पड़ती है तब पुलिस बुला लेते हैं । यहां पर जब गुरुद्वारों का एलेक्शन हो रहा था तो दोंनो पार्टीज ने कहा कि पुलिस भेज दो ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : सरदार सन्तोख सिंह ने बुलाया था ।

**श्री जैल सिंह** : नहीं दूसरे ग्रुप ने भी बुलाया था । लोंगेवाला ग्रुप ने भी कहा कि पुलिस भेज दो और हमने पुलिस भेजी । तो वहां पर जब जरूरत पड़ती है तब पुलिस मंगवा लेते हैं । इसलिए आप इस मामले में हमारा साथ दीजिए और लोकमत पैदा कीजिए ।

इन शब्दों के साथ ही मैं आपसे आज्ञा लेता हूं ।

**20.15 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, December, 2 1981/Agrahayana 11, 1903 (Saka)*

MGIPRRND—22 LSS/81—Sec. VIII—27.1-82—890